संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 26 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में पंजाब विधानसभा की कार्यवाही देखते हुए। साथ में हैं हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 01 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

दिल्लीः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पेश किया 1 लाख करोड़ का बजट

महिला समृद्धि से लेकर आयुष्मान योजना का ऐलान, दिल्ली बजट में महिला समृद्धि योजना, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली का एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग संभाल रही रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के बजट की तुलना में यह 31.5 फीसदी अधिक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट पेश करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में दिल्ली का बजट 78 हजार 800 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रुपये रह गया था। हालांकि, पहली बार अगामी वित्त वर्ष के लिए दिल्ली को 1 लाख करोड़ रुपये का बजट मिला है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन को बताया कि सरकार को 68,700 करोड़ रुपये कर से प्राप्त होगा। वहीं 750 करोड़ रुपये कर के अतिरिक्त कमाई से, 15 हजार करोड़ रुपये लघु अवधि कर्ज से और 1 हजार करोड़ रुपये सड़क निधि से आएंगे। इसके अलावा 4,128 हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार की योजनाओं से आएंगे और 7,341 करोड़ रुपये केंद्र सरकार से मदद के रूप में लिए जाएंगे। रेखा गुप्ता ने बजट पेश करते हुए मातृत्व वंदन परियोजना के लिए 210 करोड़ रुपये का प्रावधान करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त 21 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाने की घोषणा की।

आयुष्मान योजना के लिए बजट में 2144 करोड़ रुपये का प्रावधान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में दिल्ली की जनता के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के इंश्योरेंस कवर का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 5 लाख रुपये के कवर के साथ दिल्ली सरकार लोगों को 5 लाख रुपये का टॉप-अप देगी। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए 2144 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

दिल्ली बजट में महिला समृद्धि योजना

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के बजट में महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। महिला समृद्धि योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे।

दिल्ली के बुनियादी ढांचों पर होगा काम

रेखा गुप्ता ने दिल्ली की सड़कों को सुधारने, विकास को रफ्तार देने, बुनियादी ढांचों को सुधारने के लिए बजट में 28 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 हजार करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से दिल्ली में सड़क, पुल, जल निकासी, ट्रांसपोर्ट और अन्य सार्वजनिक सेवाओं में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट दिल्ली को एक स्मार्ट और आधुनिक शहर में बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हर घर साफ पानी और सीवर सिस्टम अपग्रेडमुख्यमंत्री ने हर घर साफ पानी और सीवर सिस्टम के अपग्रेड की बात कही। जल आपूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए 9 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इससे नई जल पाइपलाइन बिछाई जाएंगी, सीवर लाइनों का विस्तार होगा और हर नागरिक को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी। अटल कैंटीन से जरुरतमंदों को सस्ता और पौष्टिक भोजनमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 100 करोड़ के बजट से 100 झुग्गी झोपड़ी कॉलोनियों में अटल कैंटीन की स्थापना कर जरुरतमंदों को सस्ता और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 100 अटल कैंटीन खोली जाएंगी, जहां कम कीमत पर पौष्टिक भोजन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूरे 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में अपना पहला बजट पेश किया। रेखा गुप्ता ने दिल्ली के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए दिल्ली में एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है।

टीबी मुक्त भारत के लिए देश तैयारः प्रधानमंत्री

तैयार किया एक मजबूत आधार, टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रहीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अभियान

8 भारत टीबी के खिलाफ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहाः जेपी नड्डा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का एक लेख साझा करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा, टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, इसे अवश्य पढ़ें। नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा कि इस विश्व क्षय रोग दिवस पर मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूं कि भारत टीबी के खिलाफ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है।

जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दियाः शाह

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो संगठनों जेके पीपुल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट के अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं।

एक राष्ट्र-एक चुनाव संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः लोकसभा ने मंगलवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव से जुड़ी संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल मानसून सत्र तक के लिए बढ़ा दिया है। समिति को इस संबंध में लोकसभा में पेश दो विधेयक विचार के लिए भेजे गए हैं।

समिति के विचार हेतु भेजे गए दो विधेयक इस प्रकार हैं :129वां संविधान संशोधन विधेयक 2024: यह विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में संशोधन करने का प्रस्ताव करता है। केंद्र शासित प्रदेश संशोधन विधेयक

प्रस्ताव

8 समिति को इस संबंध में लोकसभा में पेश दो विधेयक विचार के लिए भेजे गए हैं

2024: यह विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रावधान करता है । संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने लोकसभा में आज इस संबंध में प्रस्ताव पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

नए आयकर विधेयक पर संसद के मानसून सत्र में होगी चर्चाः वित्त मंत्री

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि नए आयकर विधेयक, 2025 पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा की जाएगी। लोकसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि विधेयक में औद्योगिक वस्तुओं के लिए 7 सीमा शुल्क दरों को हटाने का प्रस्ताव है।

संविधान संशोधन की समीक्षा का कोई प्रावधान नहीं

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संविधान संशोधन की समीक्षा या अपील का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। यह संसद की संप्रभुता, सर्वोच्चता और प्रासंगिकता से जुड़ा हुआ है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही धनखड़ ने न्यायपालिका से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सदन के नेताओं के साथ बैठक का आह्वान किया। उन्होंने इस मुद्दे पर शाम साढ़े 04 बजे बैठक बुलाई है। सभापति धनखड़ ने कहा कि इस सदन ने गरिमा को ध्यान में रखते हुए 2015 में सर्वसम्मति से एक कानूनी प्रणाली बनाई, जिसे राज्य विधानसभाओं ने समर्थन दिया। इसे राष्ट्रपति ने अनुच्छेद-111 के तहत अपने हस्ताक्षर करके मान्यता दी। अब हम सभी के लिए इसे दोहराने का उपयुक्त अवसर है। संविधान में संशोधन की समीक्षा या अपील का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। अगर संसद या राज्य विधानसभाओं द्वारा कोई कानून बनाया जाता है तो न्यायिक समीक्षा हो सकती है फिर चाहे वह संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हो या नहीं। मुख्य न्यायाधीश ने सब कुछ सार्वजनिक करने की पहल की, लेकिन फिर विपक्ष के नेता की ओर से एक सुझाव आया और सदन के नेता ने इस पर सहमति जताई कि इस मुद्दे पर सदन के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।

समीक्षा

8 अगर संसद या राज्य विधानसभाओं द्वारा कोई कानून बनाया जाता है तो न्यायिक समीक्षा हो सकती है

सुप्रीम कोर्ट पुलिस सुधार को लेकर मई में करेगा सुनवाई

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट पुलिस सुधार को लेकर 2006 के आदेश को लागू करने के लिए दायर याचिका पर मई में सुनवाई करेगा। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण और दुष्यंत दवे ने चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। उसके बाद कोर्ट ने झारखंड सरकार के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया। प्रशांत भूषण ने कहा कि राज्य सरकारों में पुलिस प्रमुखों की नियुक्ति में जबरदस्त भ्रष्टाचार है।

याचिका

8 चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं

जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी जांच टीम

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित आवास पर मंगलवार दोपहर उखककी गठित 3 सदस्यीय टीम (इन हाउस पैनल) जांच के लिए पहुंची। टीम उस स्टोर रूम में गई जहां 500-500 के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी। जांच टीम में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। इससे पहले 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके पैरेंट कोर्ट (इलाहाबाद हाईकोर्ट) वापस ट्रांसफर करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया था। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया कि 20 और 24 मार्च 2025 को हुई बैठकों में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की है।

जांच जारी

8 कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की है

बोफोर्स घोटालेः राहुल-सोनिया को इस्तीफा देना चाहिएः बीजेपी

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान हुआ बोफोर्स घोटाला एक बार फिर सुर्खियों में है। बोफोर्स केस के बारे में चित्रा सुब्रमण्मय की किताब में कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा कि राहुल और सोनिया गांधी को तब तक अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, जब तक वे ओटावियो क्वात्रोची नाम के व्यापारी और उसके परिवार के साथ अपने संबंधों का खुलासा नहीं करते। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार, दलाली, कमीशनखोरी अब जगजाहिर है। एक लेखक चित्रा सुब्रमण्यम की किताब आई है और उस किताब में जो तथ्य सामने आए हैं वे बेहद चिंताजनक हैं। वे उजागर करते हैं कि चाहे वो राजीव गांधी हों या सोनिया, ये लोग दलाली से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि राजीव और सोनिया के दामन पर बोफोर्स की दलाली ऐसा दाग है, जो कभी मिटेगा नहीं। भाटिया ने किताब का हवाला देते हुए कहा कि जो तथ्य सामने आए हैं उस पर भाजपा कुछ सवाल उठाना चाहती है। ओटावियो क्वात्रोची ने बोफोर्स घोटाले में केंद्रीय भूमिका निभाई थी। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सोनिया गांधी के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे और खुलेआम दावा किया कि वे कंपनियों के लिए सरकारी अनुबंध हासिल कर सकते हैं।

निशाना साधा

8 बोफोर्स केस के बारे में चित्रा सुब्रमण्मय की किताब में कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए

महाशक्ति हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास के पथ पर अग्रसरः केंद्रीय अल्पसंख्यक राज्य मंत्री

देश के अल्पसंख्यक अन्य देशों की तुलना में सुरक्षित : जार्ज कुरियन

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः केंद्रीय अल्पसंख्यक राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियर ने मंगलवार को कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक रूप से लगातार अपनी मजबूती दर्ज कर रहा है और आर्थिक महाशक्ति बनने के अपने लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। हमारे देश का अल्पसंख्यक समाज देश के विकास में पूरी तरह से अपनी भागीदारी निभा रहा है। राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियर आज राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राज्यों के अल्पसंख्यक आयोगों के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के अल्पसंख्यक पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में हिंदू और इसाई अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मामला सभी के सामने है। चीन, म्यांमार और श्रीलंका में मुस्लिम अल्पसंख्यकों का मामला बराबर सामने आता रहता है। हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू और बौद्ध अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अत्याचार के मामले सामने आ रहे हैं। वहां पर हाल के दिनों में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ जो कुछ भी घटित हुआ है, वह किसी से ढका छिपा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में बहुसंख्यक समाज के लिए जो भी योजनाएं सरकार की तरफ से लागू की गई हैं, उसका पूरा-पूरा लाभ अल्पसंख्यक समाज के लोग भी उठा रहे हैं। चाहे वह मुद्रा लोन का मामला हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, उज्जवला योजना हो या भारत सरकार की अन्य स्कीमें हों, सभी का लाभ अल्पसंख्यक समाज के लोगों को मिल रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह से उठा रहा है।

देश में सुरक्षित

8 हमारे देश का अल्पसंख्यक समाज देश के विकास में पूरी तरह से अपनी भागीदारी निभा रहा

एसएंडपी ने 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी अनुमान को घटाया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को वैश्विक अस्थिरता के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इससे पहले 6.7 फीसदी विकास दर रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए जारी अपने ताजा तिमाही अपडेट में कहा है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर अमेरिका के बढ़ते शुल्क तथा वैश्वीकरण पर पड़ने वाले दबाव का असर पड़ेगा।

सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दायर अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले में एनआईए ने इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सांसद होने की वजह से उन्हें जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हाई कोर्ट ने 12 मार्च को इंजीनियर रशीद की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया था। इंजीनियर रशीद की ओ से पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा था कि इंजीनियर रशीद ने इसके पहले भी संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने केवल दो दिन संसद के सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। हरिहरन ने कहा था कि संसद का सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। इंजीनियर रशीद बारामूला से सांसद हैं और बारामूला की आबादी जम्मू-कश्मीर की कुल आबादी का 45 फीसदी है। इतनी बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व खाली नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने मांग की थी कि इंजीनियर रशीद को कस्टडी पैरोल पर रिहा किया जाए। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से पेश वकील अक्षय मलिक ने कहा था कि इसके पहले हाई कोर्ट ने जो कस्टडी पैरोल दी थी, उस समय इस मामले की सुनवाई के लिए कोई कोर्ट नियत नहीं थी। अब इस मामले में स्पेशल कोर्ट नियत कर दी गई है। ट्रायल कोर्ट ने इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा हुआ है और 19 मार्च को फैसला सुनाया जाना है। याचिका में कहा गया है कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल को खत्म होगा। रशीद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की थी।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ट मंडल अभियंता / समन्व्य, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती है

कार्य का नाम	दिल्ली मंडल के विभिन्न स्थानों पर बीसीएम के कार्यकरण और संबद्ध कार्यों के संबंध में पूर्व और पश्चात ध्यान कार्य।		
अनुमानित लागत	रु. 15,66,78,276.20	धरोहर राशि	रु. 9,33,400
समापन अवधि	12 माह	निविदा खुलने की तिथि	15.04.2025

सुचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 15.04.2025 15.00 बजे तक ही भरी जायगी।

पत्र सं.– 128–ड्ब्ल्यु / वं.मं.अधि. / सं / निविदा–33–24–25–ड्ब्ल्युसी
दिनांक:– 24.03.2025 **907/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विकसित दिल्ली: बजट एक मील का पत्थर: खंडेलवाल

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक क्षेत्र से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को संतुलित, जनहितकारी और विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी है, जिसमें दिल्ली के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। विकसित दिल्ली की दिशा में यह बजट एक मील का पत्थर है। कैट के महामंत्री खंडेलवाल मंगलवार को दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये के प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह बजट दिल्ली की आर्थिक प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की रेखा गुप्ता की सरकार ने व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित बजट प्रस्तुत किया है। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि बजट में व्यापार और उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए नए प्रावधान किए गए हैं, जिससे दिल्ली के व्यापारियों और उद्यमियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने व्यापार एवं उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां बनाने और ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के गठन की घोषणा की है। इससे दिल्ली में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा व्यापार करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़ा आवंटन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए ठोस कदम तथा परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई परियोजनाएं दिल्ली में विकास को गति देंगी। सांसद खंडेलवाल ने यमुना की सफाई के लिए धन आवंटन करने को यमुना को साफ करने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में सही कदम बताया।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

1	**NIT-65 – कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अधिकार क्षेत्र में **1.** P.way प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद में कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, महिला छात्रावास, चेंजिंग रुम के आधुनिकीकरण के साथ पूर्ण क्षेत्र की सुंदरता। **2.** STTC-GZB में नए सिग्नलिंग यार्ड पर सीमा दीवार और प्रवेश द्वार की व्यवस्था। **3.** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के तहत GZB-SRE सेक्शन में S&T उपकरणों के लिए तीन कमरे की संरचना। **4.** प्लेटफार्म पर घाटी गटर, वर्षा जल पाइप, पहने हुए छज्जा का प्रतिस्थापन और सेवा भवन की मरम्मत, प्रशासन ब्लॉक, आरक्षण कार्यालय की छत पर उपचार, DSA में चिह्नित क्षेत्र की दीवार की स्थिति में सुधार और फिनिशिंग कार्य, बुकिंग कार्यालय का छज्जा और सन्सेट की मरम्मत, सीढ़ी के प्रवेश, छत पर उपचार कार्य, और VBB में वर्षा जल पाइप की व्यवस्था और टॉयलेट एवं यूरिनल की मरम्मत के साथ नाली का काम, यात्री आश्रय, टिकट घर में बैली गटर का प्रतिस्थापन, पुरानी छत, बाड़, रेलिंग की मरम्मत, SBB में बैलास्ट रिटेनर की व्यवस्था। प्लेटफॉर्म पर वर्षा जल पाइप, पुराना छज्जा और RCC कॉलम, बीम, बालकनी, दीवार और ब्लॉक 346 से 355 में फिनिशिंग कार्य की भारी मरम्मत, आर्य नगर कॉलोनी के 406, 407, 408, 214, 215, 216, 218 और पंजाब लेन कॉलोनी के 291, 292, T-4 में GZB के SSE/W/M/GZB के अंतर्गत ADEN/GZB आदि के कार्यक्षेत्र में मरम्मत के काम का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :.** IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये):-** IREPS पर NIT के अनुसार।
2	**निविदा खोलने की तिथि और समय :** 22.04.2025, 15:00 Hrs.
3	**वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध।

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/e Tender Notice/NIT-65-24-25-W-II दिनांक: 24.03.2025 **908/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित बदमाश गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित शिव शंकर उर्फ गेला को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि पकड़ा गया शिव शंकर काफी कुख्यात है। इसने हाल ही में एक नाबालिग को भी चाकू मारा था। जांच में पता चला है कि आरोपित दुष्कर्म, हत्या के प्रयास, ड्रग्स तस्करी समेत छह से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित बदमाश बुराड़ी इलाके में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने बुराड़ी के कमल विहार इलाके में जाल बिछाकर आरोपित को धर दबोचा।

डॉलर के मुकाबले फिसला रुपया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: मुद्रा बाजार में लगातार नौ दिन तक तेजी दिखाने के बाद भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 11 पैसे फिसल गई। डॉलर के मुकाबले रुपया आज दिनभर के कारोबार के बाद 11 पैसे की गिरावट के साथ 85.76 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 85.65 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की तेजी के साथ 85.59 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया मजबूत होकर 85.57 के स्तर तक पहुंचा, लेकिन बाद में शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण बढ़ी डॉलर की मांग के कारण रुपया गिरकर 85.84 के स्तर तक पहुंच गया। कारोबार में इसने रिकवरी करके 85.76 रुपये प्रति डॉलर तक के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अजीत मिश्रा पुत्र** ओमप्रकाश मिश्रा **2. सरला मिश्रा पत्नी** सुजीत मिश्रा **निवास** ए-44/5, ओम नगर, मीठापुर, नई दिल्ली, दोनो का पता एक ही है ने **FIR. No. 416/13** दिनांक **4/11/13 U/s 341/323/324/34 IPC थाना: जैतपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उनहोने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अजीत मिश्रा 2. सरला मिश्रा** मिल नही रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अजीत मिश्रा 2. सरला मिश्रा** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 416/13 दिनांक 4/11/13 U/s 341/323/324/34 IPC थाना: जैतपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. अजीत मिश्रा 2. सरला मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वे (दोनो) इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार छवी बंसल
एलडी. जेएमएफसी-II, कमरा नं. 09
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/3734/SE/2025/
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोहन कुमार उर्फ सोनू तोमर पुत्र वीर सिंह तोमर निवासी ओ-320, गली नंबर 01, फेस-04, शिव विहार, करावल नगर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **592/18, अन्तर्गत धारा 323/341/506/34 आईपीसी, थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोहन कुमार उर्फ सोनू तोमर** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोहन कुमार उर्फ सोनू तोमर** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **592/18, अन्तर्गत धारा 323/341/506/34 आईपीसी, थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोहन कुमार उर्फ सोनू तोमर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-04
कमरा नं. 64, चौथी मंजिल, उ.पू. जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/3704/NE/2025
(Court Matter)

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र

संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 89 / 2024–2025 दिनांक 13.01.2025
ii) निविदा संख्या 15245170 26.05.2025 को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, वाणिज्यिक अनुपालन को संशोधित किया गया है।
2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 26.03.2025 से बढ़ाकर 26.05.2025 कर दी गई है।
3. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड को संशोधित किया गया है।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।
927/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **रिज़वान उर्फ अन्नू, पुत्रः हबीब, निवासीः ई–1 / 497, नंद नगरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.77/2020 U/S 498-A/406/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना नंद नगरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **रिज़वान उर्फ अन्नू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **रिज़वान उर्फ अन्नू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.77/2020 U/S 498-A/406/34 IPC, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के आरोपी उक्त **रिज़वान उर्फ अन्नू** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार
सुश्री निधि बाला
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
महिला न्यायालय–03, कमरा नं.08,
द्वितीय तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/3651/NE/2025
(अदालती मामला)

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 89 / ईटी / 2024–25 दिनांक: 21.03.2025

क्र.सं.	निविदा सं.	माल का विवरण	मात्रा	नियत तिथि
01	12251024	सेन्टर पीवॉट असेम्बली	1600 नग	06 / 05 / 2025
02	11251061	ब्रेकट कम्पलीट	41918 नग	11 / 04 / 2025
03	12241385	डिस्क	7220 नग	22 / 04 / 2025
04	12241488	एन्टी रोल बार फ्रॉक	10645 नग	06 / 05 / 2025

Website Address: **www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / एम&पी

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ सेफ्टी & ट्रेनिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली **निविदा सूचना सं. एमसीएफ–आरबीएल–एएमसीएफएफएस–2024–08–06, दिनांक: 21.03.2025** आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है–

कार्य का नाम: ए.एस.एस. (ए.एस.एस.–। से ए.एस.एस.–10) तथा एम.आर.एस. / एम.सी.एफ. / आर.बी.एल में CO_2 प्रकार की अग्नि शमन प्रणाली में 01 वर्ष के लिए ए.एम.सी.। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 27,09,870.00 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 3,000.00 | **अमानत राशि (₹):** 54,200.00 | **मात्रा:** कार्य के दायरे के अनुसार | **कार्य समाप्ति की अवधि:** 12 माह।

- **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय– दिनांक 16.04.2025 को 15:00 बजे ।**
- निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर / सेफ्टी & ट्रेनिंग

ई–निविदा सूचना सं० 27 / 2024–25 (खुली) / उमुई । / एमसीएफ / आरबीएल
उप मुख्य इंजीनियर–। / आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है।
क्रम सं.:1। कार्य का नाम: आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज, रायबरेली के कारखाना परिसर के विभिन्न शॉपों के ई. ओ.टी. क्रेन ट्रैक का 02 वर्षों के लिए वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। **निविदा सं०:** 29 / 2024–25 | **अनुमानित लागत रू०:**19,06,376.40 | **निविदा खुलने की तिथि:** 28.04.2025 | **कार्य समापन की अवधि:** 24 माह।

- निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा।
- आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov-in** पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर–।

ई–नीलामी नोटिस
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली लालगंज में स्क्रैप सामग्री विभिन्न आकार एवं साइज के **(स्क्रैप ऑफ ईएन स्टील, स्क्रैप ऑफ कार्टेन स्टील, स्क्रैप ऑफ ऑस्टिनेटिक स्टील, स्क्रैप ऑफ फैरेटिक स्टील, स्केल्टन ऑफ डिफरेंट शेप एंड साइज, टर्निंग बोरिंग स्क्रैप ऑफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट एवं मिसलेनियस अदर फेरस एवं नॉन फेरस स्क्रैप, लो वैल्यू स्क्रैप और, मिक्सड वेस्ट स्क्रैप आदि)** की ई–नीलामी नीचे दिये गये शैड्यूल के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के द्वारा दोपहर 11:00 बजे पर की जायेगी।
ई–नीलामी की तिथि: अप्रैल 2025 से मई 2025 तक।

माह	अप्रैल	मई
दिनांक	09,16,23 और 30	07,14, 21 और 28

इच्छुक खरीदार स्क्रैप मैटेरियल का निरीक्षण कार्य अवधि में कर सकते है। खरीदार को ई–नीलामी में भागीदारी के लिये IREPS e-auction module पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उपरोक्त मद के लिये रजिस्ट्रेशन, अग्रिम धन का भुगतान एवं ई–नीलामी में भागीदारी से संबन्धित और अधिक जानकारी के लिये उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक / शैल डिपो / आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज 229120 से संपर्क किया जा सकता है।

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक / डिपो / शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किप्रे, पुत्र जिमारिन निवासी कुतुबवास आबिदजान आइवरी, अफ्रीका, दूसरा पता चंदर विहार, नांगलोई, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 899/2021 धारा 14 फॉरेनर एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **किप्रे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **किप्रे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 899/2021 धारा 14 फॉरेनर एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किप्रे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डाधिकारी–05 (उत्तर) कोर्ट कमरा नं. 114
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/3668/ON/2025

उत्तर रेलवे
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110001
Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्या: 117–एस / सेल / ऑक्शन प्रोग्राम / 2025–26 **दिनांक: 21.03.2025**

नीलामी सूचना सं०–'अप्रैल–2025

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज / यूज्ड ऑयल / रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

अप्रैल–2025 की ई–नीलामी

क्र० सं०	नीलामी करने वाला डिपो / डिवीज़न		नीलामी समय	प्रथम चरण की तिथि	द्वितीय चरण की तिथि	तृतीय चरण की तिथि	चतुर्थ चरण की तिथि	पंचम चरण की तिथि
1	आलमबाग / लखनऊ	0522–2451257	10:00 पूर्वाह्न	8	12	17	22	28
2	शकुरबस्ती	011–27015387	10:00 पूर्वाह्न	8	11	16	21	26
3	जगाधरी	01732–252388	10:00 पूर्वाह्न	9	12	17	24	29
4	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / लखनऊ	0522–2234756	10:00 पूर्वाह्न	9	14	21	25	30
5	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / फिरोजपुर	01632–244154	10:00 पूर्वाह्न	8	11	16	23	30
6	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / अम्बाला	0171–2611203	10:00 पूर्वाह्न	9	14	21	25	29
7	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / मुरादाबाद	0591–2413141	10:00 पूर्वाह्न	8	11	15	21	28
8	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दिल्ली	011–23365311	10:00 पूर्वाह्न	9	15	21	25	29

नोट: नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण **www.ireps.gov.in** पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण **www.nr.railnet.gov.in** पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in देखें।

(नरेंद्र सिंह) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / एस एवं पी
910/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक्शन इंडिया
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

एक्शन इंडिया मीडिया हाउस
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

क्लासीफाइड

Change of Name

I, MANOJ SISODIA SON OF SHRI MAN SINGH SISODIA RESIDENT OF HOUSE NO-97, MUKANDPUR VILLAGE, DELHI-110042, UID NO-4837 0120 7251. That my correct name is MANOJ SISODIA SON OF SHRI MAN SINGH SISODIA and whereas in my DRIVING LICENSE my name written as MANOJ SON OF SHRI MAN SINGH. That both MANOJ SISODIA SON OF SHRI MAN SINGH SISODIA and MANOJ SON OF SHRI MAN SINGH is the name of same person. Kindly read and write my correct name as MANOJ SISODIA SON OF SHRI MAN SINGH SISODIA in replace of MANOJ SON OF SHRI MAN SINGH at above said address.

Change of Name

I, No 3165059L Naik TS Sube Singh (Retd) S/o Prithvi Singh R/o Vill- Udeshipur, PO-Panchi Jatan, Tehsil-Ganaur, District-Sonipat, Pin code-131101, State-Haryana declare that Sukuntla Devi is my legally wedded wife. As per army records name and DOB of my said wife has been written as Sukantla Devi and date of birth mentioned 25 May 1964. Whereas as per Aadhar Card and Pan Card her correct name is Sukuntla Devi and DOB 01 Mar 1956. Hence name and DOB be changed.

सूचना

खण्ड मुरथल, जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत धतूरी में 1 सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। गांव का कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए गांव के सरपंच के पास अपना आवेदन दिनांक 30.3.2025 तक जमा करवा सकते है। आवेदकों की जांच व साक्षात्कार दिनांक 01.04.2025 को जरनल चौपाल धतूरी में किया जाऐगा।

सरपंच
श्री किरण त्यागी,
ग्राम पंचायत धतूरी
खण्ड-मुरथल।

बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

दिल्ली में पहली बार 1 लाख करोड़ का बजट

यमुना के लिए 500 करोड़; दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। , सीएम बोलीं- आप ने शीशमहल बनाए, हम गरीबों के घर बनाएंगे

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीवेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। साथ ही दिल्ली सरकार भी इसमें अपनी ओर से 5 लाख रुपए जोड़ रही है। यानी आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त मिलेगा। रेखा गुप्ता ने कहा- आप ने अपना शीश महल बनवाया, हम गरीबों के घर बनाएंगे। आपने लाखों रुपए के टॉयलेट बनवाए, हम झुग्गी वालों के लिए शौचालय बनवाएंगे। उन्होंने कहा- केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी। वे चाहते थे कि योजना में उनका भी नाम चलाया जाए, ताकि उनका प्रचार हो। उनकी जिद की वजह से दिल्ली वासियों को सालों तक योजना का लाभ नहीं मिला। रेखा गुप्ता ने मातृत्व वंदन परियोजना के लिए 210 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे।

दिल्ली में 100 जगहों पर अटल कैंटीन खुलेंगी

दिल्ली विधानसभा में बजट पेश करने के दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने पीएम आवास योजना का लाभ नहीं लेने दिया। हमारी सरकार में अब लाभ मिलेगा। 20 करोड़ रुपये का आवंटिन किया है। विधायक फंड पूरा मिलेगा। कोई कटौती नहीं होगी। भोजन कागजों पर था। लेकिन हम देंगे। दिल्ली में 100 करोड़ रुपये से 100 जगहों पर अटल कैंटीन खोली जाएंगी। अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी के मौके पर कैंटीन दिल्ली में खोली जाएंगी।

पर्यावरण और प्रदूषण पर ज्यादा जोर

सरकार ने बजट में दिल्ली के पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर सतर्क दिख रही है। मुख्यमंत्री ने 506 करोड़ रुपए की मदद पर्यावरण को सुधारने के लिए आवंटित किए हैं तो वहीं दूसरी तरफ 300 करोड़ रुपये प्रदूषण से निजात के लिए आवंटित किए। बजट में बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण पर जोर रहा है। एयर क्वालिटी को सुधारने के लिए प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम और ग्रीन कवर बढ़ाने पर जोर दिया गया है। आगे कहा कि हमारी सरकार दिल्ली में क्लाइमेट चेंज एयर क्वालिटी पर काम करेगी।

10,000 से ज्यादा सुझाव मिले: सीएम गुप्ता

सीएम गुप्ता ने बजट के दौरान कहा कि इस बार के बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस रहेगा। ये दिन दिल्ली के लिए ऐतिहासिक है। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश के साथ आई है और उसी के आधार पर काम करेगी। पीएम मोदी ने दिल्लीवालों से साफ यमुना का वादा किया है। वो हम पूरा करेंगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बजट के लिए जनता से सुझाव मांगे थे, जिसमें ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए 10,000 से

पिछले 10 सालों में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर कोई काम नहीं हुआ

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बीते 10 सालों में विकास के हर पैमाने पर दिल्ली पिछड़ी है। चाहे वो यमुना की सफाई हो या स्वास्थ्य सुविधाओं और वायु प्रदूषण का मुद्दा हो, पिछली सरकार ने कोई काम नहीं किया। पिछली सरकार की नीतियों की वजह से जनता त्रस्त रही थी। पिछली सरकार विकास के हर पहलू पर फेल रही थी। दिल्ली में यमुना गंदी थी, सड़कें क्षतिग्रस्त थीं, वायु प्रदूषण बहुत अधिक था। जिससे लोगों को कई परेशानियां हुईं। दिल्ली जल बोर्ड, डीटीसी घाटे में थे। गंदा पानी और ओवरफ्लो सीवर से लोग परेशान थे।

दिल्ली बजट में सीएम रेखा गुप्ता ने किए बड़े एलान

= दिल्ली बजट में महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ आवंटित।
= 500 करोड़ रुपये से सीवेज सिस्टम को सुधारा जाएगा।
= दिल्ली में 100 जगह अटल कैंटीन खुलेंगी, इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
= दिल्ली के लोगों को अब 10 लाख रुपये का बीमा मिलेगा (अब जन आरोग्य योजना में 5 लाख का अतिरिक्त बीमा सहित)।
= महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे।
= 210 करोड़ रुपये गर्भवती महिलाओं के लिए आवंटित किए गए हैं।
= झुग्गी-झोपड़ियों के लिए 696 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
= देश की राजधानी दिल्ली में 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगेंगे।
= जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था के लिए 9000 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।
= 20 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवंटित किए गए हैं।
= 50 करोड़ रुपये का फंड जलापूर्ति के लिए रखा गया है।
= यमुना की साफ-सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
= 150 करोड़ रुपये का आंवटन पानी की बबार्दी बंद करने के लिए किया गया है।
= 506 करोड़ रुपये पर्यावरण में सुधारने के लिए आवंटित किए गए हैं।
= 300 करोड़ रुपये प्रदूषण से निजात के लिए रखे गए हैं।
= ओवर हेड वायर को शिफ्ट करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट है।
= पार्क को गोद लेने के लिए 20 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।
= टउऊ को 6897 करोड़ रुपये दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो और भी दिए जाएंगे।
= फायर फाइटर और दमकल को बेहतर बनाने के लिए 100 जगहों पर छोटी फायर फाइटर होगी। इसके लिए 110 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। मुख्यालय के लिए अलग से काम होगा।

सीएम रेखा के विपक्ष पर 5 बयान
दिल्ली को लंदन बनाने के वादे पर: एक समय दिल्ली के मालिक (केजरीवाल) ने दिल्ली वासियों को सपना दिखाया था कि वो दिल्ली को लंदन बना देंगे। लेकिन टूटी सड़कें, ट्रैफिक जाम, अधूरे प्रोजेक्ट ने इस महानगर को एक अराजक राजधानी बना दिया।
आयुष्मान योजना को लागू नहीं करने पर: केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी। वे चाहते थे कि योजना में उनका भी नाम चलाया जाए, ताकि उनका प्रचार हो। उनकी जिद की वजह से दिल्ली वासियों को सालों तक योजना का लाभ नहीं मिला।
पीएम और एलजी से विवाद पर: आप और हम में बहुत फर्क है। आप केवल वादा करते थे और हम वादा निभाते हैं। आप पीएम और एलजी को गालियां देते थे, हम मिलकर काम करेंगे।
शीश महल विवाद पर: आप ने अपना शीश महल बनवाया, हम गरीबों के घर बनाएंगे। आपने लाखों रुपए के टॉयलेट बनवाए, हम झुग्गी वालों के लिए शौचालय बनवाएंगे।

नई दिल्ली बार एसोसिएशन के चुनाव को चुनौती, निर्वाचन अधिकारी को नोटिस

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस कोर्ट के नई दिल्ली बार एसोसिएशन के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी दस्तावेज और फुटेज संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील केके शर्मा और विवेक गुप्ता ने कहा कि पटियाला हाउस कोर्ट में बार एसोसिएशन का चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि मतगणना के

दौरान कुछ खास उम्मीदवारों के समर्थक मतदान स्थल में घुस गए। उनके पास वैध प्रोक्सिमिटी कार्ड भी नहीं था। उन लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, जिससे करीब डेढ़ घंटे चुनाव बाधित रहा। इस दौरान प्रोक्सिमिटी कार्ड के स्कैन करने का काम रुका रहा और मतदाताओं को वेरिफाई किए बिना ही मतदान भी चलता रहा। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि बिना वेरिफिकेशन के ही मतदान करने दिया गया। स्कैन किए गए कार्ड 1850 थे, जबकि 2034 मत पड़े थे। चुनाव परिणाम की घोषणा 23 मार्च को की गई, जबकि उस पर 22 मार्च की तिथि अंकित थी। सुनवाई के दौरान निर्वाचन अधिकारी की ओर से कहा गया कि मतदान के पहले सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। प्रोक्सिमिटी कार्ड का भी वेरिफिकेशन किया गया था। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में परेशानी होने की वजह से फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया।

दिल्ली पुलिस में कई अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: गृह मंत्रालय ने दिल्ली में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंगलवार को दिल्ली सरकार के बजट वाले दिन ही ताबड़तोड़ 28 पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। तबादले में आईपीएस व दानिक्स अधिकारी भी हैं। कुछ अधिकारियों की पदोन्नति भी हुई है। गृह मंत्रालय के उप सचिव कुलविंदर सिंह ने स्थानांतरण सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होगा। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है उसमें 2001 बैच के आईपीएस बी शंकर जायसवाल, आईपीएस

तबादले

8 दिल्ली सरकार के बजट वाले दिन ही ताबड़तोड़ 28 पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए

परमादित्य, विक्रमजीत सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, नुपूर प्रसाद के साथ ही 2008 बैच के आईएएस शरत कुमार सिन्हा भी हैं। जानकारी के अनुसार आईपीएस बी शंकर जायसवाल को सेंट्रल रेंज का जॉइंट सीपी बनाया गया है। आईपीएस परमादित्य सेंट्रल रेंज से स्पेशल ब्रांच में जॉइंट सीपी होंगे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बजट पेश करने से पूर्व मीडिया से मुखातिब होती हुई।

बदमाश को किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के प्रयास, ड्रग्स तस्करी और डकैती के मामले में वांछित बदमाश सौरव उर्फ गुल्लन को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला आरोपित ने चौथी कक्षा तक पढ़ाई की है और वह शादीशुदा है और उसका एक बच्चा है। आरोपित 15 से अधिक मामलों में शामिल रहा है क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि क्राइम ब्रांच ने वांछित बदमाशों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम मेंपुलिस टीम को पता चला कि हत्या के प्रयास, डकैती और ड्रग्स तस्करी में वांछित बदमाश हरियाणा में छुपा हुआ है।

ईद से पहले राजधानी में शुरू हुआ भाजपा का 'सौगात-ए-मोदी'

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: देश के मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की सौगात देने के मकसद से भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभियान सौगात-ए-मोदी मंगलवार को राजधानी दिल्ली में शुरू किया गया। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने गालिब अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री और मोर्चा के प्रभारी दुष्यंत गौतम के साथ मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कई लोगों को "सौगात-ए-मोदी" के तहत निजामुद्दीन क्षेत्र में उपहार बांटे। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 32 लाख गरीब मुस्लिम परिवार बिना किसी कठिनाई के त्योहार मना सकें। इस अभियान के तहत 32,000 अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता जरूरतमंदों तक पहुंचने के लिए देशभर की 32,000 मस्जिदों के साथ सहयोग करेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि रमजान के पवित्र महीने और ईद, गुड फ्राइडे, ईस्टर, नौरोज और भारतीय नववर्ष जैसे आगामी अवसरों के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा "सौगात-ए-मोदी" अभियान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचेगा। जिला स्तर पर ईद मिलन समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। सौगात-ए-मोदी' ईद किट पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी का विकास एजेंडा कभी भी वोटों के लिए नहीं रहा है।

उन्नाव रेप पीड़िता को मिली सुरक्षा वापस नहीं होगी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता को मिली सीआरपीएफ की सुरक्षा वापस लेने की केंद्र की मांग को खारिज कर दी है। इसके साथ ही जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने रेप पीड़िता के परिवार के सदस्यों को मिली सुरक्षा वापस लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस मामले के गवाहों को मिली सीआरपीएफ सुरक्षा भी हटाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सजा मिल चुकी है, ऐसे में गवाहों की सुरक्षा का कोई मतलब नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने ये साफ किया कि अगर रेप पीड़िता के परिवार के सदस्यों और गवाहों को अगर ये लगता है कि उन्हें कोई खतरा है तो वे स्थानीय पुलिस के पास जा सकते हैं। दरअसल, इस सनसनीखेज दुष्कर्म मामले और पीड़िता तथा अन्य की जान को खतरा होने पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 01 अगस्त, 2019 को रेप पीड़िता, उसकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों और उनके वकील को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकील ने कहा था कि पीड़िता और उसके

याचिका खारिज

8 उन्नाव रेप पीड़िता को मिली सीआरपीएफ की सुरक्षा वापस लेने की केंद्र की मांग को खारिज कर दी

परिवार के सदस्यों पर खतरे के आकलन के अनुसार सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। रेप पीड़िता के पिता की न्यायिक हिरासत में 9 अप्रैल, 2018 को मौत हो गई थी। रेप पीड़िता ने जब 4 जून 2017 को कुलदीप सेंगर पर रेप का आरोप लगाया था, तो उसके बाद कुलदीप सिंह सेंगर के भाई अतुल सिंह और उसके साथियों ने पीड़िता के पिता को बुरी तरह पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया था। रेप पीड़िता के पिता की जेल में शिफ्ट करने के कुछ ही घंटों बाद जिला अस्पताल में मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट का डीपफेक पर कड़ा रुख, जांच रिपोर्ट तीन महीने में पेश के निर्देश

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को डीपफेक के मुद्दे की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए गठित पैनल को तीन माह का समय दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने समिति को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे की जांच करते समय याचिकाकर्ताओं के सुझावों पर भी विचार करे।

21 जुलाई को होगी डीपफेक मामले पर सुनवाई
पीठ ने कहा कि अगली तारीख तक हम उम्मीद करते हैं कि समिति विचार-विमर्श पूरा कर लेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मामले की सुनवाई 21 जुलाई को होगी। अदालत देश में डीपफेक तकनीक के गैर-नियमन और इसके संभावित दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। डीपफेक तकनीक वीडियो, ऑडियो रिकॉर्डिंग और छवियों के निर्माण की सुविधा प्रदान करती है जो एक व्यक्ति को दूसरे पर लगाकर उनके शब्दों और कार्यों को बदलकर, इस प्रक्रिया में गलत सूचना फैलाकर दर्शकों को हेरफेर और गुमराह कर सकती है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस मुद्दे से निपटने के लिए 20 नवंबर, 2024 को एक समिति के गठन की जानकारी दी थी। सोमवार को मंत्रालय के वकील ने एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की और कहा कि समिति ने दो बैठकें की

हैं। वकील ने कहा कि समिति को इस मुद्दे पर और विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है और एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए तीन महीने का समय मांगा। अदालत ने नवंबर 2024 में केंद्र को समिति के लिए सदस्यों को नामित करने का निर्देश दिया।

हाईकोर्ट ने यूपी के डीजीपी से मांगी रिपोर्ट
नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया है कि वे दिल्ली के एक निवासी को बिना स्थानीय पुलिस को सूचित किए गिरफ्तार करने के मामले में जांच रिपोर्ट दाखिल करें। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस

सुझाव

8 समिति को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे की जांच करते समय याचिकाकर्ताओं के सुझावों पर भी विचार करे

रजनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने यूपी पुलिस के वकील को नोटिस जारी किया। 20 मार्च को कोर्ट के आदेश में कहा गया कि यूपी पुलिस के डीजीपी को रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। यह मामला एक याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आया, जिसमें आरोप लगाया गया कि 18 फरवरी को दिल्ली के कनॉट प्लेस से यूपी पुलिस ने एक व्यक्ति को बिना दिल्ली पुलिस को सूचित किए हिरासत में लिया और उसे अज्ञात स्थान पर ले गई। इसके बाद 19 फरवरी को यूपी की एक अदालत ने याचिकाकर्ता को रिहा कर दिया। कोर्ट ने पहले कहा था कि अंतरराज्यीय गिरफ्तारी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किए बिना नहीं की जा सकती और ग्रेटर नोएडा के पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने एक वीडियो क्लिप का संज्ञान लिया, जिसमें कथित तौर पर दावा किया गया कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के आदेशों का दुरुपयोग कर रहा था। कोर्ट ने कहा कि किसी भी पक्ष को न्यायिक आदेशों का दुरुपयोग या गलत व्याख्या नहीं करनी चाहिए।

प्रदेश के लोग विकास, सुशासन के साथ: सीएम

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकायों के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरुकता बढ़ाने, स्वच्छता अभियान को गति देने सहित नशे के विरुद्ध चल रहे निर्णायक युद्ध में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मिशन मोड में कार्य करने का संकल्प ले। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित महापौरों, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। शहरी सरकार के सभी नवनिर्वाचित महापौरों, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सदस्यों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में संपन्न निकाय चुनाव में यह सिद्ध हो गया है कि प्रदेश के लोग विकास, पारदर्शिता और सुशासन चाहते हैं। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे शहरों को समृद्ध, स्वच्छ, सुरक्षित, नशा मुक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश की प्रगति के इस सफर में हरियाणा सरकार सदैव सहयोग के लिए तैयार रहेगी। नगरों को प्रदेश व देश की शान बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आने वाले लोग वहां के विकास को देखकर ही शहर की समृद्धि का आकलन करते हैं। इस दिशा में सभी नव निर्वाचित

पहले 100 दिनों में अपने संकल्पों को पूरा करने की दिशा में कार्य करे

इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनी है और निकाय चुनाव में भारी बहुमत से बीजेपी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि आज के शपथ ग्रहण के बाद नई-नई जिम्मेदारियां आपका इंतजार कर रही हैं। आपको लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरना है। जिस प्रकार प्रकार मुख्यमंत्री ने पहले 100 दिन में अपने संकल्पों पर कार्य करते हुए बहुत से वादों को पूरा किया है, उसी प्रकार छोटी सरकार द्वारा भी पहले 100 दिनों में अपने संकल्पों को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जाये। इसकी शुरूआत आज से ही की जाए ताकि जनता की भलाई के लिए किए वादों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम और जनता की छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान का जिम्मेवारी सभी जान प्रतिनिधियों की है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही नॉनस्टॉप सरकार को और गति देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का द्वारा स्वच्छता के मिशन को आगे बढ़ाते हुए इसे गति देने का दायित्व आपके कंधों पर है। इस कार्य को मिशन मोड पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वच्छता में आज इंदौर का उदाहरण दिया जाता है कल हरियाणा का नाम स्वच्छता में नंबर एक पर आए। साथ ही ऐसा निकाय बनाये जो आत्मनिर्भर हो। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, परिवहन मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सेवा मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, खेल मंत्री गौरव गौतम, कालका की विधायिका श्रीमती शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधायक ज्ञानचंद गुप्ता, मेयर कुलभूषण गोयल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधि हरियाणा प्रदेश की इस समृद्धि के प्रहरी बने हैं। उन्होंने कहा कि शहरों में सरकार के विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने का दायित्व आप सभी के कंधों पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित मेयर, प्रधान और सदस्यों के नेतृत्व में हरियाणा के शहर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया था और इन निकाय चुनाव में हमारी बेटियां का तय टारगेट से ज्यादा चुनकर आना यह दशार्ता है कि हरियाणा सरकार ने इसे गंभीरता से आगे बढ़ाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता के दिए गए मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में भी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि कैसे अपने निगम, नगर पालिका और नगर परिषद को स्वच्छ करना है और लोगों की भावनाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। सभी संकल्प ले कि उनकी नगरपालिका, नगर परिषद और नगर निगम स्वच्छता में नंबर वन बनें। उन्होंने कहा कि नशे की जानकारी साँझा करने के लिए मानस पोर्टल बनाया गया है जिसकी निगरानी स्वयं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समय-समय पर करते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि आपके वार्ड या क्षेत्र में अगर कहीं भी नशा बिकता है इसकी सूचना मानस पोर्टल पर अवश्य दें ताकि नशे के काले कारोबार में संलिप्त लोगों पर नकेल कस्ते हुए युवा पीढ़ी को इस बुराई से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार वे प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र में जनता ने आपको अपने वार्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनकर भेजा है। इसलिए छोटी सरकार के सभी प्रतिनिधि विकास कार्यों को बिना भेदभाव के धरातल पर उतारने का काम करें।
ईमानदारी और पारदर्शिता को सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश के विकास के लिए 2,0,5000 करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया गया है और उसका एक बड़ा हिस्सा सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हरियाणा के विकास पर खर्च होगा। इसलिए सभी यह सुनिश्चित करें कि बजट की एक-एक पाई जनता की भलाई और हरियाणा के विकास पर खर्च हो। बजट में शहरी स्थानीय निकायों के लिए किए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा बजट में प्रावधान किए हैं। साथ ही, शहरी स्थानीय निकायों में शक्तियों के विकेंद्रीकरण के लिए भी कई कदम प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि छठे फाइनेंस कमीशन की सिफारिश के अनुरूप पालिकाओं को विकास कार्यों के लिए मिलने वाले बजट को दोगुना करते हुए 3,114 करोड़ रुपये किया गया है।
आगामी वित्त वर्ष के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग के बजट को बढ़ाकर 5666 करोड़ रुपए किया गया है ताकि विकास कार्यों को और गति दी जा सके।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर, विकसित और आधुनिक भारत के निर्माण में हरियाणा का स्थान और योगदान महत्वपूर्ण रहने वाला है।

विकास पथ पर

- 8 सभी जनप्रतिनिधि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता और नशा मुक्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करने का ले संकल्प - मुख्यमंत्री
- 8 पंचकूला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शहरी स्थानीय निकायों के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने ली शपथ
- 8 सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधि हरियाणा प्रदेश की समृद्धि के बने प्रहरी

अभय को नेताओं ने इनेलो का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा में सत्तारूढ़ रहने के बाद मुख्य विपक्ष की भूमिका में आए पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल द्वारा स्थापित इंडियन नेशनल लोकदल ने मंगलवार को देवीलाल के पौत्र और पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया।

यहां इनेलो कार्यालय में संसदीय कार्य समिति की बैठक में विचार विमर्श के बाद चौ. अभय सिंह चौटाला को सर्व सम्मति से इनेलो का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इनेलो के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने चौधरी अभय सिंह चौटाला को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा करते हुए कहा कि हमने अपने सभी प्रदेशों के अध्यक्षों के साथ चर्चा की। जिसमें यह फैसला लिया गया कि अभय चौटाला इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। आगे संगठन विस्तार के लिए अलग अलग पदों पर जो पदाधिकारी चुने जाएंगे उसका अधिकार भी हमारी ओर से चौधरी अभय चौटाला को दिया गया है। अभय चौटाला ने कहा कि अलग अलग राज्यों के प्रदेशाध्यक्षों ने मिलकर मुझे यह जिम्मेदारी दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चौधरी देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे और चौ. ओम प्रकाश चौटाला के सपनों को पूरा करेंगे।

जिम्मेदारी

- 8 अभय सिंह ने किया पार्टी का पुनर्गठन, प्रकाश भारती राष्ट्रीय प्रधान महासचिव

साथ ही जो लोग चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के संघर्षों के साथी रहे हैं, उनके पास भी सहयोग मांगने जाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हरियाणा में जो हालात हैं उन्हें बदला जा सके प्रदेश में भाईचारा हो उसके लिए एक जन संपर्क यात्रा शुरू करेंगे और प्रदेश में एक-एक गांव में जाएंगे। प्रतिदिन 10-12 गांवों में जाकर लोगों से रूबरू होंगे। हरियाणा के वर्ष 202526 के बजट को लेकर अभय सिंह ने कहा कि हरियाणा पर 3 लाख 69 हजार करोड़ रुपए का कर्जा है। लेकिन मुख्यमंत्री झूठ कहते हैं कि प्रदेश पर 3 लाख 25 हजार करोड़ का कर्ज है। मुख्यमंत्री को तो बजट के बारे में कुछ पता नहीं। लेकिन कम से कम उन्हें अपने अधिकारियों से तो पूछना चाहिए कि ये कैसे हो गया। राज्यपाल ने विधानसभा में जब अभिभाषण पढ़ा तो उन्होंने भी इसे अधूरा छोड़ दिया। क्योंकि वे इससे ज्यादा झूठ नहीं बोल सकते थे।

बाप-बेटी पर डंडों और कुल्हाड़ी से हमला, बचाने आई बेटी को भी घसीटा

टीम एक्शन इंडिया
पलवल। जिले में एक पिता और उसकी बेटी पर हमले का मामला सामने आया है। हसनपुर थाना क्षेत्र के भवाना गांव में मंगलवार को हुई घटना में राजवीर नाम के व्यक्ति पर पंचायत से लौटते समय हमला किया गया। मामले की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित के बेटे चंद्रहास ने बताया कि आठ महीने पहले उनका कृष्ण, विक्रम, ज्वाली और नीरेंद्र से झगड़ा हुआ था। रंजिश में आरोपियों ने उनके पिता राजवीर पर हमला किया। आरोपी गुलशन, कबीर, सुमित, समीर, विशाल समेत कुल नौ लोग लाठी, डंडा, फरसा और कुल्हाड़ी लेकर रास्ते में घात लगाए बैठे थे। हमलावरों ने राजवीर को बुरी तरह पीटा और उनकी जेब से दस हजार रुपए भी छीन लिए। जब पीड़ित की बेटी करिश्मा ने पिता को बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोपी करिश्मा को घर से बाहर तक घसीटते हुए ले गए और मारपीट की। स्थानीय लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस बुलाई। घायल बाप-बेटी को पहले होडल अस्पताल ले जाया गया। जांच अधिकारी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीडित के अनुसार दी गई शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस वहीं हालत गंभीर होने पर दोनों को पलवल जिला नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हमला

- 8 भवाना गांव में मंगलवार को हुई घटना में राजवीर नाम के व्यक्ति पर पंचायत से लौटते समय हमला किया

चूरमे से बना केक काट मनाया पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने जन्म दिन

टीम एक्शन इंडिया
जींद। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को अपना 79वां जन्म दिन राजीव गांधी महाविद्यालय में उचाना में कार्यकताओं के साथ मनाया। इस दौरान पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह भी मौजूद रही। देशी घी से बने चूरमे का केक काट कर जन्म दिन मनाया। इस दौरान कॉलेज सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यकताओं के लिए सामूहिक भोजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वक्ताओं ने बीरेंद्र सिंह के राजनीति जीवन के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। अनेकों कार्यकताओं को चद्दर देकर

हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति की अवधि को वर्ष 2026 तक बढ़ाया

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में "हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति 2022-25" की सफलता तथा राज्य भर के उद्यमियों से प्राप्त जबरदस्त प्रतिक्रिया के मद्देनजर इस योजना तथा इसके बाद की योजनाओं की संचालन अवधि को एक वर्ष बढ़ाकर 18 दिसंबर, 2026 तक करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, बैठक में सरकार ने वस्त्र इकाइयों के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी योजना के तहत मामलों की संख्या पर लगी सीमा को हटाने का निर्णय लिया है। "हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति 2022-25" को तीन वर्ष की अवधि के लिए 4000 करोड़ रुपये के लक्षित निवेश तथा 20,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन के लक्ष्य के साथ अधिसूचित किया गया था। इस वस्त्र नीति का उद्देश्य आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने और कुशल और टिकाऊ उत्पादन प्रथाओं को बढ़ावा देने के माध्यम से उद्यमशीलता की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाकर कपड़ा क्षेत्र को मजबूत करना है। कपड़ा नीति भारत सरकार के 5एफ विजन - फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन के अनुरूप है। "हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति 2022-25" के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 8 प्रोत्साहन योजनाएं तैयार की गईं थी।

फैसला

- 8 नेट एसजीएसटी के बदले निवेश सब्सिडी, हरित और टिकाऊ उत्पादन योजना को बढ़ावा देना

इनमें कपड़ा इकाइयों के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी योजना, नेट एसजीएसटी के बदले निवेश सब्सिडी, हरित और टिकाऊ
उत्पादन योजना को बढ़ावा देना, कौशल प्रशिक्षण योजना, अग्नि बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के लिए सहायता, कपड़ा क्लस्टर विकास योजना और टेक्सटाइल पार्क योजना शामिल हैं।

एकमुश्त निपटान योजना में संशोधन को दी मंजूरी

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न हितधारकों से प्राप्त सुझावों के मद्देनजर हरियाणा बकाया राशि की वसूली के लिए एकमुश्त निपटान योजना 2025 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। भाजपा के संकल्प पत्र के अनुरूप संशोधित योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे करदाताओं को लाभ पहुंचाना है। इस योजना के तहत, जिस आवेदक पर किसी संबंधित अधिनियम के तहत सभी वर्षों में, 10 लाख रुपये तक का कर बकाया है, उसे एक लाख रुपये की छूट मिलेगी। उल्लेखनीय है कि छोटे व्यापारियों के बकाए का प्रतिशत काफी अधिक है, जो 10 लाख रुपये से कम है और वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। आवेदक नियत तिथि से 180 दिनों के भीतर इस योजना का विकल्प चुन सकता है। संबंधित अधिनियम की किसी भी धारा के तहत लगाए जाने वाले ब्याज के साथ-साथ जुमार्ना भी संबंधित अधिनियम के तहत उस विशेष वर्ष के लिए माफ कर दिया जाएगा, जिसके लिए आवेदक ने आवेदन किया है। इसके अलावा, योजना के तहत वसूल की जाने वाली बकाया राशि को, योजना के लिए आवेदन की तिथि तक बकाया राशि के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

योजनाओं का फायदा उठाकर लाखों कमा रहे प्रगतिशील किसान

टीम एक्शन इंडिया
नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों से सम्मानित होकर लौटे प्रगतिशील किसान योगेंद्र कुमार की मशरूम की साइट देखने उपायुक्त डॉ विवेक भारती मंगलवार को खुद गांव खायरा पहुंचे। हाल ही में करनाल के सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा में संपन्न हुए 11वें मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में मशरूम की खेती में गांव खायरा के योगेंद्र कुमार को मशरूम की खेती में राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार मिला था। इसी उपलक्ष में मंगलवार को उपायुक्त ने मशरूम की साइट पर जाकर किसान की हौसला अफजाई की। बागवानी प्रसंस्करण में प्रथम पुरस्कार के लिए बनारसी देवी को एवं सब्जी उत्पादन में जिला स्तरीय प्रथम पुरस्कार के लिए धर्मपाल को व सुरेहती जाखल के किसान बलबीर सिंह को द्वितीय पुरस्कार के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी सम्मानित किसानों को बागवानी की नई-नई तकनीकी अपनाने के लिए प्रेरित किया व बागवानी फसलों के बारे में जानकारी ली। किसान योगेंद्र ने बताया कि पहले वह पारंपरिक फसलें लगाता था उसके बाद कुछ क्षेत्र में सब्जी की कास्त बिना तकनीक के करता था इससे कम आय होती थी। बाद में उन्होंने बागवानी विभाग के संपर्क में आने उपरांत वह विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद रुझान बागवानी फसलों की तरफ बढ़ा और नवीनतम तकनीक अपनाकर बटन मशरूम की खेती करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का उन्हें बहुत फायदा मिला है। इसी का नतीजा है कि अब वह लाखों रुपए कमाता है। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे आय बढ़ने की वजह से उसका रुझान बटन मशरूम की खेती में बढ़ गया। मशरूम की खेती करने के लिए उच्च तकनीक अपनाकर मशरूम बागवानी विभाग से अनुदान पर लगाया।

खेती

- 8 बागवानी फसलों की तरफ बढ़ा और नवीनतम तकनीक अपनाकर मशरूम की खेती करना शुरू किया

थेहड़ को लेकर सांसद सैलजा ने बयान पर जताई आपत्ति

टीम एक्शन इंडिया
सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने जिला के थेहड़ को लेकर पूछे गए सवाल पर केंद्रीय पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के जवाब पर आपत्ति जताई है। सांसद सैलजा ने मंगलवार को कहा कि जब सरकार के पास कोई प्लानिंग नहीं थी और कोई बजट नहीं था तो वहां से 713 परिवारों को क्यों उजाड़ा गया। प्रदेश सरकार ने इन परिवारों को वहां से हटाते हुए हुडा सेक्टर-19 के आवासों में अस्थायी रूप से बसाते हुए आश्वासन दिया था कि उन्हें रहने के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। पिछले नौ साल से इन परिवारों को कुछ भी नहीं मिला बल्कि नौ साल से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नरक जैसा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सैलजा ने मांग की है कि जिस जगह को खाली कराया है उसे विकसित किया जाए और वहां से हटाए गए परिवारों से किए गए वायदे को पूरा किया जाए। सैलजा ने सिरसा के थेहड़ को लेकर केंद्रीय पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से कुछ जानकारी मांगी थी, जिसका जवाब केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में कार्यवाही के दौरान 23 मार्च को दिया। पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री ने जवाब में कहा कि सिरसा थेहड़ को पुरातत्व विभाग ने 1932 में सूचीबद्ध किया था जो 85.5 एकड़ भूमि में फैला हुआ है।

ईआरओ, सीईओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ जमीनी स्तर की जा रही बैठकें

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व निस्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के ईआरओ, डीईओ, सीईओ व राजनीतिक दलों अहम भूमिका होती है। इसी कड़ी में सभी स्टेक होल्डरों के साथ बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिला और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। पंकज अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसी सभी बैठकों का आयोजन पूरे देश में 31 मार्च, 2025 तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग ने 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी बाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निर्देशों के अनुरूप है।

हरियाणा के केंद्र में राजधानी बनाने की स्वाभिमान आंदोलन की मांग

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य धारा के राजनीतिक दल हालांकि राजधानी के रूप में चंडीगढ़ पर अपना अधिकार। छोड़ने के लिए तैयार नहीं है लेकिन एक संगठन स्वाभिमान आंदोलन ने हरियाणा के केंद्र स्थल पर स्वतंत्र राजधानी बनाने की मांग की है।

स्वाभिमान आंदोलन के संयोजक रणदीप लोहचब चौधरीवास ने मंगलवार को यहां पत्रकारवार्ता में यह मांग की। उन्होंने कहा कि :हरियाणा प्रदेश के अस्तित्व में आने के 58 वर्ष बाद भी हम अपनी स्वतंत्र और अलग नई राजधानी तथा अलग हाइकोर्ट से वंचित है। यह प्रदेश की तीन करोड़ जनता के स्वाभिमान को आहत करने वाला है। लोहचब ने कहा कि इस मांग को लेकर वे हरियाणा के पांच हजार गांवों में सौ से ज्यादा रैलिया करेंगे। रणदीप सिंह लोहचब ने कहा कि इस समय हरियाणा सरकार की योजना चंडीगढ़ में पंचकूला सीमा के पास नया हरियाणा विधानसभा भवन बनाने की है। आगामी 2029 में परिसीमन के बाद विधानसभा की बढ़ी हुई सीटों के लिए एक बड़ा नया हरियाणा विधानसभा भवन चंडीगढ़ में बनाया जाना यह दशार्ता है कि वर्तमान हरियाणा सरकार तथा विपक्ष की प्रदेश के बीच मे नई राजधानी तथा अलग हाइकोर्ट बनाने में कोई रुचि नही है, इनकी सोच है समय बीतने के बाद कभी नई राजधानी बने तो वह पंचकूला में ही बने।

अधिकार

- 8 हरियाणा के मुख्य धारा के राजनीतिक दल हालांकि राजधानी के रूप में चंडीगढ़ पर अपना अधिकार

उन्होंने कहा कि पंचकूला में कई विभागों के मुख्य कार्यालय पिछले दो दशकों से हैं। संकेत स्पष्ट है यदि नया विधानासभा चंडीगढ़ में बनेगा तो भविष्य में प्रदेश की राजधानी कभी हरियाणा के बीच नहीं बनेगी। यह प्रदेश की जनता तथा भावी पीढ़ियों के लिए कभी न भरने वाला घाव होगा। रणदीप लोहचब ने कहा कि चंडीगढ़ हरियाणा से अलग थलग दूरदराज कोने में पंजाब के बीच स्थित है। यहां दक्षिण पश्चिम हरियाणा से आने जाने में 800 किलोमीटर का सफर तय करते हुए पंजाब के बीच से आना जाना पड़ता है। जिससे हमारा समय और धन बर्बाद होता है। अनेक तरह की कठिनाइयां होती हैं। प्रदेश के विकास, व्यापार- कारोबार और रोजगार में कमी हो रही है। हमारा मान सम्मान स्वाभिमान मर रहा है, युवा पीढ़ी का पुरुषार्थ उत्साह घट रहा है।
वर्तमान परिस्थिति में समय की मांग है कि नया विधानसभा भवन चंडीगढ़ में न बनाकर हरियाणा प्रदेश के बीच में बनाया जाए। दिल्ली से परे, उत्तर दक्षिण से समान दूरी पर हिसार, महम, जींद भिवानी के बीच सर्वे करवाकर उपयुक्त स्थान पर बनाया जाए। यहीं पर हरियाणा प्रदेश का अलग हाईकोर्ट बनवाया जाए। इस स्थान पर एक अति आधुनिक सुविधा संपन्न वर्ल्ड क्लास का श्रेष्ठ सुंदर शहर बसाया जाए।
बहुत देरी के बाद भी वर्तमान हरियाणा सरकार के पास पिछली भूलों को सुधारने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बीच राजधानी हरियाणा के हर नागरिक को समृद्ध बना सकती है। हरियाणा की भौगोलिक स्थिति ही ऐसी है कि हरियाणा भारत का सिंगापुर बन कर दुनियां में नाम कमाएगा। जब हरियाणा के बीच में नई राजधानी बनेगी, दुनियां का अति आधुनिक सुविधा संपन्न सुंदर शहर बसेगा।

सभी के लिए आजीवन सीखने की राह दिखाने के लिए है उल्लास: अरुण कैहरबा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम के स्कूल संयोजक अरुण कुमार कैहरबा ने की और संचालन सर्वेयर नरेश मीत ने किया। अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि भारत के शिक्षा मंत्रालय के द्वारा पूरे देश में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी के लिए समाज में आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप इस कार्यक्रम को 2022

में शुरू किया गया और 2027 तक इसमें 15 वर्ष से ऊपर के उन लोगों को शामिल किया जाता है, जो कि किन्हीं कारणों से स्कूली शिक्षा हासिल नहीं कर पाए। कक्षाओं या ऑनलाइन माध्यम से उन्हें बुनियादी अक्षर ज्ञान व संख्यात्मक ज्ञान प्रदान किया जाता है ताकि वे रोजमर्रा के कामों को कुशलता के साथ कर सकें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाते हुए अपने परिवार या आस.पास के निरक्षरों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों से पढने-पढ़ाने की फीडबैक ली और 30 मार्च को होने वाली परीक्षा की सूचना दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही परीक्षा केन्द्र के बारे में सूचित किया जाएगा। स्वयंसेवी शिक्षकों को अपने नव साक्षरों को सूचित करते हुए तैयारियों को और तेज करना है। उन्होंने कहा कि उल्लास कार्यक्रम में नव साक्षरों को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। शिक्षा का उद्देश्य जीवन को सहज बनाना है। नरेश मीत ने स्वयंसेवी शिक्षकों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि खुद पढ़ते हुए अपने ही परिवार के बड़े लोगों को पढ़ाना सामाजिक जिम्मेदारी का तकाजा है। प्रशिक्षण में स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभा रहे स्कूल के विद्यार्थी मानव, रूबी, अनित पाल, साहिबा, महक, माधवी, देवांशी, चेतना, मानवी ने हिस्सा लिया।

मंत्रालय की टीम ने मुरथल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की विशेष टीम ने मुरथल हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व श्रीनगर से आए डा. मोहम्मद इब्राहिम वानी ने किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया और केंद्र के इंचार्ज चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव गर्ग के साथ ही मरीजों व स्टाफ से भी बातचीत की। टीम ने विशेष रूप से मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं, नवजात शिशु जांच सुविधा और टीकाकरण सेवाओं की स्थिति को परखा। इसके अलावा, इमरजेंसी सेवाओं, ड्रेसिंग सुविधा, फामेर्सी, लेबोरेटरी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, उपकरणों और चिकित्सकीय

व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। टीम ने मरीजों और अस्पताल स्टाफ से फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर दवाइयां और इलाज मिल रहा है, जबकि कुछ ने स्टाफ की संख्या बढ़ाने और सुविधाओं के विस्तार की जरूरत पर जोर दिया। डा. मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुरथल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आस-पास के ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जल्द ही आवश्यक सुधारों के लिए उचित कदम उठाएगी। इस अवसर पर सीएचओ सोनिया, डा. अनुपमा, एएनएम दीपक, सीमा, लैब तकनीशियन विजय व हेल्थ वर्कर दीपक मौजूद रहे।

मॉडल संस्कृति स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से करवाई जा रही है पढ़ाई: विनोद कौशिक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरूक्षेत्र: जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि सरकार की मॉडल संस्कृति स्कूलों की योजना को प्राथमिक विद्यालयों में भी लागू किया गया है, जहां हिंदी और मातृभाषा के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम से भी पढ़ाई कराई जा रही है। शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता शिक्षण के लिए हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। मौजूदा सरकार की प्राथमिकताओं में अच्छी शिक्षा प्रमुखता से रखी गई है। सभी राजकीय विद्यालयों में पानी, बिजली, शौचालय और अच्छे हवादार कमरों की उपलब्धता के बाद अब प्रमुखता से उच्च गुणवत्ता के आईसीटी उपकरणों को प्रदान किया जा रहा है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों, प्रधानाचार्यों और एसएमसी सदस्यों को सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने का आवाहन किया और इसके लिए (बदल रहे हैं सरकारी स्कूल, आओ बदलाव का हिस्सा बनें चलो सरकारी स्कूल चलें) अभियान में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष में उपायुक्त कुरुक्षेत्र के प्रयासों से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए वर्षभर एक अभियान चलाया गया, जिसकी सफलता के लिए कर्मठ और मेहनती अध्यापकों ने रविवार के दिन भी कक्षाएं आयोजित की। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रवेश पाया। ऐसा ही परिणाम इस वर्ष भी अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री महोदय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शुरू की गई नई नीति को लागू करने वाला हरियाणा पहला राज्य बना है। सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में खेल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसरों के साथ-साथ छात्रों के पोषण और स्वास्थ्य के लिए मध्याह्न भोजन, निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच आयोजित की जाती हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। सभी स्कूलों में स्मार्ट कक्षा-कक्ष स्थापित किये गए हैं, पिछले वर्ष भी विभिन्न निजी संस्थाओं से छात्रों ने सरकारी मॉडल संस्कृति स्कूलों की ओर रुख किया था। सरकार की मॉडल संस्कृति स्कूलों की योजना को प्राथमिक विद्यालयों में भी लागू किया गया है, जहां हिंदी और मातृभाषा के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम से भी पढ़ाई कराई जा रही है।

डॉ. पूनम का जन्मदिन हवन यज्ञ करके मनाया

डॉ. पूनम सूरी न केवल एक सक्रिय सामाजिक व्यक्ति हैं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त भी : शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर । जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल गन्नौर में डी.ए.वी. कालेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के निर्देशन में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आर्य समाज स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में डी.ए.वी. परिवार के मुखिया आर्य रत्न पदम श्री डॉक्टर पूनम सूरी के 78 वें जन्म दिवस पर हवन यज्ञ करके उनकी दीघार्यु ,उत्तम स्वास्थ्य और यश- कीर्ति की कामना की । विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने भी उनकी लंबी आयु

और स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी और उन्हें आशवस्त करते हुए कहा कि नए लक्ष्य और नई मंजिलें हम आत्मसात करेंगे , प्रभु की असीम कृपा से हम सदैव आगे बढ़ेंगे। आर्य समाज की टीम ने कहा कि डॉ पूनम सूरी के मार्गदर्शन में दव संस्थानों में आर्य समाज का प्रचम लहरा रहा है । प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने कहा कि डॉ. पूनम सूरी न केवल एक सक्रिय सामाजिक व्यक्ति हैं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त भी हैं। वे नागरिकों और देश को हमेशा अतुलनीय योगदान से विकसित और समृद्ध बनाने में मदद कर रहे हैं। बच्चों को समय की महत्ता बताते कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे अनमोल समय होता है। यह समय हमारे भविष्य की नींव रखता है। सदैव उच्च लक्ष्य बनाएं और उसे प्राप्त करने के लिए ईमानदारी, सत्य निष्ठा और मेहनत के साथ भरसक प्रयत्न करें।

मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र/शाहबाद मारकंडा : नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शाहबाद मारकंडा के चम्मू कलां और कुम्हार माजरा में दो स्थानों पर आयोजित शिविरों में लोगो ने दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए स्वास्थ्य शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। उन्होंने बताया कि आज शाहबाद में दोनों स्थानों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 82 लोगों को परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी गई जबकि 16 लोगों के युरिन व रक्त के टेस्ट भी किए गए। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इन शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए गाँव चम्मू कलां व कुम्हार माजरा में रमेश मरवाह पूर्व सरपंच, सरदार कुलविंदर सिंह, जितेंद्र सिंह, संत लाल, डी सी मरवाह सरपंच, हरदीप सिंह, अरमान सिंह, अजित सिंह पूर्व सरपंच, कप्तान सिंह, जसबीर सिंह और दोनों गांव के लोगों ने सहयोग किया।

राजीव जैन बने विधिवत रूप से नगर निगम

सोनीपत। नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय स्पथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने के बाद विधिवत महापौर बन गए हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मंच पर बधाई दी। राजीव जैन बुधवार को 10 बजे नगर निगम में कार्यभार ग्रहण करेंगे। मंगलवार को शपथ लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते

हुए राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहली बार राज्य स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करके ट्रिप्पल इंजन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली जनता का मान सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि वह निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर सोनीपत के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट की समीक्षा करेंगे और विकास का खाका तैयार करेंगे। राजीव जैन ने कहा कि वह

शहर विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। समाजसेवी रामनिवास पाटोदा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम एक ज्ञापन डीसी महेंद्रगढ़ को सौंपा गया, जिसमें भविष्य में क्षेत्र के लोगों को आने वाली परेशानियों से बचाने के लिए ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की मांगे उठाई गई। शहर को जोड़ने वाले सभी मार्गों को फोरलेन बनाने, एडीजे कोर्ट स्थापित करने, सैनिक स्कूल खोलने तथा महेंद्रगढ़ नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा दिए जाने सहित अन्य मांगे रखी है, ताकि महेंद्रगढ़ भी विकास के मामले में आगे बढ़ सके। ज्ञापन में संगठन से जुड़े लोगों ने बताया कि वे सरकार का ध्यान क्षेत्र की कुछ बुनियादी समस्याओं की और खींचना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले की जनता ने बीते विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पर अपना पूरा विश्वास दिखते हुए जिले की तीन विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को विजय बनाया है। मुख्यमंत्री जब भी महेंद्रगढ़ के क्षेत्र की जनता से रूबरू होने आते हैं तो जनता उनका उत्साह के साथ स्वागत करती है। क्षेत्र

के लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस क्षेत्र के लिए विकास कार्यों का पिटारा खोलने का कार्य करेंगे ताकि बीते 11 साल के समय में विकास कार्यों में आई कमी को पूरा किया जा सके। इस मौके पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, धर्मवीर, बलवंत सिंह, अजीत, जगदीश कुमार, सुरेश कुमार, सरजीत, पोहप सिंह, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, जयप्रकाश, बलदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

यह रखी मांग

1. महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है। शहर में बढ़ते प्राइवेट यातायात साधनों से जाम का माहौल बना रहता है। शहर के चारों तरफ फोरलाइन व बाईपास बनाया जाए ताकि जाम से छुटकारा पाया जा सके।
2. महेंद्रगढ़ शहर के चारों तरफ गांव को जाने वाली सभी सड़कों को पांच किलोमीटर तक चार लेन बनाया जाए।
3. शहर में शीघ्र नई एडीजे कोर्ट खोली जाए ताकि यहां की जनता को उनके घर द्वार पर ही न्याय मिल सके।
4. जब तक मुख्यालय की मांग की कार्यवाही पूरी हो तब तक जिले के उच्च अधिकारियों को दो दिन के लिए महेंद्रगढ़ में सरकारी कार्यों के लिए बैठाया जाए ताकि आम जनता को लगे की महेंद्रगढ़ भी एक जिला है।
5. महेंद्रगढ़ शहर में बिजली विभाग का डिवीजन स्टोर खोला जाए, शहर व ग्रामीण पावर हाउस को अपग्रेड किया जाए और 40 साल पुराने तारों को बदला जाए ताकि लोगों को पूरी बिजली मिल सके।
6. महेंद्रगढ़ शहर का पुराना किला ऐतिहासिक किला है, इस किले का नवीकरण कर शीघ्र ही देश विदेश के पर्यटकों के लिए पर्यटक स्थल बनाकर चालू किया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों की आमदनी बढ़ सके।

समस्या समाधान के लिए गन्नौर में हर सोमवार लगेगा जनता दरबार: कादियान

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। जनसहयोग से विकास कार्यों में तेजी लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत वे भांवर, खुबड़ू, नयाबांस, सरढाना, आहुलाना और अटायल गांव पहुंचे। ग्रामीणों और सरपंचों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सरढाना में सरकारी स्कूल के शिक्षकों ने 5 किलोवाट का

सोलर पैनल लगवाने की मांग रखी। विधायक ने आश्वासन दिया कि यह जल्द पूरा होगा, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा मामला है। आहुलाना में बैंक शाखा खोलने की मांग उठी। गांव के मुखियाओं ने विकास कार्यों को लेकर ज्ञापन सौंपे, जिनमें व्यायामशाला, लाइब्रेरी, चौपाल, रास्ता और कम्युनिटी हॉल जैसी मांगें शामिल रहीं। विधायक ने कहा कि उनका कार्यकाल 5 साल का है। अभी कुछ ही महीने हुए हैं। एक साल में नया गन्नौर दिखने लगेगा। उन्होंने बताया कि हर सोमवार को गन्नौर स्थित कार्यालय में जनता दरबार लगेगा। पूरे दिन लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्नौर में लंबे समय से रुके विकास कार्यों को लेकर वे विधानसभा में मुद्दे उठा चुके हैं। ड्रेनेज सिस्टम, गन्नौर-गोहाना मार्ग को फोरलेन बनाना, अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का तेजी से निर्माण और अनाज मंडी को शहर से बाहर शिफ्ट करने जैसे विषय शामिल हैं। सरकार ने कुछ मामलों पर संज्ञान लिया है और जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी एशिया की सबसे बड़ी मंडी होगी। इसके शुरू होने से गन्नौर की अलग पहचान बनेगी। यहां 17 शेड तैयार हो चुके हैं। किसानों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। मंडी का आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादयान, नायब तहसीलदार गजे सिंह, सेकेट्री अनिल कुमार, सरपंच मेहर सिंह, सरपंच कृष्ण, सरपंच कर्मबीर, नरेंद्र यादव, देवेंद्र सरोहा, प्रदीप धनखड़, कविता देवी, सपना रानी, मोनिका देवी, जगबीर, दीपक, बलराज, गुरमेल और सुरेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

आपातकालिन स्थिति से निपटने के लिए किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत। सोनीपत-बहालगढ़ रोड़ पर स्थिति बीपीसीएल पेट्रोल पंप पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया गया। जिले में अगर कोई आपात स्थिति होती है तो उससे किस तरह निपटा जाएगा। इसी को लेकर यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें गैल के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों न हिस्सा लिया। गैल से जीएम अरूण कुमार ने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल

का उद्देश्य ये बताना है कि गैस से संबंधित किसी भी आपातस्थिति मे घबराएं नही बल्कि आपातकाल नम्बर 15101 पर कॉल करें। विभाग की टीम मौके पर पहुँच कर तुरूंत स्थिति को काबू करेगी। पीएनजी गैस बिल्कुल सुरक्षित है व हमारे सभी गैस के पाइपों पर आपातकाल नम्बर लिखे हुए है। इस मौके पर परियोजना अधिकारी विनित काद्यान, नागरिक सुरक्षा विभाग से गगनदीप, गैल गैस के जीएम अरूण कुमार व अन्य व्यक्ति मौजुद रहें।

न्याय श्रुति ऐप पर निरंतर कार्य जारी : डीसी उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने मंगलवार को न्याय श्रुति एप्लीकेशन को लेकर करनाल के डीसी उत्तम सिंह के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इस दौरान करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने न्याय श्रुति एप्लीकेशन को और बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त एसपी गंगाराम पूनिया ने भी इस संदर्भ में अपनी राय दी। वीसी के बाद जानकारी देते हुए डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार ने विभिन्न एप्लीकेशन लॉन्च किए हैं। जोकि ई-साक्ष्य, न्याय सेतु,

न्याय श्रुति और ई-समन ऐप हैं। हरियाणा में न्याय श्रुति एप्लीकेशन का पायलेट प्रोजेक्ट करनाल में चल रहा है। इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाहों को पेश होने, सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों को जुड? की सुविधा होती है। करनाल की 3 कोर्टए इंद्री व असंध की 1-1 कोर्ट में न्याय श्रुति के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की वीसी में न्याय श्रुति को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए गए।

क्या है न्याय श्रुति

बता दें कि न्याय श्रुति तकनीक के माध्यम से न्यायिक कार्यवाही को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से न्यायिक कार्यवाही करने से न्यायालयों में भौतिक उपस्थिति पर निर्भरता कम हो जाती है। न्यायाधीश, वकील और गवाहों सहित प्रतिभागी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दूर से सुनवाई में भाग ले सकते हैं। इससे न केवल समय की बचत होती है बल्कि सुविधा भी बढ़ती है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां न्यायालयों तक यात्रा करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। न्याय श्रुति न्यायिक प्रक्रिया में शामिल कई हितधारकों, जैसे पुलिस, जेल, अभियोजन और फोरेंसिक विभागों को जोड़ती है। यह बैकलॉग को कम करने और समय पर न्याय प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। न्याय श्रुति इलेक्ट्रॉनिक सुनवाई को बढ़ावा देने और न्यायिक संस्थाओं को एकीकृत करके, यह भारत में अधिक उत्तरदायी, सुलभ और पारदर्शी कानूनी प्रणाली की नींव रखता है। बैठक में जिला न्यायवादी डॉ. पकंज सैनी भी मौजूद रहे।

संपादकीय

भारत का पानी पर बड़ा संदेश

इसी महीने 22 मार्च को मनाए गए विश्व जल दिवस पर भारत ने पूरी दृढ़ता के साथ दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। हरियाणा के पंचकूला में 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2025' की शुरूआत करते हुए केंद्रीय जल शक्तिमंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि अगर कभी पानी को लेकर तीसरा विश्व युद्ध लड़ा गया तो भारत उसका हिस्सा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षित भविष्य का निर्माण किया जा रहा है। पाटिल की यह टिप्पणी बेहद अहम है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से तो घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने योग्य ही नहीं है। सिर्फ तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। वर्ष 2025 में पीने के पानी की मांग 1,093 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 2050 तक यह 1,447 बीसीएम हो सकती है। इस परिदृश्य के बीच जल शक्तिमंत्री की यह आश्वस्ति यह संकेत देती है कि भारत जल संकट से पार पाने के भरपूर इंतजाम कर रहा है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मानव सभ्यता में जल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए वह भावी पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य संसाधन की सुरक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई का देशवासियों से आह्वान कर चुके हैं। यह कहने में कोई परहेज नहीं है कि देशवासी उनके आह्वान को गर्व के साथ लेते हैं। वह चाहे गंगा की सफाई का आह्वान हो या स्वच्छता अभियान। साल 2014 के बाद दोनों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। इस साल जल शक्ति मंत्रालय ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन- 2025' शुरू किया है। इसमें देश के 148 जिलों को जोड़ा गया है, क्योंकि यहां जल संकट की आशंका जताई जा रही थी। "जल संचय, जन भागीदारीः जन जागरूकता की ओर" थीम वाले इस अभियान में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जल चुनौतियों के मद्देनजर जल सुरक्षा, वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण के महत्व पर जोर दिया गया है। इस आयोजन के दौरान ही वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से "जल-जंगल-जनः एक प्राकृतिक बंधन अभियान" भी शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य जंगलों, नदियों और झरनों के बीच पारिस्थितिक संबंधों को बहाल करना है। जल शक्तिमंत्री पाटिल ने कहा कि भारत के जल क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। आज पूरे देश में नागरिकों के दरवाजों तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है।

उन्होंने दोहराया कि सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक नागरिक के योगदान से ही वास्तविक अर्थ में जल सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। पाटिल ने कहा कि जहां भी बारिश हो उसे इकट्ठा कर वहीं रिचार्ज करना होगा। पंचकूला में जल शक्ति अभियान और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें शामिल हैं-वर्षा जल संचयन प्रणाली, बोरवेल रिचार्ज परियोजना, सूक्ष्म सिंचाई पहल, तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, गोबरधन परियोजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड प्रमुख हैं।

आखिर फिनलैंड की तरह हम खुश क्यों नहीं हुए ?

सुनील कुमार महला

> "रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तान का प्रदर्शन भारत से बेहतर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हैप्पीनेस इंडेक्स पर उसका स्कोर 4.657 से बढ़कर इस बार 4.768 दर्ज किया गया है, लेकिन उसकी रैंकिंग 108 से गिरकर 109 पर आ गई है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि विभिन्न देशों की प्रसन्नता पर आधारित यह रैंकिंग लोगों के जीवन मूल्यांकन के तीन वर्षों के औसत से तैयार की जाती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस 'खुश स्कोर' में भिन्नता की व्याख्या करने के लिए रिपोर्ट में प्रति व्यक्ति जीडीपी, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, सामाजिक स्थिति, जीवन जीने की आजादी, उदारता और भ्रष्टाचार जैसे छह संकेतकों को मापा जाता है, लेकिन खुशहाली रैंकिंग इन छह कारकों में से किसी पर भी आधारित नहीं होती है"

जीवन फूलों की सेज नहीं है। यहां यह पल कहीं न कहीं संघर्ष है, परेशानियां हैं,कष्ट हैं,लेकिन इन संघर्षों, परेशानियों और कष्टों में भी जो व्यक्ति हमेशा सकारात्मक सोच और ऊर्जा से जीवन को बहुत ही सहजता, धैर्य,संयम और खुशी(प्रसन्नता) से जीता है, वही तो वास्तव में असली जीवन है। वास्तव में, जीवन के हर क्षण में आनंद और संतोष का अनुभव करना ही प्रसन्नता है। महात्मा गांधी जी ने कहा है कि 'प्रसन्नता तब होती है जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, सब एक साथ हों।' यह ठीक है कि व्यक्ति जब किसी उपलब्धि विशेष, सफलता को प्राप्त कर लेता है तो उसे खुशी या प्रसन्नता का अनुभव होता है, लेकिन यदि वास्तव में देखा जाए तो किसी उपलब्धि या स्थिति विशेष तक पहुंचना ही खुशी नहीं है। दरअसल, खुशी या प्रसन्नता का भाव हमेशा अंतर्मन में निहित होता है, यह(खुशी) आंतरिक होती है, बाह्य नहीं। संपत्ति, पद और प्रतिष्ठा(नेम एंड फेम) या सफलता प्राप्त करना ही खुशी या प्रसन्नता नहीं है, यह इससे भी ऊपर थोड़ा हटकर है। खूब सारी संपत्ति हमें प्रसन्नता दे सकती है, इसी तरह से प्रतिष्ठा से भी हमें खुशी का अहसास हो सकता है, लेकिन यदि प्रसन्नता का भाव देखा जाए तो यह भौतिकता में तो कतई नहीं है। वास्तव में, यह हमारे भावनात्मक और मानसिक दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। असल में हमारे भीतर (अंतर्मन) की शांति और संतोष ही असली प्रसन्नता है।हाल ही में 'विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट' जारी की गई है। पाठकों को बताता चलूं कि 20 मार्च 2025 गुरूवार को यह रिपोर्ट जारी की गई है, जो यह बताती है कि खुशी सूचकांक में भारत का स्कोर 10 में से 4.389 पर आ गया है, जो पहले 4.054 था। निश्चित रूप से स्कोर बढ़ा है, लेकिन खुशी इतनी नहीं। मामूली सी बढ़ोत्तरी हुई है इसमें।यहां यह भी गौरतलब है कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वेलबींग रिसर्च सेंटर ने गैलप, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क के साथ साझेदारी में वर्ल्ड हैप्पीनेस डे (20 मार्च) पर वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट (डब्ल्यू एच आर) 2025 जारी की है। इस रिपोर्ट में जिन 147 देशों का विश्लेषण शामिल किया गया, उनमें भारत 118वें नंबर है। हालांकि, यह रैंकिंग अभी भी भारत को यूक्रेन, मोजाम्बिक और इराक सहित कई संघर्ष-प्रभावित देशों से पीछे रखती है। पूर्व में 143 देशों में यह 126वें स्थान पर था।

मतलब यह है कि भारतीय लोग पिछले सालों की तुलना में अब थोड़ा सा अधिक प्रसन्न रहने लगे हैं। यानी विश्व में खुश रहने के मामले में भारत की रैंकिंग में कुछ सुधार तो हुआ है, लेकिन यहां यह गौरतलब है कि हमारे पड़ोसी नेपाल (92) और पाकिस्तान (109) प्रसन्नता के मामले में हमसे आगे हैं। क्या यह आश्चर्यजनक बात नहीं है कि जो पाकिस्तान लगातार आर्थिक चुनौतियों, महंगाई, आतंकवाद और अराजकता से जूझ रहा है, वह भी प्रसन्नता के मामले में हमारे देश से आगे है ? रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तान का प्रदर्शन भारत से बेहतर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हैप्पीनेस इंडेक्स पर उसका स्कोर 4.657 से बढ़कर इस बार 4.768 दर्ज किया गया है, लेकिन उसकी रैंकिंग 108 से गिरकर 109 पर आ गई है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि विभिन्न देशों की प्रसन्नता पर आधारित यह रैंकिंग लोगों के जीवन मूल्यांकन के तीन वर्षों के औसत से तैयार की जाती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस 'खुश स्कोर' में भिन्नता की व्याख्या करने के लिए रिपोर्ट में प्रति व्यक्ति जीडीपी, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, सामाजिक स्थिति, जीवन जीने की आजादी, उदारता और भ्रष्टाचार जैसे छह संकेतकों को मापा जाता है, लेकिन खुशहाली रैंकिंग इन छह कारकों में से किसी पर भी आधारित नहीं होती है। बहरहाल, यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि प्रति व्यक्ति आय जैसे गणनात्मक पैमाने पर भारत की स्थिति पाकिस्तान से कहीं बेहतर दशार्यी गई है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत में जहां वर्ष 2023 में प्रति व्यक्ति आय जहां 2,480.8 डॉलर रही, वहीं पाकिस्तान में यह 1,365.3 डॉलर के स्तर पर ही अटक गई। यहां गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 में पाकिस्तान की स्वास्थ्य जीवन प्रत्याशा (जन्म के समय) जहां 56.9 साल थी, वहीं भारत की स्वास्थ्य जीवन प्रत्याशा 58.1 साल थी। इसके अतिरिक्त ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक, 2024 रिपोर्ट में भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान जहां 135वें नंबर रहा, वहीं भारत का स्थान इसमें 96वां था।

बहरहाल, यदि हम यहां 'विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट' में टॉपर्स की लिस्ट की बात करें तो एकबार फिर फिनलैंड (लगातार आठवीं बार) नंबर 1 पर कायम है। गौरतलब है कि फिनलैंड ने 7.74 का प्रभावशाली औसत स्कोर किया, जिससे वैश्विक स्तर पर सबसे खुशहाल राष्ट्र के रूप में अपनी पोजीशन बरकरार रखी है। जानकारों के अनुसार फिनलैंड में दिन में केवल चार घंटे सूरज निकलता है। यहां बहुत ठंड का मौसम रहता है, लेकिन कितनी बड़ी बात है इन सब विकट परिस्थितियों के बावजूद फिनलैंड के लोग दुनिया में सबसे प्रसन्न हैं।सूची में फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, नीदरलैंड,कोस्टा रीका,नार्वे , इजरायल, लक्जमबर्ग, मेक्सिको और स्वीडन का स्थान है।

वास्तव में,इन देशों ने अपनी स्ट्रांग सोशल सपोर्ट सिस्टम, हाई स्टैंडर्ड ऑफ लीविंग और वर्क-लाइफ बैलेंस के प्रति प्रतिबद्धता के कारण लगातार खुशी रिपोर्ट में टॉप रैंक को प्राप्त किया है।दिलचस्प बात यह है कि कोस्टा रिका और मैक्सिको ने शीर्ष 10 में अपनी शुरूआत की, क्रमशः 6वां और 10वां स्थान हासिल किया। वहीं पर दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका 24वें स्थान पर अपनी सबसे निचली रैंकिंग पर आ गया, वहीं पर यूनाइटेड किंगडम 23वें स्थान पर है। रिपोर्ट में चीन 68वें स्थान पर रखा गया है।पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा दक्षिण एशियाई देशों में म्याँमार (126वाँ), श्रीलंका (133वाँ), बांग्लादेश (134वाँ) का स्थान पर रखे गए हैं। वहीं पर अफगानिस्तान (147वाँ) (लगातार चौथे वर्ष) स्थान पर है। वास्तव में, अफगानिस्तान को दुनिया का सबसे दुखी देश माना गया है। देश की निम्न रैंकिंग का मुख्य कारण अफगान महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले संघर्ष हैं, जिन्होंने बताया कि उनका जीवन लगातार कठिन होता जा रहा है।अन्य देशों में क्रमशः सिएरा लियोन (146वाँ), लेबनान (145वाँ), मलावी (144वाँ) और ज़िम्बाब्वे (143वाँ) का प्रदर्शन सबसे निम्नतम रहा है। वास्तव में,अफगानिस्तान के बाद, सिएरा लियोन और लेबनान क्रमशः दूसरे और तीसरे सबसे दुखी देश हैं। इन देशों ने संघर्ष, गरीबी और सामाजिक अशांति सहित महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना किया है। पाठकों को बताता चलूं कि यह रैंकिंग लोगों के जीवन मूल्यांकन के 3-वर्षीय औसत पर आधारित है, जिसमें प्रतिक्रियादाता अपने वर्तमान जीवन को 0 से 10 के पैमाने पर रेट करते हैं। यहां यदि हम हैप्पीनेस के निर्धारक कारकों की बात करें तो इनमें क्रमशः विश्वास, सामाजिक संबंध, शेयर्ड मील और सामुदायिक दयालुता जैसे कारक शामिल हैं, जो सामान्यतः धन से भी अधिक महत्त्वपूर्ण होते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में विश्व प्रसन्नता दिवस की थीमः 'केयरिंग एंड शेयरिंग' रखी गई थी तथा 'वर्ल्ड हैप्पीनेस डे'(विश्व प्रसन्नता दिवस) की पहल सर्वप्रथम भूटान द्वारा की गई थी, जिसने 1970 के दशक से ही ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस (जीएनएच) को जीडीपी से अधिक प्राथमिकता दी है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि जुलाई 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 20 मार्च को 'वर्ल्ड हैप्पीनेस डे' के रूप में मनाने का निर्णय अंगीकृत किया गया था। बहरहाल, यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर हमारा देश प्रसन्नता के मामले में इतना पीछे क्यों है ? जबकि हमारे देश की स्थिति नेपाल और पाकिस्तान से तो हर मायने में बहुत ज्यादा बेहतर है। दरअसल, इसके पीछे कुछ कारण निहित हैं।

कविता

शौक रखता हूं सब के साथ
चलने का।

मुझे फेके गए पत्थर अपार मिले,
फक्तियाँ,ताने बन कर हार मिले।

शौक रखता हूं सब के साथ चलने का,
कही ठोकरे,कही जम कर प्यार मिले।

जीवन बिता आपा-धापी में ही यारों,
कभी मीठे बोल कहीं प्रखर प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं
प्रातःजीत मिले या दोपहर हार मिले।

खुशियों से दुशरों की खुश मिले लोग,
पर खुद से बेहद लाचार बेजार मिले।

आओ लगे यार से गले प्यार से,
शाम ये शायद न बार बार मिले।

भीग लें यादों की गुनगुनी बारिश में,
न ऐसी मदहोश निशा हर बार मिले।

संजीव

सजग रहे जीवन मे आने वाले पलों के लिए

संजीव

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊजार्वान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊजार्वान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए' मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया।

विचार

एक विदूषक से घबड़ाती राजसत्ता

राकेश अचल

क्या जमाना आ गया है कि राजसत्ता एक अदने से विदूषक से घबड़ाने लगी है। मुंबई में कुणाल कामरा नाम के एक विदूषक की पैरोडी के बाद एक वर्णसंकर सियासी दल के कार्यकताओं ने कुणाल के दफ्तर में जिस तरह से तबाही मचाई उसे देखकर लगता है कि राजसत्ता कितनी कमजोर और असहिष्णु है। कुणाल ने किसी का नाम नहीं लिया । किसी को गाली नहीं दी ,लेकिन कहते हैं न कि-' चोर की दाढ़ी में तिनका ' होता है ,सो चोरों ने कुणाल को निशाने पर ले लिये। अब महाराष्ट्र की पूरी राजसत्ता कुणाल के खिलाफ राजदंड लिए खड़ी है। कोई माने या न माने किन्तु ये कटु सत्य है कि भाजपा जब से सत्ता में आयी है तभी से देश में असहिष्णुता ,साम्प्रदायिकता,संकीर्णता और बेसब्री सीमा से ज्यादा बढ़ गयी है। भाजपा सनातन की बात करती है ,भारतीय शिक्षा और संस्कारों की बात करती है लेकिन इसके बारे में शायद जानती कुछ भी नहीं है । यदि जानती होती तो कुणाल कामरा के शो को लेकर तालिबानों की तरह उसके ऊपर टूट न पड़ती। कामरा के शो को लेकर बवाल शिव सेना [एकनाथ शिंदे]ने किया है। शिंदे के बारे में कुणाल ने जो कहा वो कटु सत्य है कि शिंदे ने न सिर्फ मूल शिव सेना से गद्दारी की बल्कि अपना सियासी बल्दियत भी बदली। बस यही वो दुखती रग थी जिसके ऊपर हाथ रखने से एकनाथ के कार्यकर्ता गुंडई पर उतर ए और उन्होंने कुणाल को सजा देने का दुस्साहस दिखा दिया। शिवसेना हो या भाजपा या कांग्रेस जब भी सत्ता में आते हैं तब उनका चरित्र लगभग एक जैसा हो जाता है। कांग्रेस चूंकि लम्बे समय तक सत्ता में रही इसलिए इसने सब्र करना भी सीखा और हास्य बोध भी पैदा किया ,अन्यथा कांग्रेस के राज में लक्ष्मण,शंकर,सुधीर तैलंग या काक जैसे मशहूर व्यंग्य चित्रकार पनप न पाते। न राग दरबारी लिखी जा सकती थी और न हरिशंकर परसाई जैसे लेखक जीवित रह पाते । परसाई जी को भी संघियों ने मारने की कोशिश की थी लेकिन वे अपनी कमर टूटने के बाद भी दशकों तक अपना काम करते रहे। शिवसेना को शायद ये पता नहीं है कि शिवसेना का ट्रीटमेंट हो या संघ का ट्रीटमेंट ,किसी विदूषक को,किसी व्यंग्यकार को किसी हास्य कलाकार को उसका काम करने से रोक नहीं सकता। भारतीय ज्ञान परमपरा की वकालत करने वाले संघी और शिवसैनिक शायद भारतीय ज्ञान परंपरा को जानते ही नहीं है। उन्हें पता ही नहीं है कि साहित्यमें ,नाटक में कितने रस होते हैं ? वे यदि ये सब जानते तो खुद अपने पुरखों की कला का सम्मान करते । शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे खुद एक व्यग्यकार यानि विदूषकों की बिरादरी से आते थे। व्यंग्य के लिए कलम हो,कूची हो या मंच हो एक सशक्त माध्यम होता है। हास्य कलाकर हिंदुस्तान में भी होते हैं और पाकिस्तान में भी इंग्लैंड में भी होते हैं और अमरीका में भी। जीवन में यदि हास्य और व्यंग्य न हो तो जीवन न सिर्फ नीरस हो बल्कि नर्क बन जाये । हास्य-व्यंग्य कलाकार या लेख जीवन को सरस बनाता है। कटु सत्य को शक्कर में पागकर आपके सामने पेश करता है और ऐसा करना दुनिया के किसी भी मुल्क में अपराध नहीं है । केवल तालिबानी संस्कृति में हसने,व्यंग्य करने पर स्थाई रोक होती है। भारत की राजनीती में हास्य बोध लगभग मर चुका है ,हमारे नेता अब व्यंग्य करने वले को,व्यंग्य लिखने वाले को अपना दुश्मन मानने लगे हैं यही वजह है कि पिछले एक दशक में कुणाल कामरा हों या कीकू सभी को धमकियों का समाना करना पड़ता है ,जेल जाना पड़ता है। लेकिन परसाई के वंशज कभी हार नहीं मानते । कुणाल ने भी हार नहीं मानी है।

उसे हार मानना भी नहीं चाहिए। भाजपाई और शिवसेना के कार्यकर्ता शायद न चार्ली चैप्लिन को जानते हैं और न हमारे यहां के बीरबल को । वे मुल्ला नसरुद्दीन को भी नहीं जानते उन्होंने मुंगेरीलाल के बारे में भी पढ़ा और सुना नहीं है। वे तो यदि कुछ सीखे हैं तो तालिबानियों से सीखे हैं / भाजपा को मुसलमानों से नफरत है तो शिवसेना को बिहारियों और गैर मराठियों से। दोनों कानून को अपने हाथ में लेने में कोई संकोच नहीं करते,खासतौर पर वहां ,जहां उनकी अपनी सरकार हो।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

मानवीय मृत्यु का अनसुल्झा रहस्य बरकार

किशन सनमुखदास

गोंदिया - कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव के रूप में सृजित हुई और जिस मानवीय कुनबे में शिशु का जन्म होता है वहां खुशियों की बहार छा जाती है ऐसा सदियों से हजारों वर्षों से होता आया है और वर्तमान काल में भी हो रहा है। इस संसार में मृत्य अटल सत्य है जिसने भी जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन लोगों के मन हमेशा एक सवाल उठता है कि आखिर मौत के बाद क्या होता है। अगर आत्म होती है, तो कहां जाती है। मौत के बाद मनुष्य का शरीर शिथिल हो जाता है। इस पर पहले कई शोध हुए हैं जो अभी भी जारी है। प्रकृति के कई अनसुलझे रहस्य हैं जिसे सुलझाना अभी भी बाकी है। उन्हीं में से एक है आत्मा और मौत। जब किसी मानवीय जीव की मृत्यु हो जाती है तो आदि अनादि काल से यह भी सच है कि उसी कुनबे में अति संवेदनशील दुखों का पल छा जाते हैं और उनका कुनबा यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या इस शरीर में से निकल गया जो यह शरीर निर्जीव हो गया जो आज के वर्तमान परिपेक्ष में भी एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है! जिसके विज्ञान, विशेषज्ञों, जानकारों के अलग अलग तर्क दिए गए हैं परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता में यह ईश्वर अल्लाह की देन है और कहा गया है कि हम मानवीय जीव उसके हाथ के बने खिलौने हैं जिनका वह जीवन फिक्स कर देता है और समय आने पर उसे तोड़ देता है याने मृत्यु !आदि अनादि कहां से बुजुर्गों आध्यात्मिकता व कहावतों द्वारा यह कहा जाता है कि मनुष्य जब जन्म लेता है तो उसके मस्तक पर उसके पूरे जीवन की भविष्य रेखा लिखी रहती है और वह रेखा समाप्त होते ही उसकी मृत्यु हो जाती है,परंतु आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है। साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो यह नाम सुनते ही दिल दहल जाता है, महामारी कॉल की पीक स्थिति में मृत्यु का तांडव देखे, तो दिल पसीज गया था। हमनें फिल्म उद्योग की पुरानी फिल्म पुष्पांजलि का दर्द भरा गीत, दुनिया से जाने वाले, जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको नहीं होते नामोनिशान और चिट्ठी न कोई संदेश, ना जाने कौन सा देश, जहां तुम चले गए सुनें होंगे।

पेट की आग और कर्ज़ की जंजीरें

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

रामलाल की आँखों में आशा थी, पर पेट की आग और कर्ज.की जंजीरें उसे चैन से सोने नहीं देती थीं। गाँव के कोने में उसकी टूटी-फूटी झोपड़ी में सिर्फ.आँधियाँ दस्तक देती थीं, और रात के सन्नाटे में उसकी पत्नी कमला की सिसकियाँ गूँजती थीं। "बस थोड़ा सा कर्ज... फिर सब ठीक हो जाएगा," यह सोचकर उसने पिछले साल हरिया साहूकार से पाँच हजार रुपये उधार लिए थे। खेतों में सोना उगाने का सपना आँखों में लिए वह हर सुबह सूरज से पहले उठ जाता, लेकिन बारिश रूठ गई, फसल सूख गई और साहूकार का ब्याज बढ़ता चला गया। पहले उसके बैल गए, फिर उसके गहने। लेकिन साहूकार की लाल किताब में उसके नाम के आगे लिखा लाल निशान नहीं मिटा। ब्याज ऐसा बढ़ा कि अब रामलाल की साँसों पर भी उधारी हो गई। "बाबूजी, स्कूल की फीस नहीं भरी तो मास्टरजी ने कहा–अब मत आना!" छोटा मोहन रोते हुए बोला। रामलाल की आँखों में अंधेरा छा गया। वह घर से निकला, साहूकार के दरवाजे पर गया और हाथ जोड़कर बोला–

"हरिया जी, इस बार थोड़ा और वक़्त दे दीजिए..."

साहूकार हँसा, एक ऐसी हँसी जो किसी की रोटी छीनकर गूँजती है। "कौन-सा वक़्त चाहिए रामलाल? जब तू पैदा हुआ था, तब का भी उधार बाकी है! तू अब अपनी बिटिया को गिरवी रख दे, तो बात बन जाए।"

रामलाल की रगों में खून नहीं, लाचारी दौड़ने लगी। उसने घर आकर कमला की ओर देखा, लेकिन उसकी आँखों में अब कोई आँसू नहीं बचे थे–वह वर्षों पहले साहूकार को ब्याज में दे चुकी थी। उस रात रामलाल अपने बच्चों को प्यार से सुलाकर, बाहर पीपल के पेड़ के नीचे गया।

उसने अपनी पुरानी धोती से फंदा बनाया और उस लटकते हुए कर्ज.को हमेशा के लिए चुका दिया। सुबह गाँव के लोग आए, उसकी लाश झूल रही थी। साहूकार भी आया, नोट गिनता हुआ बोला– "चलो, एक उधारदार कम हुआ, लेकिन उसकी बंधी हुई जमीन अब मेरी हुई!" और हाँ, गाँव में सब रोए। कुछ हकीकत में, कुछ दिखावे में। लेकिन सबसे ज्यादा रामलाल की बिटिया रोई, जिसने उस दिन जाना कि ऋण कभी नहीं मरता, सिर्फ. कर्जदार मरते हैं।

न्यूज फ्लैश

मानव यादव आर्य ने एलएलएम डिग्री की हासिल

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। शंकर कॉलोनी निवासी एडवोकेट मानव यादव आर्य पुत्र प्रदीप यादव ने क्रिमिनल लॉ एवं साइबर में एलएलएम डिग्री हासिल कर ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में सफल होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है एडवोकेट मानव ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में 19वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी व माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। मानव अपने दादा महावीर प्रसाद पटवारी व दादी आर्या केसर देवी को अपना प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक माना है। एडवोकेट मानव के दादा महावीर प्रसाद पटवारी ने बताया कि मानव शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है व इसको सदैव सामाजिक सुधार कार्यों में रुचि रही है। अभी मानव महेंद्रगढ़ कोर्ट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर मानव को शहर की अनेक सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ महेंद्रगढ़ बार प्रधान संदीप यादव, उपप्रधान सतीश डागर, वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल राव, वीपी यादव, प्राकृतिक एवं योग चिकित्सक भंवर सिंह कसाना, डॉक्टर विक्रांत यादव सहित अन्य लोगों ने मानव को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

नामांकन अभियान के लिए जागरूक रैली निकाली गई।

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरूक्षेत्र -: आज दिनांक 25 मार्च को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के इंचार्ज सूबे सिंह सुजान की अध्यक्षता में पूरे स्टाफ और बच्चों को लेकर गांव में नामांकन अभियान के तहत जागरूक रैली निकाली गई। शिक्षक सभी बच्चों को लेकर गांव के सरपंच के पास पहुंचे।हर किसी का सहयोग लेने का भरसक प्रयत्न किया जा रहा है।केवल पोस्टर बनाना हमारा लक्ष्य नहीं है , हम पोस्टर से ज्यादा मेहनत कर अभिभावकों के घर घर जाकर बात करने में ज्यादा समय लगा रहे हैं, इससे पहले चार बार सभी स्टाफ सदस्यों ने घर घर जाकर दाखिला अभियान चलाया है इससे बेहतर परिणाम मिलेंगे क्योंकि अभिभावकों को सकारात्मक करना है, उनको विश्वास दिलाना है और विश्वास आपस में बातचीत करके ही पैदा होता है।कबीरदास जी ने अपने दोहे में कहा भी है - रसरी आवत जात ते,सिल पर परत निशान। करत करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान। हमारे स्टाफ ने नये नारे तैयार करके तख्तियां बना कर उन पर लिखा कि -फ्री शिक्षा हमारा अधिकार। सरकारी स्कूल में हर बार।। स्टाफ सदस्यों में मैडम परमजीत कौर, विकास छौकर, सत्यवान ढांडा, मैडम रेणु डाबड़ा, मैडम सुमन लता और मिड डे मील वर्कर हरप्रीत कौर व स्कूल चौकीदार बलकार सिंह साथ रहे।

कुवि एनएसएस के विशेष शिविर का छठा दिन मिजार्पुर गाँव में आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन का आयोजन मिजार्पुर गाँव में किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस गीत से हुई, जिसने स्वयंसेवकों में एकता और सेवा भावना को मजबूत किया। डॉ. तेजपाल (पूर्व सैनिक, प्रोफेसर, भूगोल विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल) ने आत्म-प्रबंधन और युवा चुनौतियों को पार करने में धैर्य के महत्व पर जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी मुख्य अतिथियों को पौधे भेंट किए गए। इसके बाद अमर उजाला से आए विशेष अतिथि राज रानी और प्रदीप ने महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की, जिसमें महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया गया। इस विषय पर सभी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. संदीप, डॉ. वीर विकास, डॉ. ज्योति चौहान और डॉ. कविता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रतिबिंबन सत्र आयोजित किया गया, जहाँ स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर डॉ. आनंद कुमार, डॉ. हरप्रीत सिंह, सूबेदार श्री जुगराज (बीएचएम), बलजिंदर (हवलदार) और मौजूद थे।

करोड़ों रुपए की लागत से बनेगा 33 केवी का पावर सब-स्टेशन: कंवलजीत

सब स्टेशन के लिए 16 कनाल भूमि यूएचबीवीएन को देने का प्रस्ताव पारित, नाले-नालियों के पानी के

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि उपमंडल पिहोवा के गांव बाखली में करोड़ों रुपए की लागत से 33 केवी का पावर सब-स्टेशन तैयार किया जाएगा। इस पावर सब स्टेशन से पिहोवा के साथ लगते कई गांवों को फायदा मिलेगा और बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। अहम पहलु यह है कि इस सब स्टेशन के लिए 16 कनाल की भूमि यूएचबीवीएन को देने के लिए प्रस्ताव भी पारित किया गया है। जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर मंगलवार को पंचाचत भवन के सभागार में जिला परिषद के 124वीं बैठक

को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर,मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने एफएफसी स्कीम के तहत प्राप्त राशि के वितरण,ग्राम पंचायत बाखली कलां खंड पिहोवा की भूमि के यूटिलाइजेशन प्लान, पंचायत भवन, कुरुक्षेत्र के भवन जिला परिषद को सौंपने बारे विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिप वार्डों में विकास के कार्य में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस जिला के सभी गांवों का शहर की तर्ज पर विकास किया जाएगा। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि गांव बाखली में सर्व सम्मति के साथ हरियाणा बिजली वितरण निगम को 33 केवी का पावर सब स्टेशन स्थापित करने के लिए 16 कनाल जमीन देने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके साथ ही नाले-नालियों से तालाब तक खरपतवार ना पहुंचे। इसके लिए एक प्रोजैक्ट पर काम किया जाएगा। इस प्रोजैक्ट के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम किया जाएगा। इससे तालाबों की सफाई संभव हो सकेगी। इस प्रस्ताव को भी हाउस ने सर्व सम्मति से पास कर दिया है। उन्होंने कहा कि हाउस के समक्ष जिला परिषद के सभी वार्डों में स्कूलों के शौचालयों, चौपालों, आंगनवाडी केन्द्रों की मुरम्मत के साथ-साथ अन्य विकास कार्य करने के लिए 94 लाख रुपए के बजट जारी करने को भी अनुमति दी है। इसके साथ ही पिछली मीटिंग में जितने भी विकास कार्य को सहमति दी गई थी।

श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में नए सत्र पर यज्ञ आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में सोमवार को नए सत्र के शुभारंभ पर यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें यज्ञमान के रूप में चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व प्राचार्य डा. एसएस यादव रहे। कॉर्डिनेटर सुशीला यादव व स्मृति शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में नए सत्र को लेकर पं. अरविंद शर्मा द्वारा हवन यज्ञ करवाया गया। यज्ञ की शुरूआत स्कूल चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर विद्या की देवी मां शारदे का आह्वान किया गया और यह प्रार्थना की गई की अद्भुत संसार में शिक्षा का द्वीप अनंत युगों तक प्रज्वलित रहे। पं. अरविंद शर्मा ने बताया कि यज्ञ का पावन उद्देश्य स्फूर्तिवान विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति गौरवमय इतिहास तथा आधुनिक विकास के लिए प्रेरित किया। यज्ञ कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि विद्यार्थी हमारी सभी आकांक्षाओं का केंद्र होते है।

संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। गांव निम्बहेड़ा निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई हैं। मृतक व्यक्ति का अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया था। मृतक के दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता हनुमान ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव निम्बहेड़ा का निवासी है तथा मिस्त्री का काम करता है। 24 मार्च की रात को समय करीब नौ बजे उसका बेटा संदीप के साथ झगड़ा हो गया था। फिर वह अपने भाई ताराचंद के पास सोने चला गया था।

खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में बजाया खेलों का डंका: कैलाश

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि हरियाणा के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है। इस प्रदेश के खिलाडि?ों ने ओलम्पिक में मेडल हासिल करके एक इतिहास बनाने का काम किया। इन खिलाडि?ों को प्रदेश सरकार की तरफ से तमाम उच्च स्तरीय सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। इतना ही नहीं समाज में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए हर जिले में अलग-अलग खेलों की नर्सरियां भी खोली जा रही है। मुख्यमंत्री के कार्यालय

प्रभारी कैलाश सैनी मंगलवार को डाइट पलवल में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, संस्थान के निदेशक डा. ऋषि गोयल, इंचार्ज डा. प्रवीण, संयोजक डा. रीता ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सीएम के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने विजेताओं खिलाडि?ों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वयं के जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है और खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इंचार्ज डा. प्रवीण ने कहा कि खो-खो में टीम ए विजेता रही। शॉट पुट में आलोक प्रथम, राहुल ने दूसरा, अनुराग आचार्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट गर्ल्ज में मांडवी सिंह प्रथम स्थान, रितिका दूसरा गुरप्रीत कौर तीसरे स्थान पर रही, ऊंची कूद (लडके) में अनिकेत प्रथम, कर्ण कुमार दूसरे स्थान पर, विवेकानंद तृतीय रहे, ऊंची कूद (गर्ल्ज) में वंदना शर्मा ने प्रथम तान्या ने दूसरा, मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

रणदीप सुरजेवाला का सम्मान हरियाणा का सम्मान: मधुसूदन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की 8 व 9 अप्रैल को अहमदाबाद गुजरात में होने वाली बैठक की ड्राफ्टिंग कमेटी में पार्टी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को कन्वीनर बनाया गया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला को ड्राफ्टिंग कमेटी का कन्वीनर बनाए जाने पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगापाल सहित पार्टी के हाईकमान का आभार जताया है। बवेजा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला को कन्वीनर बनाकर पार्टी ने सुरजेवाला व हरियाणा का सम्मान किया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला एक सुलझे हुए व साफ छवि के नेता है। वे जन-जन के प्रिय नेता है। सुरजेवाला 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले नेता है। सुरजेवाला पार्टी के वर्करों का मान-सम्मान करते है इसलिए वर्कर भी उन्हें अपना नेता मानते है। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि सुरजेवाला लगातार पार्टी हित में कार्य कर रहे है इसलिए कांग्रेस हाईकमान ने सुरजेवाला को ड्राफ्टिंग कमेटी का कन्वीनर बनाया है। सुरजेवाला आमजन की आवाज बनकर लगातार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते रहते है।

फैक्ट्री व चीनाझपटी करने के मामले में एक व्यपारी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरूक्षेत्र : जिला पुलिस ने एक और व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक वरुण एकल क्राइम ब्रांच शाखा-1 पुलिस की टीम व चीनाझपटी करने के कुशल मार्गदर्शक आरोप में काला वासी नीलोखेड़ी जिला करनाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरपाल वासी गांधीनगर कुरुक्षेत्र ने पुलिस को

अपनी शिकायत में बताया कि वह पुलिस गार्ड की नौकरी करता है। दिनांक 8 जनवरी 25 को समय करीब 8 बजे वह मोटरसाईकिल पर ड्यूटी के बाद अपने घर जा रही थी। जब वह अस्पताल के पास पहुंचा तो उसके पीछे से आ रही मोटरसाइकल सवार तीन बच्चे अपनी राह रोककर रेलवे लेन के पास बने गड्डों में गिरा लिया और उसके साथ जीरो और फोन करके 2 हजार रुपये छीन कर ले गया। दूसरी याचिका पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज कराया गया था। बाद में मामले की जांच में समुद्र तट शाखा-1 को नष्ट कर दिया गया। 6 फरवरी 2025 को केस में सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार की टीम ने भरत शर्मा नाइक भानु और रोहित कुमार बक्कू को गिरफ्तार कर लिया था। सिद्धांत से प्रयोग मोटर साइकिल बरामद की गई थी। दिनांक 25 मार्च 2025 को अपराध शाखा-1 के प्रभारी सुरेंद्र कुमार के मार्गनिर्देशन में सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, मुख्य सिपाही प्रवेश कुमार व सिपाही सतबीर की टीम में सहायक व चीनाझपटी करने के आरोप में काला वासी नीलोखेड़ी जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया गया। बुनियादी ढांचे को अदालत में पेश किया गया।

इंटरनेशनल ब्लॉग प्रिंटिंग कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने बनाए फैशनबल कपड़े

समालखा (कुलदीप सिंह)
पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक?नॉलोजी (पाइट) में बीफैड विभाग में टेक?सटाइल डिजाइन लैब का उद्घाटन हुआ है। इस अवसर पर राष?ट्रीय पुरस?कार प्राप?त कर चुके छपाइकार फाउंडेशन के निदेशक अवधेश कुमार पाण?डेय मुख?य अतिथि रहे। उन?होंने इंटरनेशनल ब?लॉग प्रिंटिंग कार्यशाला का शुभारंभ किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को नौकरी की तरफ नहीं भागना चाहिए। अपना स्वयं का उद्योग स्थापित करना चाहिए जिससे

आप अन्य को भी रोजगार दे सकते हो। फैशन का क्षेत्र बहुत विशाल है, आप सभी को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। फैशन डिजाइन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आज के दौर में रोजगार, अनुसंधान और स्टार्ट-अप की असीम संभावनाएं हैं। कार्यशाला में बैचलर ऑफ फैशन एंड अपैरल डिजाइनिंग के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक कला और फैशनेबल डिजाइन को नया रूप देकर अपने स्वयं के उत्पाद तैयार किए।

एडवोकेट मोनिका ने उत्तीर्ण की इंडिया बार एग्जामिनेशन की परीक्षा

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। पुलिस लाइन में रह रहे महावीर चौकी इंचार्ज रवि कुमार की पत्नी एडवोकेट मोनिका मेहरा ने अपने प्रथम प्रयास में ही ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का एग्जाम उत्तीर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर जिले के पूर्व उपायुक्त डॉ. जयकृष्ण आभीर आइएएस के मार्गदर्शन में मंगलवार को ममाज टीम ने उनके निवास पर एडवोकेट मोनिका व उनके पूरे परिवार को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंट करके सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बाईक चोरी करने के वाले लोग सामान सहित काबू

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरूक्षेत्र : कुरूक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की दुकानों को सील करते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी चोरीशुदा 6 मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में रोहित कोको, किशोर मिनकू और साहिल वासियान इस्माइलाबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरीशुदा 6 मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी में बताया गया है कि 3 जनवरी 24 को थाना केयूके पुलिस को अपनी याचिका में

बलदेव निवासी मोहन नगर थानेदार ने बताया कि 17 दिसंबर 2023 को वह अपनी मोटरसाइकिल पर गीता जयंती घुमने के लिए गई थी। वह मोटरसाईकिल स्टोर में खड़ी की थी। जब वह घर जाने के लिए वापस आया तो उसकी मोटरसाइकल वहां नहीं मिली लेकिन कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। थाना केयूके में दर्ज मामला दर्ज कर जांच की गई। बाद में मामले की जांच में एंटी ऑजायर थेफ़्ट टीम को चुना गया। दिनांक 24 मार्च 25 को कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों को सुलझाते हुए एंटी व्हीकल थेफ़्ट प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार, अरविन्द कुमार, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही दलबीर व होमगार्ड नीरज व विक्रम की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में रोहित उर्फ कोको, हरीश उर्फ मिंकू व साहिल वासीयान ईस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। चार से चोरीशुदा 6 मोटरसाइकिल बरामद। ऑब्जर्वर गुरनाम सिंह ने बताया कि ये मोटरसाईकिल थाना केयूके व थाना कृष्णा गेट एरिया से वर्ष 2023-24 में चोरी की थी।

रक्तदान का विकल्प सिर्फ स्वैच्छिक रक्तदान: गौरव राम

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

अंकुश मिगलानी, उपाध्यक्ष, भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा के 39वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत द्वारा रैडक्रास रक्त सैंटर, रैडक्रास भवन पानीपत के प्रांगण में स्वैच्छिक रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव रैडक्रास गौरव राम करण ने बतौर मुख्य शिरक्त की। शिविर में जरूरत अनुसार रैडक्रास से जुड़े 25 स्वंयसेवकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर हरमेश चन्द, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, डा0 पूजा सिंघल, रक्त बैंक प्रभारी व डा0 सोनू सिंह,प्रोजेक्ट निदेशक, रैडक्रास विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य

अतिथि गौरव राम करण ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुये उन्हें बैज लगाकर व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंनें कहा कि कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष के बीच में है, एच.बी. की मात्रा 125 ग्राम या अधिक है, वजन 50 किलोग्राम या उससे अधिक है और पिछले छ महीने में किसी बडी बीमारी पीड़ित ना हो या आप्रेशन इत्यादि ना करवाया हो, तो रक्तदान कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकता है और जरूरमंद लोंगों की जान को बचा सकता है। हमें रक्तदान हेतु आगे आना चाहिये, ताकि कोई भी जरूरमंद को रक्त की निर्बाद आपूर्ति उपलब्ध करवाई जा सके। रक्त का कोई विकल्प नहीं है, केवल स्वैच्छिक रक्तदान ही विकल्प है। उन्होंनें कहा कि नवनियुक्त उपाध्यक्ष . अंकुश मिगलानी बहुत ही युवा, कर्मठ व ईमादार छवि के व्यक्ति है, जिन्होंनें दिसम्बर, 2024 में कार्यभार संभाला है और तभी से रैडक्रास व सैंटजॉन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रयासरत है, ताकि हर जरूरमंद, दिव्यांग वा अन्तिम छोर के व्यक्ति को रैडक्रास द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधि का लाभ मिल सके। इस अवसर पर डा0 पूजा सिंघल ने आर्य पी.जी. कालेज, पानीपत के प्रागंण में आयोजि कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक प्रतिभागियों जिसमें लैक्चरार व विघार्थिगण शामिल है, को रक्तदान व अनिमिया बारे जागरूक करते हुये रक्तदान हेतु प्रेरित किया।

हरमेश चन्द, जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुये कहा कि रक्तदान करके जो आहुति इस यज्ञ में डाली है, मैं उनका तहे दिल से शुक्रगुजार हूँ।

इस मौक पर सभी अतिथिगण व मीडिया का भी तहे दिल से धन्यवाद करता हूँ। इस अवसर पर रैडक्रास के सभी कर्मचारीगण लाल चन्द, जसमेर, ममता, प्रवक्ता कला भारद्वाज, प्रदीप इत्यादि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक माह में 70 से ज्यादा बच्चों के चेहरों पर लाई मुस्कान

टीम एक्शन इंडिया पानीपत , (कमाल हुसैन) ऑपरेशन मुस्कान के तहत पानीपत के कच्चा कैंप बाजार से दुकानों पर काम कर रहे 8 से 14 साल की उम्र के 12 बच्चों को मानव तस्करी विरोधी इकाई ने एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से रेसकयू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, ए एस आई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश और

एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज ए एस आई संदीप कुमार ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है। अगर किसी को भी बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या एमडीडी ऑफ इंडिया जैसी गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

न्यूज फ्लैश

युवक को कार से कुचलने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र में कहासुनी के बाद युवक को कार से कुचलने के प्रयास का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मल्हा माजरा निवासी नीरज उर्फ गोटी ने बताया कि वह राजकीय स्कूल के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला शक्ति अपनी कार लेकर वहां आया। शक्ति और उसके भाई में कहासुनी हो गई। इसके बाद शक्ति ने नीरज को जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से स्कूल का दरवाजा और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार की टक्कर लगने से नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसके भाई दीपक उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने के चलते रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित कार चालक का काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

पेट्रोल पंप संचालक की गाड़ी से पिस्तौल चोरी, मुकदमा दर्ज

सोनीपत: सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास पंप संचालक की गाड़ी से पिस्तौल चोरी होने का मामला सामने आया है। पंप संचालक अपनी गाड़ी को खड़ी करके लघुशंका के लिए रूका था। उसी दौरान चोर ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जैन बाग कॉलोनी निवासी पवन ने बताया कि उसका गांव मोहाना के पास पेट्रोल पंप है। शनिवार की शाम को वह मुरथल रोड स्थित जिले सिंह के घर जागरण में शामिल होने गया था। रात करीब 10:30 बजे जब वह वापस लौट कार में लौट रहा था।वह बस स्टैंड के पास लघुशंका के लिए रुक गया। अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी को वहां खड़ी कर लघुशंका करने चला गया। इसी दौरान गाड़ी से किसी ने उसका पिस्तौल चोरी कर लिया। अपने स्तर पर पिस्तौल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

हथियार के बल पर फिरौती मांगने व रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत: एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने हथियारों के बल पर फिरौती मांगने व रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपांशु उर्फ दीपू उर्फ काला निवासी सेरसा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत एक दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने कुंडली में होटल कर रखा है। उसके होटल में सागर निवासी सेरसा व संदीप निवासी राठधाना व उसके आठ दस साथी होटल पर आए। उसे हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। उससे चार लाख रुपये की फिरौती मांगी। उससे 43 हजार रुपये की राशि को छीन लिया। वह उसके लड़कों से 53 हजार रुपये व दूसरे लड़के से हथियार के बल पर मारपीट कर एक फोन व 2500 रुपये की राशि को छीन लिया।

टांगरी नदी को छह फुट गहरा करने का काम शुरू: अनिल विज

टांगरी नदी जहां तंग वहां और चौड़ी होगी, रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ बांध को पक्का व ऊंचा करने का काम प्रगति पर : विज

प्रोजेक्ट

8 अंबाला में टांगरी नदी तल को अम्बाला छावनी में छह फुट गहरा करने का काम शुरू कर दिया

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला में टांगरी नदी तल को अम्बाला छावनी में छह फुट गहरा करने का काम शुरू कर दिया गया है जिससे आसपास बसी कालोनियों के हजारों निवासियों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी में टांगरी नदी क्षेत्र से निकाली की गई रेत नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधीन चल रहे अम्बाला रिंग रोड प्रोजेक्ट में उपयोग की जाएगी। इसके अलावा, नदी का बांध जगाधरी रोड तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से पक्का व ऊंचा किया जाएगा। विज ने बताया कि नदी तल छह फुट गहरा होने से बरसाती सीजन में पानी ओवरफ्लो नहीं होगा। उन्होंने बताया कि टांगरी नदी को गहरा करने के लिए सिंचाई विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और नगर परिषद अम्बाला सदर के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ था जिसके तहत अम्बाला छावनी में टांगरी नदी क्षेत्र से निकाली की गई रेत नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधीन चल रहे अम्बाला रिंग रोड प्रोजेक्ट में उपयोग की जाएगी। उन्होंने बताया कि नदी तल पहले से भी ज्यादा गहरा होने पर बरसाती दिनों में पानी आसानी से अम्बाला छावनी क्षेत्र से निकलेगा जिससे आसपास बसी दर्जनों कालोनियों के हजारों निवासियों को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि बरसातों से पहले इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

टांगरी नदी जहां तंग वहां और चौड़ी होगी : कैबिनेट मंत्री अनिल विज

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी में टांगरी नदी जिन-जिन स्थानों पर तंग है, वहां नदी को पहले से भी ज्यादा चौड़ा किया जाएगा ताकि बरसाती पानी के बहाव में कोई रुकावट न आए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सिंचाई विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा विभाग की ओर से प्रपोज्जल सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है जिस पर जल्द कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है।

रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ बांध को पक्का व ऊंचा करने का काम प्रगति पर : मंत्री अनिल विज

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बताया कि रामपुर-सरसेहड़ी में टांगरी नदी बांध (तटबंध) को ऊंचा व पक्का करने का काम प्रगति पर है। नदी का बांध
जगाधरी रोड तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से पक्का व ऊंचा किया जाएगा। बीते फरवरी माह में कार्य की शुरूआत की गई थी और तेजी से इसे अब पूरा किया जा रहा है ताकि बरसातों से पहले इसे पूरा किया जा सके। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बताया कि टांगरी बांध को रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ ऊंचा व पक्का करने का काम पहले से किया जा रहा है, मगर अब नदी का तल छह फुट और गहरा कराने का काम शुरू हो गया है। इससे बरसाती पानी टांगरी बांध (तटबंध) से बाहर नहीं आएगा और लोगों को पानी से सुरक्षा मिलेगी।

जीयू के कल्चरल फेस्ट में आस्था गिल ने मचाया धमाल

टीम एक्शन इंडिया

पानीपत , (कमाल हुसैन) जीयू में आयोजित संगरीला 2 के 25 कल्चरल फेस्ट में बॉलीवुड की मशहूर सिंगर आस्था गिल ने अपनी धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। उनके सुपरहिट गानों डीजे वाले बाबू, पानी-पानी और अभी तो पार्टी शुरू हुई और बचपन का प्यार पर दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। पूरे माहौल में संगीतमय उत्साह देखने को मिला जहां छात्रों ने पूरे जोश के साथ आस्था गिल के गानों का लुत्फ उठाया। जीयू के चांसलर एसपी बंसल और गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन गीता बंसल ने आस्था गिल को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों में

समां बांधा

8 मशहूर सिंगर आस्था गिल ने अपनी धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस से समां बांध दिया

आयोजन को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। संगरीला 2 के 25 में देशभर से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस मौके पर जीयू चांसलर एसपी बंसल, चेयरपर्सन गीता बंसल, प्रो चांसलर निशांत बंसल, मानवी बंसल, प्रो चांसलर अंकुश बंसल, नेहा बंसल, कुलपति डा विकास सिंह व पीवीसी डा गुलशन चौहान।

थाना अम्बाला में फर्जी जमानती गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज फर्जी जमानत देने के मामले में 24 मार्च 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी संदीप कुमार निवासी गाँधी नगर नजदीक नवयुग स्कूल करनाल थाना शहर करनाल जिला करनाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता न्यायालय रीडर अम्बाला शहर ने 24 मार्च 2025 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 मार्च 2025 आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने न्यायालय

में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास की जमानत देने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।

सुखी स्वस्थ जीवन विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

स्वस्थ जीवन

8 कार्यक्रम विभिन्न स्थानों से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहनों की उपस्थिति में किया गया

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, दयाल बाग द्वारा न्यू जनकपुरी, अंबाला कैंट में *राजयोग द्वारा सुखी स्वस्थ जीवन* विषय पर बहुत सुंदर आध्यात्मिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम विभिन्न स्थानों से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहनों की उपस्थिति में किया गया।राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी जी ने इस विषय पर अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि आज साइंस टेक्नोलॉजी के साथ जो विकास हो रहा है उसके तो हम सभी साक्षी हैं, लेकिन आज इस आधुनिक समाज का दूसरा पहलू भी हम देखते हैं। आज बड़े घर है, लेकिन परिवार नहीं रहे। लोग ज्यादा पढ़े लिखे है, लेकिन तमीज शायद कही लॉकर में रख दी है। महंगी दवाई है, लेकिन स्वास्थ्य की कोई गारंटी नहीं है। चंद्रमा को छूना है, लेकिन अपने माता पिता के पैर छूने में शर्म आती है। साइंस और टेक्नोलॉजी से लाईफ में सुविधाएं तो बढ़ गई, लेकिन मन की शांति के लिए हमें कोई ना कोई प्रयास करना पड़ता है। टेक्नोलॉजी को इस्तमाल करते समय हमें इन बुराइयों की दलदल से व हर तरह की आपदा से मुक्त कराने के लिए, इस संसार से अधर्म को मिटाने के लिए इस धरा पर भगवान का अवतरण होता है। परमात्मा ने स्वयं राजयोग का ज्ञान हमें दिया। जिस राजयोग से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि आत्मिक विकास में भी सहायक है। उन्होंने बताया राजयोग मेडिटेशन एक सरल अभ्यास है, जो कहीं भी, किसी भी समय और खुली आँखों के साथ किया जा सकता है। इसके अभ्यास द्वारा आप परमात्मा से जुड़कर सर्व संबंधों की अनुभूति कर सकते हैं। इसके लिए स्वयं को आत्मिक स्वरूप में स्थिर कर और परमात्मा के साथ कनेक्ट करना हैं। राजयोग एक सम्पूर्ण योग है जो हमारे शरीर और मन, बुद्धि को संयमित रखता है। इससे हमारे विचारों में सकारात्मकता आती है। राजयोग द्वारा तनाव से मुक्ति, अनिद्रा से मुक्ति, सम्बन्धों में मधुरता व निश्चिंतता आती है।

गर्मी के मौसम में लोगों व पशुओं के लिए पीने के पानी की हो व्यवस्था

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने आने वाले गर्मी सीजन को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में जिला के लोगों व पशुओं के लिए पीने की पानी की उचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पीने के पानी की उपलब्धता को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग व शहरी स्थानीय निकाय विभाग मिलकर आपसी तालमेल के साथ उचित व्यवस्था बनाएं ताकि जिला में कहीं

भी पानी के पानी की किल्लत न हो। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में कहीं भी नहरी पानी की चोरी नहीं होनी चाहिए

व्यवस्था

8 संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कर अपने क्षेत्र में पीने की पानी की उपलब्धता को लेकर व्यवस्था बनाए

अगर कोई नहरी पानी को चोरी करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इसके अलावा इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कर अपने क्षेत्र में पीने की पानी की उपलब्धता को लेकर व्यवस्था बनाए ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में स्थित तालाबों में पशुओं के लिए पीने की पानी की व्यवस्था करें और उन्हें तुरंत भरवाए।

जनहित में उत्कृष्ट योगदान व सामाजिक प्रेरणा हेतु पूनम शर्मा सम्मानित

सम्मान

8 रेखी जो की राष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण ब्यूरो की जिला उपाध्यक्ष भी है

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो व गुरु की रहमत सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.) द्वारा जनहित में उत्कृष्ट योगदान व सामाजिक प्रेरणा हेतु अम्बाला खबरनामा की संपादक पूनम शर्मा को

सम्मानित किया गया। गुरु की रहमत एनजीओ की चेयरपर्सन बिम्पी रेखी जो की राष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण ब्यूरो की जिला उपाध्यक्ष भी है, ने बताया की उनके ट्रस्ट द्वारा ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है जो की घर के दायित्वों के साथ साथ सामाजिक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस मौके पर गुरु की रहमत के फाउंडर लक्की रेखी, चेयरपर्सन बिम्पी कौर रेखी, कानूनी सलाहकार सरिता जोरार, एडवोकेट विजय कुमार,सोनिया शर्मा, कर्मचंद तथा चंचल उपस्थित रहे।

पुलिस ने 57 वाहनों के काटे चालान

सोनीपत: यातायात पुलिस सोनीपत का सड़क सुरक्षा स्पेशल अभियान चलाकर लापरवाही करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे। यातायात कर्मचारियों ने गलत लाइन में चलने वाले 57 वाहनों के चालान किए। वहीं गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वाले तीन वाहन व बुलेट पटाखा के दो चालान करके एक लाख 21 हजार रुपये का जुमार्ना किया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि भारी वाहन चालकों को गाड़ी बाई लाइन में चलाने के लि जागरूक करने के काम किया जा रहा है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व शहर में बुलेट बाइक से पटाखे बजाना व वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाना बिल्कुल नहीं बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

सीवर के दूषित पानी का नहीं हो पा रहा कोई समाधान

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: शहर के सारंग रोड व गोहाना रोड को जोड़ने वाले रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे सीवर को दूषित पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। अंडर ब्रिज के साथ लगती कर्ण सिंह मार्केट के दुकानदारों को मजबूरन दुकानों को खाली करके दूसरी जगह पर शिफ्ट होने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिला प्रशासन इस संबंध में कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। दो दिन से ब्रिज के नीचे दूषित पानी भर गया है। जिसका स्तर बढ़कर दुकानों के अंदर पानी घुसने लगा है। बता दें के शहर में सारंग रोड से होते हुए गोहाना रोड पर जाने के लिए दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर अंडर ब्रिज बना रखा है। जिसमें से हर रोज हजारों की संख्या में दो-पहिया वाहन चालकों सहित स्कूल के बच्चों की गाड़ियों व पैदल चालक रास्ते से होकर गुजरते है। गोहाना रोड पर बनी मार्केट में दुकानदारों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दिन भर इंतजार करने के बाद एक या दो ग्राहक ही दुकान पर आते है। हालांकि जिस दिन अंडरब्रिज के नीचे पानी जमा हो जाता है। उस दिन खाली बैठकर अपना समय बिताना पड़ता है। आस पास के रिहायशी क्षेत्र व दुकानों में बीमारियां तक फैलने का खतरा बना रहता है।

दो दिन से नहीं ले रहा कोई सुध, पांच फीट तक भर चुका पानी- मार्केट के दुकानदार अमित, दीपक, लाकड़ा ने बताया कि सीवर का दूषित पानी दो दिन से भरा हुआ है। जिसका स्तर बढ़ता जा है। मार्केट में दुकान ऊंचे पर होने के बाद भी पानी दुकान के शटर तक पहुंच चुका है। दुकानों पर सुबह से लेकर शाम तक ठंड में बैठने के बाद कोई ग्राहक नहीं आ रहा है। जिसके कारण बिना काम के वापस घर लौटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दो दिन से अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा हुआ है।

लोग परेशान

8 किसी से कुछ बोलने पर लड़ने लगते है। कूड़े से दिन भर बदबू आती रहती है

गली में डाल कर्मचारी कूड़ा, समय पर नहीं हो पा रहा उठान- रेलवे लाइन अंडर ब्रिज के दोनों तरफ कूड़े का डंप सफाई कर्मचारियों द्वारा बना रखा है। शहर में कूड़ा उठाने वाली कंपनी के कारिंदे दूषित पानी भरने के कारण कूड़े का उठान नहीं कर पाते है। वहीं दुकानदारों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी घर-घर से कूड़ा उठाकर दुकानों के बाहर गली में डालकर चले जाते है। किसी से कुछ बोलने पर लड़ने लगते है। कूड़े से दिन भर बदबू आती रहती है। एक तरफ अंडर ब्रिज के नीचे सीवर को दूषित पानी तो दूसरी तरफ कूड़े की बदबू ने परेशान कर रखा है।

महायज्ञ में पहुंची नारी शक्ति, यजमान बनकर डाली आहुतियां

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1008 जन कल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में मंगलवार का दिन नारी शक्ति के नाम रहा। बड़ी संख्या में नारी शक्ति ने महायज्ञ में भाग लिया और यजमान के रूप में मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में आहुतियां डाली। इतना ही नहीं 1000 से अधिक महिलाओं ने एक साथ यज्ञशाला की परिक्रमा भी की।इस मौके पर यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज ने सत्संग, प्रवचन करते हुए कहा कि ये महिलाएं नहीं शक्तियां हैं। जब जब जरूरत पड़ी है तब तब शक्तियां जागृत हुई हैं। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान जरूर होता

है, परंतु पराजित नहीं होता। जिस परमार्थ भाव के साथ कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 1008 जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ चल रहा है। परमात्मा की कृपा से ये महायज्ञ सफलतापूर्वक सम्पन्न होगा। उनका उद्देश्य कुरुक्षेत्र को पर्यटन केंद्र की अपेक्षा धाम के रूप में स्थापित करना व पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि स्तय को परेशान तो किया जा सकता है, पराजित नहीं किया जा सकता। वे निस्वार्थ भाव से यह परमार्थ महायज्ञ कर रहे हैं लेकिन अनेक प्रकार के भ्रम फैलाने के प्रयास किए गए, एक दुखद घटना हुई लेकिन उसे बढ़ाचढ़ा कर प्रस्तुत कर दप्रस्तुत किया गया। लेकिन कुरुक्षेत्र व हरियाणा की धर्मप्रेमी जनता ने

सम्मेलन

~~8 विद्यालय व समाज को जोड़ने की कड़ी है एसएमसी~~
~~8 जिला स्तरीय एमसी प्रतिनिधि प्रशिक्षण हुए सम्मेलन संपन्न~~

इस झूठ में विश्वास नहीं किया और अनवरत यज्ञ जारी रहा। महायज्ञ पूरी भव्यता से जारी हो और सम्पन्न होगा। पूणार्हुति में हजारों लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है। वर्तमान में पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण को शुद्ध करने की आवश्यकता है और पर्यावरण को शुद्ध करने का यज्ञ ही एक माध्यम है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण से पूरा विश्व चिंतित नजर आ रहा है। यदि प्रत्येक घर में यज्ञ होना प्रारंभ हो जाए तो प्रदूषण की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। इस मौके पर उनके साथ साहिल सुधा, सुगंधा सुधा, हरीश शर्मा, तुषार सैनी आदि भी मौजूद रहे। केशव पार्क में पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी हरिओम महाराज ने कहा कि धर्मनगरी के केशव पार्क में 18 से 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ चल रहा है। इस महायज्ञ में हर रोज एक लाख आहुतियां डाली जा रही है। 27 मार्च तक चलने वाले महायज्ञ को पूरा करवाने के

घर में घुसकर नकदी, आभूषण सहित डीवीआर चोरी, घुसे नकाबपोश चोर

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके सेक्टर-12 में चोर बंद घर में घुसकर नकदी, आभूषण व सीसीटीवी की डीवीआर चोरी करने का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान नकाबपोश चोर हाथ में पिस्तौल लेकर घर में घुसे थे। महिला ने ऑनलाइन सीसीटीवी देखा तो गेट खुला मिला। वह दिल्ली से वापस लौटीं तो चोरी का पता चला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-12 निवासी नीरज चौधरी ने बताया कि 22 मार्च को घर पर का तीन

जांच जारी

8 नकाबपोश चोर हाथ में पिस्तौल लेकर घर में घुसे थे। महिला ने ऑनलाइन सीसीटीवी देखा तो गेट खुला मिला

सेफ्टी लॉक लगाकर वह दिल्ली अपनी बहन के घर गई थीं। रात को ढाई बजे चोर उनके घर में घुस गए। नीरज ने बताया कि रविवार दोपहर बाद जब उन्होंने ऑनलाइन अपने मोबाइल में घर के सीसीटीवी चेक किए तो उन्हें मुख्य दरवाजा खुला हुआ दिखाई दिया। जिस पर उन्हें अनहोनी की आशंका सताने लगी। वह दिल्ली से अपने घर लौट आई। घर के तीनों सेफ्टी लॉक टूटे हुए थे। अलमारियां, बेड और सूटकेस खुले पड़े थे। उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो 1.05 लाख रुपये की नकदी, सोने की चेन, दो कानों की बालियां और दो अंगूठियां, आर्टिफिशियल गहने और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी मिली। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दो युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में दो युवक दिखाई दे रहे हैं। बाद में वह वाहन आता दिखाई देने पर घर के बाहर ग्रीन बेल्ट में लेटे दिखाई दे रहे हैं।

अधिकारी समन्वय स्थापित करके आमजन की समस्याओं का करें समाधान: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा प्रदेश के सभी जिलों व उपमण्डलों में जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करने को लेकर सफलता पूर्वक आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्यओं का समाधान कर इस सामूहिक मिशन में जनता को सहयोग प्रदान कर रहा है। आग भी इसे यथावत जारी रखा जाएगा। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र

कुमार दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर में अधिकारियों के समग्र दृष्टिद्कोण ही परिवर्तनकारी बदलाव ला सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह सरकार का सामूहिक मिशन है। सभी अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपनी भूमिका निभाने से पीछे ना हटें व कम से कम समय में समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करके आमजन की समस्याओं का समाधान करें। समय पर समाधान शिविर में पहुंचे व लोगों की समस्याओं का प्रशंसनीय भूमिका निभाकर समाधान करें। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित समस्याओं को गम्भीरता से सुना व थाना अध्यक्षों को समस्याओं में रूचि लेकर समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह व निगम संयुक्त-आयुक्त मनी त्यागी ने निगम से जुड़ी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए कहा कि जो भी समस्याएं शिविर में पहुंच रही है उन पर कार्य किया जा रहा है। समस्या लेकर पहुंच रहे नागरिकों को आशावादी होना चाहिए। किसी भी समस्या के समाधान में समय लगता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अधिकारी एक-एक करके समस्याओं का समाधान करने में लगे हैं। समाधान शिविर में पुलिस विभाग व क्रिड विभाग से जुड़ी 115 समस्याएं पहुंची। उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करें। उपायुक्त ने लेट लतीफ आने वाले अधिकारियों को भी सचेत किया कि वे समाधान शिविर के निर्धारित समय में देरी से पहुंचते हैं तो उनकी गैर हाजिरी ही माना जाएगा। इसको लेकर सम्बंधित विभाग के एसीएस को भी लिखने के निर्देश दिए।

अंबाला शहर की नवनियुक्त मेयर शैलजा सचदेवा ने निगम में कार्यभार संभाला

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: पंचकूला में अंबाला की मेयर व अंबाला सदर की चेयरमैन ने पार्षदों के साथ शपथ ग्रहण की। राज्य स्तरीय समारोह में अंबाला शहर से नव निर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा और अंबाला सदर से नवनिर्वाचित चेयरमैन स्वर्ण कौर और 32 वार्डों के पार्षद शामिल हुए। यहां सीएम नायब सैनी और स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की मौजूदगी में इनको शपथ दिलाई गई। समारोह में अंबाला सदर से विधायक व ऊर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज भी मौजूद थे। शपथ लेने वाले मेयर, चेयरमैनों व पार्षदों को स्पेशल बसें भेजकर पंचकुला बुलाया गया था। अंबाला से मेयर, चेयरमैन और पार्षद सुबह पंचकूला के लिए रवाना हुए थे। मेयर शैलजा

सचदेवा ने शपथ के उपरांत अंबाला शहर नगर निगम में कार्यभार संभाला और कार्यालय के सामने बने पार्क में ही जनता की समस्याओं को सुनना प्रारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि मुझे अंबाला की जनता ने मेयर चुना है, मैं पब्लिक की मेयर हूं और पब्लिक के बीच ही रहूंगी व लोगों की समस्याओं का प्रमुखता के साथ समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। वहीं अंबाला छावनी से नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर व उनके साथ 32 पार्षदों ने भी आज शपथ ली। वे सभी कल से अपना कार्यभार संभालेंगे। मेयर शैलजा सचदेवा जैसे ही निगम कार्यालय पहुंची तो उनके स्वागत के लिए समर्थक मौजूद रहे लेकिन प्रोटोकोल के तहत निगम कमिश्नर को सबसे पहले बुके देकर उनका स्वागत करना था।

न्यूज फ्लैश

पैनासोनिक ने उत्तर भारत में पेश की एसी की नई रेंज, 55C तक के बेहद गर्म तापमान में भी प्रभावी ढंग से काम करेगी

करनाल । एयर कंडीशनर निर्माण में 65 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज उत्तर भारत में अपने वर्ष 2025 के एसी मॉडल्स की नई रेंज लॉन्च की। उत्तर भारत में करनाल कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। कंपनी की यह रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर (आरएसी) श्रृंखला स्मार्ट लिविंग को नये अंदाज में परिभाषित करने के साथ-साथ चिलचिलाती गर्मी के दौरान 55 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान का सामना करने की क्षमता रखती है। नई रेंज में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के 61 मॉडल शामिल हैं, जो अब देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक के ऑनलाइन ब्रांड स्टोर https://store.in.panasonic.com/air-conditioners.html पर उपलब्ध हैं।इन एयर कंडीशनरों को कंपनी के आईओटी सक्षम 'मिराई' प्लेटफॉर्म से नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें स्लीप प्रोफाइल जैसी एक अनूठी सुविधा दी गई है, जो रात के समय कमरे के तापमान को स्वचालित रूप से समायोजित कर उपभोक्ताओं को बेहतर नींद में सहायक बनती है। पैनासोनिक एयर कंडीशनर ग्रुप के बिजनेस हेड श्री अभिषेक वर्मा ने बताया, भारत में एसी की पहुंच अभी मात्र 7-8 प्रतिशत है, लेकिन वर्ष 2023 से 2029 के बीच इस क्षेत्र में लगभग 16.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर की संभावना है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान कंपनी के अउ बिजनेस ने इंडस्ट्री औसत से अधिक, लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और करनाल का इसमें अहम योगदान रहा है। कैलेंडर वर्ष 24 में एसी बाजार हिस्सेदारी में उत्तर भारत का योगदान लगभग 30% है और करनाल हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। स्मार्ट, ऊर्जा-कुशल, इन्वर्टर एसी की मजबूत मांग के कारण, हमें कैलेंडर वर्ष ह्य25 में उत्तर भारत में 40% की वृद्धि होने की उम्मीद है ह्लह्लश्री वर्मा ने आगे कहा, ह्यह्यग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए और उनके जीवन को अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाने के लिए, हमने 61 नए आरएसी मॉडल्स पेश किए हैं। यह इंडस्ट्री में स्मार्ट आरएसी की सबसे बड़ी रेंज में से एक है। ये मॉडल्स स्मार्ट तकनीक से लैस हैं, जिनमें मैटर, मिराई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नैनोई एयर प्यूरीफिकेशन टेक्नोलॉजी जैसी खूबियां हैं। इनमें वन टच सर्विस, 7-इन-1 कन्वर्टिबल, बेहतर एयरफ्लो और इकोटफ आउटडोर यूनिट भी शामिल हैं। 2025 लाइन-अप में, हमने अब मिराई प्लेटफॉर्म द्वारा पावर्ड 3-स्टार इन्वर्टर आरएसी में मैटर तकनीक को जोड़ा है, जिससे ग्राहकों को स्मार्ट होम का बेहतर अनुभव मिलेगा। यह न केवल सुविधा बढ़ाता है, बल्कि ग्राहकों के लिए एसी खरीदने का खर्च भी कम करता है।

सच का पता लगाने के लिए तुम कितनी दूर तक जाओगे? देखें खदान सिर्फ हंगामा ओटीटी पर

चंडीगढ़: भारत के सबसे प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लैटफॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने 19 मार्च 2025 को अपनी ओरिजनल सीरीज खदान को रिलीज किया। इस थ्रिलर की कहानी एक छोटे-से गांव में होने वाले इंवेस्टिगेशन के इर्द-गिर्द घूमती है। इस सीरीज में अली गोनी मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ करणवीर बोहरा, जीनल जोशी और रेबेका आनंद अहम भूमिकाओं में। इस ओरिजनल सीरीज की दिलचस्प कहानी में कुछ बेहद चौंकाने वाले खुलासे होते हैं। इन खुलासों की वजह से ही यह ऐसी रोचक सीरीज बन जाती है जिसमें रहस्य से पर्दा उठने तक यानी आखिर तक दर्शक इसके साथ बने रहना चाहते हैं। कहानी में खदान वाला एक गांव अपने बुरे और भयावह अतीत की वजह से भुतहा हो चुका है। इंस्पेक्टर वीर प्रताप सिंह इस गांव में आता है, ताकि वह आराम से कुछ वक्त बिता सके, लेकिन यहां आकर वह एक रोंगटे खड़े कर देने वाले इंवेस्टिगेशन में लग जाता है। मामला कुछ यूं होता है कि एक परिवार के सभी लोगों की हत्या हो जाती है और सामने होते हैं कई परेशान करने वाले सवाल। क्या कोई रुष्ट आत्मा अपना बदला लेने के लिए आई है? क्या इस गांव को लगा श्राप फिर से जाग्रत हो गया है? इस इंवेस्टिगेशन के बाद जब सैकड़ों लाशें जमीन के नीचे से निकलती हैं तो सवाल खड़े होते हैं कि इन लाशों के पीछे कौन है और इनकी वजह क्या है?

शिविर के पाँचवें दिन हुआ निःशुल्क दंत एवं त्वचा

पानीपत , (कमाल हुसैन)

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पाँचवे दिन "यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर के प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत योगाभ्यास से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी, पानीपत से डॉ. पूजा सिंघल, त्वचा चिकित्सक डॉ. संचित गोयल एवं अल्ट्रा साइक्लिस्ट महेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में पहुँचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुचने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया व एनएसएस समन्वयक प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा को सफलतापूर्वक चल रहे शिविर के लिए बधाई दी और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। वहीं, इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी, पानीपत से पहुंची डॉ. पूजा सिंघल ने विद्यार्थियों के साथ एनीमिया जैसे गंभीर रोग पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया। उन्होंने एनीमिया के कारण, लक्षण और इससे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. सिंघल ने बताया कि बेमौसमी खाद्य पदार्थों का सेवन और पैक्ड फूड व फास्ट फूड से परहेज करना एनीमिया से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि हमे रागी, बाजरा जैसे मोटे अनाजों का सेवन बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। शिविर के सांयकालीन सत्र में द स्किन एंड टीथ क्लिनिक के चिकित्सक डॉ. संचित गोयल द्वारा निःशुल्क त्वचा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

संशोधंन उपरांत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन) **पंचायती राज संस्थाओं** की मतदाता सूचियों में संशोधंन उपरांत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल से वार्ड वाईज ड्राफ्ट्ट मतदाता सूची का पब्लिकेशन होगा। 18 अप्रैल को दावे और आपत्तियां जिला निर्वाचन अधिकारी के समकक्ष दी जा सकेगी। 22 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी इन दावे और आपत्तियों को निरस्त कर सकेगा। 25 अप्रैल तक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उक्त फैसले के विरूद्ध अपील की जा सकेगी। यह अपील उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 6 मई तक निरस्त की जा सकेगी। 13 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के समालखा खण्ड के चुलकाना के लिए पंच (महिला), जौरासी सर्फ खास के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), सिम्बलगढ़ के लिए पंच (पिछड़ा वर्ग–ए, महिलाओं के अलावा अन्य), वजीरपुर टिटाना के लिए पंच (महिला) के पद रिक्त हुए हैं। इसी प्रकार सनौली खुर्द खण्ड के झाम्बा के लिए पंच के लिए (महिला), खरड़ के लिए पंच (महिला), धनशौली के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), छाजपुर खुर्द के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य) के पद रिक्त हुए हैं। इसी प्रकार बापौली खण्ड के पसीना कलां के लिए पंच (अनुसूचित जाति, महिलाओं के अलावा अन्य), जलमाना के लिए पंच (अनुसूचित जाति महिला) के पद रिक्त हुए हैं।

नितिन ने गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन)

आई.बी. महाविद्यालय के छात्र नितिन ने डॉ. सुनीता ढांडा के निर्देशन में इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय, कैथल में आयोजित राष्ट्र स्तरीय गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । कॉलेज परिसर में प्रबंधन समिति के सदस्य एल.एन. मिगलानी ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके भविष्य की कामना की । प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है बल्कि संपूर्ण विकास के लिए विद्यार्थियों को सभी प्रकार की प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए । प्रतिस्पर्धा मनुष्य को आगे बढ़ाने और उसे कुछ अलग करने का लक्ष्य प्राप्त करने एवं स्वयं का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है।

गिफ्ट रैपिंग न केवल सौंदर्य के लिए होती है, बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और सम्मान का प्रतीक भी होती है । गिफ्ट रैपिंग जैसी गतिविधि में उपहार को सुंदर और आकर्षक बनाया जाता है ताकि वह व्यक्ति जिसे उपहार दिया जा रहा है, उसे विशेष महसूस हो । यह किसी अवसर या उत्सव की खुशी को ओर अधिक बढ़ाने का एक तरीका है।

गीता इंस्टीट्यूट इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ कार्यशाला ने एल.एल.बी छात्रों को

समालखा (कुलदीप सिंह)

गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, के इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सेल द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य एल.एल.बी. छात्रों को आवश्यक साक्षात्कार तकनीकों से सुसज्जित करना था। इस सत्र का नेतृत्व कॉलेज की डायरेक्टर ट्रेनिंग डॉ. प्रेरणा डावर ने किया, जिन्होंने सफलतापूर्वक नौकरी साक्षात्कार को क्रैक करने और पेशेवर दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के महत्वपूर्ण तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. प्रेरणा अपने व्याख्यान में साक्षात्कार प्रक्रिया के "क्या करें

और क्या न करें" पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने संचार कौशल, शारीरिक भाषा और प्रभावी आत्म-प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने छात्रों को आम गलतियों से बचने और अच्छी तैयारी करने की सलाह दी, जिससे वे भविष्य में अपने करियर में सफलता प्राप्त कर सकें। इस कार्यशाला में एल.एल.बी. छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दी

गेहूं उठान में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू हो जाएगा। इसलिए रबी सीजन की फसलों की खरीद को लेकर जिला की अनाज मंडियों में समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं। अनाज मंडियों से फसलों के उठान में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर ट्रांसपोर्ट 3 घंटे के भीतर निर्धारित समय के अनुसार गाड़ी उपलब्ध नहीं कराएगा तो उसे पैनल्टी लगाई जाए। इस कार्य को सभी खरीद एजेंसियों के सुपरवाइजर ईमानदारी से करें।

महेश को प्रशासन ने दी मंगल कामनाएं

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

साईकिल यात्रा करके अंगदान और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकले महेश कुमार की अम्र ज्यादा नहीं है वे बीसीए स्नातक हैं व उनके पिता जी वायु सेना में सेवाएं प्रदान कर सेवानिवृत हो चुके हैं। करीब 14 देशों में अंग दान करने व सामाजिक मुददों को संदेश पहुंचाने को लेकर निकले महेश रेवाड़ी से साईकिल पर हौंसले के साथ निकले है। मन में विश्वास , दृढ निश्चय के साथ मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया से जिला सचिवालय में शिष्टद्वाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया व अपने

मिशन की जानकारी दी। उपायुक्त व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके मिशन को सराहनीय बताया व उन्हें यात्रा की शुभकमानाएं देते हुए उनकी यात्रामंगलमय हो कि कामना की। जिला परिषद सीईओ डॉ.किरण ने जिला सचिवालय से उन्हें शुभकामनाएं देकर रवाना किया। महेश ने बताया कि वे नेपाल, भुटान, वेतनाम, थाईलेंड, मलेशिया, सिंगापुर, इण्डोनेशिया, फिलिपिंस और चीन जैसे देशों से होते हुए हॉग-कॉग तक साईकिल पर जाएंगे। उनकी यह पहल न केवल शारिरिक साहस का प्रतीक है बल्कि एक गहरा सामाजिक संदेश भी समाज को दे रही है।

उन्होंने बताया कि अंगदान जैसे महत्वपूर्ण मुद्द्दे पर जागरूकता फैलाना उनके मिशन का हिस्सा है। यात्रा जनवरी में प्रारम्भ की ह व 1 हजार किलो मीटर का रास्ता तय करके सोमवार को यात्री पानीपत पहुंची। उन्होंने बताया कि वे रेवाड़ी से कश्मीर, कन्याकुमारी चार हजार किलोमीटर सोलो साईक्लिंग कर चुके हैं। इंडिया गेट से मुम्बई तक भी यात्रा उन्होंने 1500 किलोमीटर यात्रा 37 दिन में पूरी की। उन्होंने बताया कि वे बीसीए से ग्रेजुएट व उनके घर में उनके पिता-माता, एक भाई, एक बहन है।

महिला की हत्या करने का आरोपी 72 घंटे के दौरान गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन)

चौटाला रोड स्थित जोगिंद्र कॉलोनी में 21 मार्च की देर शाम महिला की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राहुल निवासी दयाल चौराहा गौंडा यूपी हाल जोगिंद्र कॉलोनी के रूप में हुई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवर्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने हत्या की उक्त वारदात की सूचना मिलते ही सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम को आरोपी की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी थी। पुलिस टीम आरोपी की धरपकड़ में जुटी थी। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सोमवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी राहुल को सेक्टर 29 में सज्जन चौक के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने की हत्या की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया
वह और महिला जोगिंद्र कॉलोनी में एक ही बिल्डिंग में अलग अलग किराये पर रहते थे। महिला के साथ उसका काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला व उसकी मां ने उसे होली के बाद शादी करने का आश्वासन दिया था।

ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी और ग्रेड 1 व 2 के छात्रों के लिए भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर मनोज चौधरी इनकम टैक्स विभाग ने चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरूआत प्री-नर्सरी के बच्चों की "स्कूल नही जाना" प्रस्तुति से हुई, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद नर्सरी कक्षा के बच्चों ने "वी विल रॉक" गीत पर शानदार नृत्य कर उत्साह से भरपूर माहौल बनाया। प्री-प्राइमरी (केजी-3) के नन्हे कलाकारों ने "दी राइजिंग स्टार

" और "थैंकयू " गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ग्रेड 1 के छात्रों ने "अनस्टोपबेल फोर्स " थीम पर स्पोर्ट्स आइटम की प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने अपने आत्मविश्वास और जोश का प्रदर्शन किया। वहीं, ग्रेड 2 के बच्चों ने " बाय डीवाइन स्टार " शीर्षक से एक भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत कर आध्यात्मिकता और संस्कृति का सुंदर समावेश किया। इन सभी प्रस्तुतियों ने अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी विंग के छात्रों को स्नातक उपाधियां (ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट) प्रदान किया, जिससे वे अगली कक्षा में कदम रखने के लिए और अधिक प्रेरित हुए। इसके अतिरिक्त, स्कूल के स्टार स्टूडेंट्स जिन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय
और तृतीय स्थान प्राप्त किया और अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त छात्रों को भी विशेष सम्मान और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर चीफ गेस्ट मनोज चौधरी ने और विद्यालय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दींस्कूल प्रिंसिपल डॉक्टर सुमिता ठाकुर ने इस मौके पर सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हमेशा स्कूल के साथ सहयोग बनाए रखा। समारोह का समापन जोश और उमंग से भरा रहा, जहां बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों और उनकी मासूम मुस्कानों ने सभी के मन में एक यादगार छाप छोड़ी।

मांगों को लेकर एचकेआरएनएल कर्मचारियों ने की हड़ताल

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले एचकेआरएनएल के कर्मचारियों ने हड़ताल करते हुए महाप्रबंधक अंबाला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड को एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना था कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा ऑर्डिनेंस नंबर -1 ऑफ हरियाणा कॉन्टेंक्क्यूल इम्पलोइज (सिक्योरिटी ऑफ सर्विस) ऑर्डिनेंस 2024 14 अगस्त 2024 को लागू हुआ था। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि

अंबाला बैंक में 3-4 बैठकें होने के बाद भी अब तक एक्ट पास नहीं किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि गत दिवस भी उन्होंने महाप्रबंधक से इस बारे में बात की थी लेकिन कोई हल नहीं निकला। जिसके रोषस्वरूप आज से एचकेआरएनएल के 80 से ज्यादा कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दिया।

ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये: अजीत यादव

जहांगीरपुरी आई व जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के द्वारा हो रहा है श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का जहांगीरपुरी जे ब्लॉक गुरूदारे के सामने वाले पार्क में आयोजन किया जा रहा है। आपको बातदें कि इस कथा का आयोजन जहांगीरपुरी आई व जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को कथा में भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने शिरकत की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर के साथ अनिल कुमार, नवीन कुमार, दिनेश मिश्रा के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कथा व्यास प्रमोद कृष्ण भारद्वाज शास्त्री ने कहा कि सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए। तो वहीं, निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि आज जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री कृष्ण राधा जी का आशीर्वाद लिया एवं श्री कृष्ण राधा जी से सभी क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने कहा कि जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो, वहां पर सभी को समय निकालकर अवश्य ही जाना चाहिए। क्योंकि कथा का श्रवण करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में खुशी आती है।

दिल्ली के विकास पर ध्यान दे रही है दिल्ली सरकार: संजय उटवाल

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि दिल्ली में शासित भाजपा सरकार दिल्ली के विकास पर ध्यान दे रही है। आज दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया गया है, जिसकी लोग काफी सराहना कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना

और सीवेज की सफाई पर भी ध्यान दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से मदद कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है और जनता की समस्याओं को सुन, जनता की समस्याओं का समाधान भी कर रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के कार्यों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां एक ओर शहरों में विकास किया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास ही विकास हुआ है, जिससे देश का किसान वर्ग काफी ज्यादा खुश है।

सरकार विकास न करके केवल जुमलेबाजी कर रही है: यादव

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली सरकार के बजट को भाजपा के झूठ और जुमलों का बजट करार देते हुए कहा कि जिस उम्मीद के साथ दिल्ली ने भाजपा को विजय दिलाई थी उनकी वे उम्मीदें आने वाले 5 साल में पूरी होती नजर नही आती। श्री यादव ने कहा कि विधानसभा में भाजपा की दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1 लाख करोड़ का बजट पेश कर अपनी पीठ थपथपाई है। जबकि हकीकत कुछ और है। हकीकत यह है 1 लाख करोड़ की राशि में से 9950 करोड़ की राशि दिल्ली के करदाताओं की

जेब खाली करके टैक्स के रुप में वसूला जाएगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस बजट को बाबा साहेब के समता, महात्मा गांधी के सर्वोदय और नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांतों पर आधारित बताया है, जबकि सच्चाई यह है कि यह बजट मोदी जी के झूठ और जुमलों के आदर्शों का बजट है। उन्होंने कहा कि जिन विधायकों के द्वारा दिल्ली की कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा। उन विधायकों से इस बजट के लिए भाजपा सरकार ने कोई राय नहीं ली है, जो कि अपने जुमला नजर आता है।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार के समय 2013-14 में कुल बजट का कैपिटल एक्सपेंडिचर 34.3 प्रतिशत था। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी सरकार में यह कुल बजट का 19.85 प्रतिशत था और भाजपा सरकार इसे 28 प्रतिशत करके अपनी पीठ थपथपा रही है। साफ तौर पर चलता है कि जब कांग्रेस की दिल्ली सरकार ने 12 वर्ष पहले दिल्ली का चहुंमुखी विकास किया था उस समय कुल बजट का कैपिटल एक्सपेंडिचर 34.3 प्रतिशत था और मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने दूरदर्शी सोच के साथ काम किया जिनका इरादा विकास था।
आज 12 साल बाद महंगाई बढ़ी है और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने की लागत बढ़ी है। तब भाजपा सरकार 28 प्रतिशत केपिटल एक्पेंडिचर में दिल्ली विकास कैसे कर पाएगी? यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। जो मुख्यमंत्री दिल्ली में विकास की नींव डालने की बात कह रही हैं वह 28 प्रतिशत कैपिटल एक्सपेंडिचर में केवल लीपापोती ही कर पाएंगी।

आप नेता सुरेश शर्मा ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा, सुनीं लोगों की समस्याएं

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा वार्ड-18 जहांगीर पुरी के भलस्वा डेरी, दुर्गा चौक, तिरंगा चौक, भलस्वा और गुर्जर चौक पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त जानकारी आप नेता सुरेश शर्मा ने दी। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

गालिब एकेडमी में सौगात-ए-मोदी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जरिए हजरत निजामुद्दीन स्थित गालिब एकेडमी में 'सौगात-ए-मोदी' किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा चिन्हित किए गए 200 जरूरतमंद लोगों को 'सौगात-ए-मोदी किट' वितरित की गई। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीस अब्बासी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसएम अकरम, सूफी संवाद

अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ असलम, यासिर जिलानी, सौगात-ए-मोदी अभियान दिल्ली के प्रभारी इरफान सलमानी देहलवी, सह प्रभारी इमतियाज अहमद, कमाल बाबर, बबलू मंसूरी, फहीम सैफी, नईम सैफी, फैसल मंसूरी सहित बड़ी संख्या में मोर्चे के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में "सौगात-ए-मोदी" अभियान के जरिए ईद पर 32 लाख जरूरतमंदों तक पहुंचने की योजना बनाई है।

महंगाई पर लगाम के लिए सरकार ने मांगी गेहूं स्टॉक की स्थिति

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: केन्द्र सरकार ने विक्रेताओं से एक अप्रैल से हर शुक्रवार को गेहूं के स्टॉक की स्थिति घोषित करने को कहा है। समग्र खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और अफवाहों पर रोक लगाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारी, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता और प्रसंस्करणकर्ता को 1 अप्रैल 2025 और उसके बाद अगले आदेश तक हर शुक्रवार पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी। इसमें कहा गया है कि सभी संबंधित कानूनी संस्थाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि पोर्टल पर स्टॉक का नियमित और सही तरीके से खुलासा किया जाए।
राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सभी श्रेणियों की संस्थाओं के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रही है। इसके बाद संस्थाओं को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक का खुलासा करना होगा। कोई भी संस्था जो पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, वह खुद को पंजीकृत कर सकती है और हर शुक्रवार को गेहूं के स्टॉक का खुलासा करना शुरू कर सकती है।

दिल्ली दंगे की साजिश से जुड़े आरोपित खालिद की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 16 को

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली दंगे की साजिश से जुड़े आरोपित खालिद सैफी ने कहा है कि इस बात के कोई पुख्ता तथ्य नहीं हैं उसने किसी आतंकी गतिविधि को अंजाम किया है या उसके लिए साजिश रची है। खालिद सैफी की ओर से पेश वकील रेबेका जॉन ने ये दलील दिल्ली हाई कोर्ट में खालिद सैफी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दी। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान रेबेका जॉन ने कहा कि प्रदर्शन स्थल पर आरोपित की उपस्थिति मात्र से यूएपीए लगाना कानून सम्मत नहीं है। जॉन ने कहा कि खालिद सैफी प्रदर्शन स्थल पर इसलिए गया कि उसने समझा की नागरिकता संशोधन कानून गलत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने पिक एंड चूज की नीति अपनाई और व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाने वाले दो सदस्यों को आरोपित तक नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर और गांधी पीस फाउंडेशन पर खालिद सैफी इसलिए गया क्योंकि वहां सभा और सेमिनार हो रहे थे, वो साजिश रचने की जगह नहीं थे। खालिद के खिलाफ यूएपीए के तहत भी मामला दर्ज है। खालिद युनाइटेड अगेंस्ट हेट का संस्थापक है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने जिन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज किया है उनमें उमर खालिद, इशरत जहां, खालिद सैफी, सफूरा जरगर, गुलफिशा फातिमा, नताशा नरवाल, देवांगन कलीता ताहिर हुसैन, आसिफ इकबाल तान्हा, शादाब अहमद, तसलीम अहमद, सलीम मलिक, मोहम्मद सलीम खान, अख्तर खान और शरजील इमाम के नाम शामिल हैं।

निठारी सीरियल हत्या मामला: याचिका पर 03 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट 2006 में नोएडा के निठारी सीरियल हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए सुरेंद्र कोली को बरी करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर तीन अप्रैल को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। इस मामले में एक पीड़िता के पिता, सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 16 अक्टूबर 2023 को

सुरेंद्र कोली को बरी करने का आदेश दिया था। इसके पहले ट्रायल कोर्ट ने 28 सितंबर 2010 को सुरेंद्र कोली को मौत की सजा दी थी। इस मामले में सुनवाई के दौरान एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में मेंशन करते हुए कहा कि इस मामले में दो साल तक बच्चियां गायब होती रहीं और पुलिस ने कई कंकाल बरामद किए थे। वकील ने कहा कि ये एक असाधारण मामला है और इस मामले पर जल्द सुनवाई की जरुरत है। तब कोर्ट ने 03 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया।
इस मामले में सुनवाई के दौरान सुरेंद्र कोली के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में दलील देते हुए कहा था कि उसके खिलाफ साक्ष्य के नाम पर केवल कबूलनामा है जो उसकी पुलिस हिरासत के काफी दिन के बाद दर्ज कया गया था।

बॉयलर्स विधेयक 2024 को ध्वनिमत से किया पारित

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: लोकसभा ने मंगलवार को बॉयलर्स विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया है, जो एक सदी पुराने बॉयलर्स अधिनियम, 1923 की जगह लेगा। इस विधेयक को पहले ही 4 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा से पारित किया जा चुका है। अब इस विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आज ही लोकसभा में बॉयलर्स विधेयक, 2024 पेश किया था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में बॉयलर्स विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक

बॉयलर्स अधिनियम 1923 की जगह लेगा। इस नए विधेयक का उद्देश्य छोटे-मोटे अपराधों को अपराध से मुक्त करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है। इसके साथ ही बॉयलर उद्योग के लिए सुरक्षा मानकों को बढ़ाना और नियमों को सुव्यवस्थित करना है। पीयूष गोयल ने चर्चा के दौरान सदन को बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य सात अपराधों को अपराध से मुक्त करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रावधान भी हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस विधेयक में यह भी प्रावधान है कि बॉयलर की मरम्मत योग्य और सक्षम व्यक्तियों द्वारा की जानी चाहिए। गोयल ने सदन को बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य सात अपराधों को अपराध से मुक्त करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है। वाणिज्य मंत्री ने सदन को बताया कि यह नया विधेयक व्यापार करने में आसानी (ईओडीबी) के लिए एमएसएमई क्षेत्र सहित बॉयलर उपयोगकर्ताओं को लाभान्वित करेगा। इस विधेयक में गैर-अपराधीकरण से संबंधित प्रावधान शामिल किए गए हैं।

योगी सरकार ने पहले की सरकार से तीन गुना अधिक गन्ना मूल्य भुगतान किया

टीम एक्शन इंडिया
सहारनपुर/लखनऊ
योगी सरकार के नेतृत्व में सहारनपुर में आठ वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। किसानों, महिलाओं से लेकर गरीबों तक, हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। योगी सरकार ने सहारनपुर में पहले की सरकार से तीन गुना अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। साथ ही, छह गुना अधिक धान खरीद और दो गुना गेहूं खरीद कर किसानों को पिछले 8 वर्षों में बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाया है। सहारनपुर में योगी सरकार के प्रयासों से पहली बार 306519 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि मिली, वहीं किसान ऋण मोचन योजना से 73570 किसानों को लाभ पहुंचा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार में किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। पीएम किसान सम्मान निधि से 3,06,519 किसानों को पहली बार लाभ मिला। जबकि किसान ऋण मोचन योजना के तहत 73,570 किसानों को राहत मिली है। गन्ना किसानों को 13,193 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। जबकि गेहूं खरीद 38,77,188 क्विंटल और धान खरीद 4,11,851 क्विंटल की गई है। उन्होंने बताया कि गरीबों को घर देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाईं जिससे बड़े पैमाने पर लोगों को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर मिला। सहारनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 7,763 लोगों को घर मिला। जबकि, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से 34,094 लाभार्थियों को लाभ मिला। यही नहीं, पहली बार 1,221 लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ मिला। वहीं, सफाई और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बड़ी संख्या में शौचालय बनाए। इसके अंतर्गत 1,46,291 व्यक्तिगत शौचालय जबकि 902 सामुदायिक शौचालय बने। योगी सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत करने के लिए कई पेंशन योजनाओं को लागू किया। इसके अंतर्गत निराश्रित महिला पेंशन (नवीन स्वीकृति) के अंतर्गत 48,942 महिलाओं को लाभ मिला। जबकि वृद्धावस्था पेंशन (नवीन स्वीकृति) के अंतर्गत 51,787 बुजुर्गों को पेंशन मिली। इसी प्रकार, दिव्यांगजन पेंशन (नवीन स्वीकृति) योजना से 11,044 लोगों को लाभ मिला। महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा जिसके अंतर्गत सामूहिक विवाह योजना में 8,221 जोड़ों की शादी कराई गई। साथ ही, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 54,352 बेटियों को मदद मिली। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 1,29,688 महिलाओं को सहायता दी गई। इसके अलावा, पहली बार निःशुल्क राशन वितरण (गेहूं/चावल) योजना के तहत 1,34,71,033 क्विंटल अनाज वितरित किया गया। युवाओं की टेक्निकल एजुकेशन के तहत भी योगी सरकार ने काफी काम किया। इसके अंतर्गत 66,991 बच्चों को टैबलेट और स्मार्टफोन प्रदान किए गए।

निराश्रित

8 योगी सरकार ने सहारनपुर में पहले की सरकार से तीन गुना अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया है

अवध विवि के 10 छात्र गेट व 3 ने पीएचडी नेट परीक्षा क्वालिफाई किया

सफलता

8 इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के छात्रों ने गेट एवं पीएचडी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की

टीम एक्शन इंडिया
अयोध्याः डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 10 छात्र ग्रेजुएट एप्टीटयूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग परीक्षा व 3 छात्र यूजीसी की पीएचडी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। गेट परीक्षा में आईईटी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 7, भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के 3 छात्र एवं 2 ने पीएचडी नेट परीक्षा क्वालिफाई किया। वहीं जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग का एक छात्र ने भी पीएचडी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व छात्र की मेहनत ने उन्हें सफलता दिलाई है। ये अन्य छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक बनेंगे। गेट-2025 परीक्षा में विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के श्रेयश सक्सेना, ओजस्व गुप्ता, अभिनव मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, आदित्य पटेल, अर्पित यादव और रोहित कुमार ने सफलता प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। दूसरी ओर भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के छात्रों ने गेट एवं पीएचडी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

संक्षिप्त खबरें

आईएनए सोलर बना लखनऊ सुपर जायंट्स का एसोसिएट पार्टनर

नई दिल्ली। भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने आगामी टी-20 सीजन 2025 - 27 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के एसोसिएट पार्टनर बनने की घोषणा की है।

यह साझेदारी भारत में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और देश को नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।
आईएनए सोलर के चेयरमैन श्री मनीष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ यह साझेदारी हमारे माननीय प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट देश के हर कोने तक पहुंचता है, और हम इस माध्यम से अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। आईएनए सोलर के प्रबंध निदेशक श्री विकास जैन ने कहा, हमारा उद्देश्य सौर ऊर्जा को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखते हुए छोटे कस्बों और गांवों तक पहुंचाना है। लखनऊ सुपर जायंट्स जैसे लोकप्रिय क्रिकेट ब्रांड के साथ यह सहयोग हमें व्यापक स्तर पर अक्षय ऊर्जा के संदेश को फैलाने में मदद करेगा। आईएनए सोलर के सोलर पैनल IEC, ALMM और BIS जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रमाणित हैं और इनकी उच्च गुणवत्ता एवं दक्षता के कारण यह देशभर में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। कंपनी वर्तमान में इरए-रटए बोर्ड पर सूचीबद्ध है और भारत की टॉप 10 सोलर पैनल निमार्ता कंपनियों में से एक है। आईएनए सोलर 2025-27 तक 8 गीगावॉट सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग, 3 सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग एवं 54,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष एल्यूमिनियम फ्रेम मैन्युफैक्चरिंग की क्षमता का विस्तार करने जा रहा है। टी-20 क्रिकेट की लोकप्रियता को देखते हुए, आईएनए सोलर और लखनऊ सुपर जायंट्स की यह साझेदारी अक्षय ऊर्जा के प्रचार-प्रसार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। यह सहयोग न केवल ब्रांड साझेदारी का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने और भारत को आत्मनिर्भर ऊर्जा स्त्रोतों की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

मथुरा में 23 साल पहले लगना शुरू हुआ नव वर्ष मेला

लोकेश चौधरी
मथुरा। नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अपनी भारतीय गौरवशाली परम्परा, इतिहास एवं स्वाभिमान का प्रतीक भारतीय नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला समिति, मथुरा गत 23 वर्षों से परम्परागत रूप से विशाल नववर्ष मेला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी यह एक दिवसीय विशाल मेला चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 तदनुसार 30 मार्च की पूर्व संध्या पर चौत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2081 तदनुसार 29 मार्च दिन शनिवार को नववर्ष मेला समिति, मथुरा द्वारा नव आकर्षण, नवसज्जा तथा नवउत्साह के साथ सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज, मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ सम्प्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ठ अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास, उत्तर प्रदेष सरकार होंगी। 2081 तदनुसार 29 मार्च 2025 दिन शनिवार को भूमि पूजन एवं हवन के साथ मध्यान्ह एक बजे से सेठ बीएन पौद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। रंगोली प्रतियोगिता सायं 5 बजे और विभिन्न मंचीय प्रतियोगिताएं सायं 5.30 बजे से होंगी। नववर्ष समारोह रात्रि 8 बजे से दीप प्रज्जवलन से शुरू होगा। इस दिन का विशेष आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत रात्रि 9.15 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें हास्य कवि महेन्द्र अजनबी, पार्थ नवीन, वीर रस कवि मनवीर मधुर, डा. कुमार मनोज, अजय अंजाम, राधाकान्त पाण्डेय, ज्योति त्रिपाठी एवं गीतकार मोनिका दहलवी कविता पाठ करेंगे।

हाथरस में में मिला मथुरा से चोरी हुआ ट्रेक्टर ट्राला

मथुरा। थाना कोतवाली ने ट्रोला सहित चोरी गए ट्रेक्टर को बरामद किया है। ट्रेक्टर ट्रोला चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देवपाल सिंह पुण्डीर ने बताया कि मंगलवार को दो शातिर चोर लवकुश उर्फ लोकेश पुत्र राकेश निवासी राजपुरम कालौनी टाउनशिप थाना रिफाइनरी जिला मथुरा व सुनील उर्फ मल्ल पुत्र जागन सिंह निवासी गांव रामपुर नगला चटोल थाना सिकन्दराराऊ हाथरस को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक ट्रेक्टर मय ट्रोला के करीब 04.15 बजे क्षेत्रान्तर्गत थाना सिकन्दराराऊ जिला हाथरस से गिरफ्तार किया गया।

मथुरा में मादक पदार्थों की बडी खेप पकडी, कीमत तीन करोड़

लोकेश चौधरी
मथुरा। मादक पदार्थों की बडी खेप मथुरा में पकडी गई है। पकडे गये मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब तीन करोड रुपए हैं। पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एएनटीएफ आगरा की टीम ने मथुरा पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही की। संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक सक्रिय गिरोह के तस्कर मौ. गयास अंसारी पुत्र मरहूम मौ. खलील अंसारी निवासी नरेला दिल्ली, मूल निवासी ग्राम व पोस्ट दौतलपुर थाना जमुई जिला जमुई बिहार उम्र करीब 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से टीम ने एक

किलो 62 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन एवं 469 ग्राम स्मैक (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब तीन करोड रुपये) व एक मोबाइल फोन बरामद किये हैं। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एसआई विक्रांत तोमर (चौकी प्रभारी कृष्णानगर) द्वारा पुलिस बल व एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। 24 मार्च की रात्रि को करीब 21.35 बजे मालगोदाम के पास बनी मजार का चबूतरा थाना कोतवाली मथुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध धारा 8, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। खबर लिखे जाने तक अग्रीम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़ी गई एक किलो 62 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब दो करोड रुपए तथा 469 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब एक करोड रुपये है। एक एन्ड्रोइड मोबाइल व 1755 रुपये नगदी तस्कर के पास से मिली ही। कार्यवाही करने वाली टीम में निरीक्षक एएनटीएफ हरवेन्द्र मिश्रा एएनटीएफ यूनिट आगरा जोन आगरा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देवपाल पुण्डीर, एसआई गौरव शर्मा एएनटीएफ यूनिट आगरा जोन आगरा, उपनिरीक्षक विक्रान्त तोमर चौकी प्रभारी कृष्णानगर थाना कोतवाली मथुरा आदि थे। साल 2025 में ही जीआरपी ने चेकिंग के दौरान दो तस्करों को 28.410

कार्यवाही

8 मंगलवार को एएनटीएफ आगरा की टीम ने मथुरा पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही की

भाजपा का 21 दिन चलेगा सरकार में आठ साल पूरे होने का उत्सव

टीम एक्शन इंडिया
मथुराः उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ साल पूरे होने पर भाजपा बड़े स्तर पर उत्सव मनाने जा रही है। उसी क्रम में पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। कार्यक्रमों की यह श्रृंखला 25 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगी। हर मंडल में लगेंगे लाभार्थी मेले सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए लाभार्थी मेले आयोजित किए जाएंगे। 28 से 30 मार्च तक घर

घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 200 वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को एक शक्ति केंद्र या तीन गांव की जिम्मेदारी दी जाएगी। युवा मोर्चा बाइक रैली निकालकर प्रमुख परियोजनाओं का दौरा करेगा। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन और महिला मोर्चा का अभियान जिला स्तर पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन होगा, जिसमें बुद्धिजीवी और समाजसेवी भाग लेंगे।

भगवान रंगनाथ के मेले में रही अव्यवस्था

मथुरा। वृंदावन नगर में चल रहे दस दिवसीय भगवान रंगनाथ जी के मेले में अव्यवस्था हावी हैं। सोमवार की रात को मेला में विवाद ने बड़ा रूप ले लिया और दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कुर्सियाँ तक फेंकी जाने लगीं और मेले में भगदड़ मच गई। मेला ठीक वृंदावन थाना के सामने ही आयोजित किया गया है। लोग यह देखकर हैरान थे कि उपद्रवी खुलेआम हंगामा कर रहे हैं, लेकिन पुलिस नजर नहीं आ रही। आम श्रद्धालु भयभीत होकर इधर उधर भागते नजर आए, लेकिन हुड़दंगियों को रोकने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पाया।

ईंट भट्टों पर जा रही तूरी, सड़क पर मौत बन कर दौड़ रहे ट्रैक्टर

लोकेश चौधरी
मथुरा। अब तूरी से ईंट पकाई जा रही हैं। ये ईंट लाल हो जाती हैं लेकिन उतनी बजूबत नहीं होती है। इन भट्टों परं टीटीजेड क्षेत्र में उगाई जाने वाली सरसों की तूरी को ट्रेक्टर ट्राली से ढोकर लाया जाता है। नौहझील मथुरा मार्ग पर तूरी से लदे ओवरलोड टैक्टर इस मार्ग पर आफत बन गये है टैक्टर के पीछे लगी ट्राली को इस तरीके से लोड किया जाता है कि ट्राली के चारों तरफ चार पांच फुट वाहर की तरफ निकला होता है जिससे आगे पीछे से आने वाले वाहनों को साइड तक दिखाई नही देती आये दिन यह तूरी से लदे टैक्टर ट्राली बीच बीच सड़क पर पलट जाते है जिससे मार्ग भी कई कई धन्टो अवरुद्ध रहता है इसके अलाबा ईंट, बालू व मिट्टी लेकर दौड़ रहे ट्रैक्टर हादसों का पर्याय बने हुए हैं इनकी चपेट में आने से आए दिन लोगों की जान जा रही है लेकिन जिम्मेदार इस ओर से आंखे मूंदे हुए हैं। नौहझील से लेकर मथुरा तक सड़कों पर बालू, मिट्टी, ईट व तूरी लदे ट्रैक्टरों को बेलगाम दौड़ते देखा जा सकता है जो क्षमता से कहीं अधिक तूरी ईंट, बालू आदि सामान भरकर दौड़ रहे हैं। ट्रैक्टर चालक आगे पीछे आ जा रहे वाहनों की परवाह किए बिना कहीं भी ओवरटेक व मोड़ देते हैं। इससे पीछे चलने वाहन टकरा कर हादसे के शिकार हो जाते हैं। तमाम चालकों ने ट्रैक्टर में स्पीकर व स्टीरियो लगवा रखे हैं। उन्हें तेज आवाज में बजाकर चलते हैं। इससे न तो हार्न सुनाई देता है और न ही किसी की आवाज सुनते हैं और अपनी धुन में तेज रफ्तार से चलते रहते हैं।
ओवरलोड होने से ट्रैक्टरों को आपात स्थिति में रोकना मुश्किल हो जाता है। ट्रैक्टर चला रहे तमाम चालक न केवल नौ सीखिए बल्कि अधिकांश के पास ड्राइबिंग लाइसेंस तक नहीं है और व नियम कानूनों को दरकिनार कर ओवरलोड ट्रैक्टरों को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। इन ट्रैक्टरों से आए दिन सड़कों पर हादसे हो रहे हैं

ओवरलोड

8 अब तूरी से ईंट पकाई जा रही हैं। ये ईंट लाल हो जाती हैं लेकिन उतनी मजूबत नहीं होती है

ब्राह्मणों पर अत्याचार के विरोध में पुतला दहन

टीम एक्शन इंडिया
मथुराः वृन्दावन में हरिओम बाबा के खिलाफ आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को परिक्रमा मार्ग स्थित गोपाल खार के समीप सैकड़ों ब्राह्मणों और संतों ने एकजुट होकर हरिओम बाबा का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। इस दौरान बाबा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उनके कृत्यों की घोर निंदा की गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि हरिओम बाबा ने न केवल ब्राह्मणों का अपमान किया, बल्कि उनके साथ क्रूरता की सभी हदें पार करते हुए मारपीट और गोलीबारी तक करवाई। इस अमानवीय कृत्य से न केवल

ब्राह्मण समाज बल्कि संतो और धमार्चार्यों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के बाद धार्मिक जगत के संतों और महंतों ने इसे सनातन संस्कृति पर हमला करार दिया है। संतों का कहना है कि हरिओम बाबा जैसे लोग धर्म के नाम पर आस्था को ठेस पहुंचा रहे हैं और समाज में अशांति फैला रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान संतों ने प्रशासन से मांग की कि हरिओम बाबा के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो। ब्राह्मण समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। संतों और ब्राह्मण संगठनों ने स्पष्ट किया कि वे न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखेंगे और हरिओम बाबा को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अब देखना होगा कि हरिओम बाबा के खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई होती है और संत समाज का गुस्सा कब शांत होता है। इस मौके महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज, आचार्य बद्रीश आदि मौजूद रहे।

भगवान रंगनाथ के मेला में आतिषबाजी से जगमग हुंआ आसमान

टीम एक्शन इंडिया
मथुराः उत्तर भारत में दक्षिण भारतीय शैली के वृंदावन स्थित विशालतम रंगनाथ मंदिर में चल रहे ब्रह्मोत्सव के अष्टम दिवस भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया। स्वणार्भूषण से अलंकृत स्वर्ण निर्मित घोड़े पर विराजमान भगवान रंगनाथ की अलौकिक छवि के दर्शन कर भक्त आल्हादित हो गए। चौत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर देर शाम भगवान रंगनाथ की सवारी स्वर्ण निर्मित घोड़े पर विराजमान होकर निकली। बेशकीमती आभूषण पहने भगवान रंगनाथ के एक हाथ में चांदी से बना भाला सुशोभित था तो दूसरे हाथ में घोड़े की लगाम, पीठ पर ढाल,कमर में

कसी मूठदार तलवार और रत्न जड़ित जूतियां पहने भगवान की छवि नयनाभिराम थी। स्वर्ण निर्मित घोड़े पर विराजमान भगवान की सवारी मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए बड़ा बगीचा पहुंची। जहां मुख्य द्वार पर सवारी के पहुंचते ही आतिशबाजी का रोमांचकारी प्रदर्शन किया गया। आतिशबाज अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे थे।
करीब एक घंटे तक चली आतिशबाजी में एक से बढ़कर एक पटाखों की रोशनी से लोग आनंदित हो उठे। आतिशबाजी में सबसे ज्यादा आकर्षक

किला,हनुमान जी, मोर, श्री,राधे राधे, गज ग्राह युद्ध लीला की आतिशबाजी थी। आतिशबाजी खत्म होने के बाद भगवान रंगनाथ की सवारी पुनः मंदिर पहुंची। जहां पश्चिम द्वार पर पहुंचने पर परकाल स्वामी भील लीला का आयोजन किया गया। यहां हजारों भक्तों की मौजूदगी में परकाल स्वामी ने भगवान को लूटा। भगवान को लूटने के दौरान अंत में परकाल स्वामी को भगवान ने अपने दिव्य स्वरूप में दर्शन दिए। भगवान के दिव्य स्वरूप में दर्शन कर परकाल स्वामी उनसे क्षमा मांगने लगे और शरणागत हो गए।

खाटू श्याम के दर्शन करने गए दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

थाना फरह क्षेत्र के नगला छीतर निवासी दोस्त अपनी बाइक पर सवार होकर खाटू श्याम के दर्शन करने निकले थे

टीम एक्शन इंडिया
मथुराः दोस्तों के साथ बाइक पर सवार होकर खाटू श्याम के दर्शन वापिस आ रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा राजस्थान के दोसा में हुआ,दो दोस्तों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना फरह क्षेत्र के नगला छीतर निवासी दोस्त अपनी बाइक पर सवार होकर खाटू श्याम के रविवार की शाम दर्शन करने निकले थे। सोमवार वापिस आते समय दौसा जिले के गांव जटवार के पास खड़े केंटर से टकरा गई बाइक टकराने से फरह क्षेत्र के नगला छीतर निवासी बंटी पुत्र पप्पू और उसका मित्र नवीन पुत्र अमर सिंह की मौके पर मौत हो गई मौके पर पहुंचे स्थानीय पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया उनकी जेब में रखे कागजों के आधार पर शिनाख्त हुई और ओर स्थानीय पुलिस ने उनके गांव में सूचना दी, सूचना मिलते ही गांव में कोहरा मच गया बताया गया है कि बंटी की दो साल पूर्व शादी हुई थी और उस पर दो साल की एक बेटी भी है।

फास्ट न्यूज

अक्टूबर से शुरू हो जाएगा केदारनाथ रोपवे का निर्माण कार्य

टीम एक्शन इंडिया
रुद्रप्रयाग। इस वर्ष अक्टूबर से केदारनाथ रोपवे का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। रोपवे निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब इसके बाद डिजायन सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। 13 किमी लंबे रोपवे का कार्य दो चरणों में किया जाएगा, जिसमें पहले चरण में गौरीकुंड से केदारनाथ तक 9.7 किमी निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल केदारनाथ रोपवे निर्माण को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद अन्य कार्रवाई भी तेज हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं केदारनाथ पहुंचकर 21 अक्टूबर 2022 को इस रोपवे का शिलान्यास किया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के बनने से केदारनाथ यात्रा सरल व सुलभ हो जाएगी। रोपवे बनने से गौरीकुंड से केदारनाथ की दूरी सिर्फ 30 मिनट में पूरी हो जाएगी। रोपवे बनने से शुरूआती समय में एक घंटे में 1800 यात्री गौरीकुंड से केदारनाथ पहुंच सकेंगे। बाद में रोपवे से प्रति घंटा 3500 यात्री केदारनाथ पहुंच सकेंगे। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 13 किमी लंबे सोनप्रयाग-केदारनाथ रोपवे निर्माण की जिम्मेदारी नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड) को सौंपी है। कार्यदायी संस्था बीते दो वर्ष से एजेंसियों के माध्यम से प्रशासन व वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से रोपवे निर्माण के लिए सोनप्रयाग से केदारनाथ तक कई चरणों में हवाई व भूमिगत सर्वेक्षण के साथ अन्य सभी औपचारिकताएं पूरी कर चुकी है।

हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है यूपी: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया
गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को 2017 के पहले तक बीमारू और देश के विकास में बैरियर माना जाता था, वही प्रदेश आठ साल की विकास यात्रा में देश मे हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। 2017 के पहले जहां उत्तर प्रदेश को देश का फिसड्डी राज्य समझा जाता था, वहीं 2017 के बाद यह प्रदेश केंद्र सरकार की 45 से अधिक योजनाओं में या तो नम्बर एक है या फिर अग्रणी भूमिका में है। सीएम योगी मंगलवार को अपने नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के आठ साल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय (25 से 27 मार्च) उत्कर्ष के आठ वर्ष विकास उत्सव का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अब यूपी में खुद को सुरक्षित करता है हर व्यक्ति: सीएम

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर गोरखपुर में सीएम योगी ने की मीडियाकर्मियों से बातचीत

बेहतर माहौल

- प्रदेश में आई परिवर्तन की प्रक्रिया 2017 में जनता के सामने लिए गए संकल्प का हिस्सा: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया
गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने सुरक्षा का बेहतर माहौल दिया तो उसका परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश में हरेक व्यक्ति ने अपने आप को सुरक्षित महसूस किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया पैदा किया जबकि आज सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज दिया है, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। नए रोजगार के सृजन किए हैं। एमएसएमई को पुनर्जीवित किया है। इन सबसे उत्तर प्रदेश में निवेश का नया युग आया है। सीएम योगी सेवा, सुरक्षा और सुशासन की आठ वर्ष की प्रदेश सरकार की यात्रा के उपलक्ष्य में गोरखपुर में एक विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की जो प्रक्रिया प्रारंभ हुई यह हमारे संकल्प का हिस्सा था। उस संकल्प के तहत हम लोगों ने, भाजपा ने 2017 में जनता जनार्दन के सामने वादा किया था कि सबको सुरक्षा देंगे, सबको सम्मान देंगे। योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर गांव, हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर जरूरतमंद को उपलब्ध करवाएंगे। सरकार ने इन सभी वादों को पूरा किया है। बिना भेदभाव सबको विकास और जनकल्याण के कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। सबको सुरक्षा दी है, सबको सम्मान दिया है। सीएम योगी ने कहा कि आज सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बिछा है। देश के अंदर सर्वाधिक एक्सप्रेसवे के रूप में आज उत्तर प्रदेश नंबर एक पर चल रहा है। हाईवे का एक बेहतरीन संजाल उत्तर प्रदेश के अंदर इस दौरान बिछा है। इंटरस्टेट कनेक्टिविटी हमारी बेहतर हुई है। चाहे नेपाल हो या बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा दिल्ली, इन सभी की कनेक्टिविटी को मजबूत किया गया है।

गोरखपुर ही नहीं, हर जगह दिखेगी परिवर्तन की कहानी

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर की विकास यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में गोरखपुर के विकास यात्रा को डबल इंजन सरकार ने कई गुना आगे बढ़ाया है। 2017 के पहले का गोरखपुर और 2017 के बाद का गोरखपुर सबके सामने है। यह कहानी केवल गोरखपुर की नहीं है। जो परिवर्तन आपको गोरखपुर में देखने को मिल रहा है यही अयोध्या, लखनऊ, काशी, मिजार्पुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, झांसी, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, बरेली मुरादाबाद यानी हर एक जगह यही परिवर्तन देखने को मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर जैसे शहर देश के सबसे गंदे और अव्यवस्थित शहर माने जाते थे। आज यूपी की 17 सिटी, स्मार्ट सिटी हुई हैं। जन सुविधाओं को बेहतरीन करते हुए इनकी पहचान स्वच्छ और सेफ सिटी की बनी है। शहरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और अब जिला मुख्यालय से जुड़े जितने अन्य नगर निकाय हैं, उन सबको भी उससे जोड़ने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है।

नए उत्तर प्रदेश का मॉडल बन रहा है गोरखपुर
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में गोरखपुर एक मॉडल बन रहा है। गोरखपुर की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। गोरखपुर में बिना कटे बिजली सबको मिलती है, कोई भेदभाव नहीं होता है। एक लाख से अधिक गरीबों को अकेले गोरखपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। वनटांगिया गांव को राजस्व ग्रामों की मान्यता मिली है।

सरकार ने तीन गुना अधिक किया गन्ना मूल्य भुगतान

टीम एक्शन इंडिया
सहारनपुर: योगी सरकार के नेतृत्व में सहारनपुर में आठ वर्षों के दौरान अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। किसानों, महिलाओं से लेकर गरीबों तक, हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। योगी सरकार ने सहारनपुर में पहले की सरकार से तीन गुना अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। साथ ही, छह गुना अधिक धान खरीद और दो गुना गेहूं खरीद कर किसानों को पिछले 8 वर्षों में बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाया है। सहारनपुर में योगी सरकार के प्रयासों से पहली बार 306519 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि मिली, वहीं किसान ऋण मोचन योजना से 73570 किसानों को लाभ पहुंचा है।

किसानों के हित में उठाए बड़े कदम
योगी सरकार ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। पीएम किसान सम्मान निधि से 3,06,519 किसानों को पहली बार लाभ मिला। जबकि किसान ऋण मोचन योजना के तहत 73,570 किसानों को राहत मिली है। गन्ना किसानों को 13,193 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। जबकि गेहूं खरीद 38,77,188 क्विंटल और धान खरीद 4,11,851 क्विंटल की गई है।

आवास योजनाओं से बड़े पैमाने पर मिला घर
गरीबों को घर देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाईं जिससे बड़े पैमाने पर लोगों को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर मिला। सहारनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 7,763 लोगों को घर मिला। जबकि, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से 34,094 लाभार्थियों को लाभ मिला। यही नहीं, पहली बार आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ मिला।

पेंशन योजनाओं का समाज के कमजोर वर्गों को मिला लाभ

योगी सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत करने के लिए कई पेंशन योजनाओं को लागू किया। इसके अंतर्गत निराश्रित महिला पेंशन (नवीन स्वीकृति) के अंतर्गत 48,942 महिलाओं को लाभ मिला। जबकि वृद्धावस्था पेंशन (नवीन स्वीकृति) के अंतर्गत 51,787 बुजुर्गों को पेंशन मिली। इसी प्रकार, दिव्यांगजन पेंशन (नवीन स्वीकृति) योजना से 11,044 लोगों को लाभ मिला।
विवाह, मातृ और शिक्षा योजनाओं का लाभ: महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा जिसके अंतर्गत सामूहिक विवाह योजना में 8,221 जोड़ों की शादी कराई गई। साथ ही, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 54,352 बेटियों को मदद मिली।

मप्र में दिखने लगे गर्मी के तेवर, रतलाम-नर्मदापुरम सबसे गर्म

टीम एक्शन इंडिया
भोपाल। मध्य प्रदेश में अप्रैल से पहले ही झुलसाने वाली गर्मी की शुरूआत हो गई है। कई जिलों में दिन का तापमान बढ़ने से लोगों की हालत खराब है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 40 डिग्री के पार तापमान जा सकता है। पिछले 2 दिन से अधिकतम तापमान 39 डिग्री के पार है। रतलाम में सोमवार को लगातार दूसरे दिन पारा 39 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में भी गर्मी के तेवर काफी तीखे रहे। मौसम विभाग ने 27 से 31 मार्च के बीच लू चलने की संभावना भी जताई है।

कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए: राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया
देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि बाल कल्याण परिषद को बच्चों के कल्याण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक की भूमिका निभानी होगी। राज्यपाल ने आज की आवश्यकता के अनुरूप नई योजनाओं को शामिल करने पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने संसाधनों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। इसके अभाव में कोई भी बच्चा अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण से वंचित नहीं रहना चाहिए।

मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल की अध्यक्षता में राज्य बाल कल्याण परिषद उत्तराखंड की 16वीं आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने बाल कल्याण परिषद को आज की आवश्यकता के अनुरूप नई योजनाओं को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि परिषद को अपने वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ना होगा। राज्यपाल ने परिषद को आर्थिक स्तर पर मजबूत बनाए जाने और आधुनिक तकनीक के प्रयोग के साथ नई योजनाओं को शामिल किए के लिए सचिव रविनाथ रामन और चंद्रेश कुमार यादव को बैठक कर शीघ्र रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य बाल कल्याण परिषद को आर्थिक रूप से मजबूत करने, नई योजनाओं को शामिल करने और परिषद के उद्देश्यों की सही मायने में पूर्ति करने के लिए अभिनव कार्ययोजना तैयार किए जाने की नितांत आवश्यकता है।

बुनियादी ढांचा

- नई योजनाओं को शामिल करने पर जोर देते हुए कहा कि संसाधनों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उनके जन्मदिन पर मंगलवार को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंटकर मंगलमय शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वस्थ, सुदीर्घ और सफल जीवन की कामना की।

चारधाम यात्रा के लिए तैयारियां तेज

टीम एक्शन इंडिया
देहरादून। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दस दिन पहले यानी 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। सरकार चारधाम यात्रा के लिए हर स्तर पर तैयारी में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुखवा और हर्षिल आने के बाद से यात्रा को लेकर जबरदस्त माहौल बना हुआ है। यात्रा को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु के पंजीकरण करा रहे हैं। ऐसे में सरकार भीड़ प्रबंधन को भी ध्यान में रखते हुए तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार चारधाम यात्रा की तैयारी में जुटी हुई है। उत्तराखंड की यात्रा

व्यवस्था ने देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित किया है और उनका भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा का भरपूर प्रमोशन किया है। हम यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए संकल्पबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल मुखवा और पर्यटन स्थल हर्षिल के दौरे से यात्रा के लिए जबरदस्त माहौल तैयार हुआ है।
प्रधानमंत्री छह मार्च को उत्तराखंड आए थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब चारधाम यात्रा शुरू होने से कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री का उत्तराखंड आना हुआ।

तैयारी

- 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। सरकार चारधाम यात्रा के लिए हर स्तर पर तैयारी में जुटी हुई है

दो अवैध मदरसों को किया सील

हरिद्वार। प्रदेश में अवैध मदरसे व अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी है। मंगलवार को भगवानपुर एसडीएम के नेतृत्व में दो मदरसे सील किए गए। पिछले कई दिन से भगवानपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मदरसों पर कार्रवाई जारी है। मंगलवार को भी भगवानपुर एसडीएम जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की टीम ने दो अवैध मदरसे सील कर दिए। भगवानपुर एसडीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र में अवेध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

सख्ती यदि राहुल गांधी 14 अप्रैल को न्यायालय में पेश नहीं होते है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी

अतिसंवेदनशील श्रेणी: संभल को 11 जोन और 28 सेक्टर में बांटा

टीम एक्शन इंडिया
संभल: अतिसंवेदनशील श्रेणी में शामिल संभल शहर को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने 11 जोन और 28 सेक्टर में बांटा है। इसके अलावा 1800 लोग पाबंद कराए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस-प्रशासन की ओर से लगातार एहतियाती तौर पर की जा रही है। 24 नवंबर को हुए बवाल के बाद चेते पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने निगरानी बढ़ाई है। डीएम ने बताया कि शहर में पूरी तरह शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस-प्रशासन की ओर से लगातार एहतियाती तौर पर सुरक्षा व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके चलते ही

1800 लोग पाबंद किए जा चुके हैं। पुलिस-प्रशासन की ओर से लगातार फ्लैगमार्च भी किया जा रहा है। निगरानी भी पूरी कराई जा रही है। वहीं दूसरी ओर सोमवार की शाम फ्लैगमार्चकरने के लिए पहुंचे एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर पुलिस की निगरानी है। व्हाट्सएप ग्रुप भी निगरानी के दायरे में लिए गए हैं। यदि किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। लगातार लोगों से संवाद कर आग्रह किया जा रहा है कि शांति कायम रखें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई अफवाह फैलाता है तो पुलिस को सूचना दें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र, सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार, संभल सीओ अनुज चौधरी, असमोली सीओ कुलदीप कुमार व थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक
त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने को डीआईजी मुरादाबाद, मुनिराज जी ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक की।